सूर्योदय : 6:25
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-148 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 19 नवम्बर 2024
16 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी



हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## जी 20 शिखर सम्मेलन

# ग्लोबल साउथ के देश सबसे अधिक प्रभावित: पीएम मोदी

- नई दिल्ली के जन-केंद्रित फैसलों को ब्राजील ने आगे बढ़ाया
- वैश्विक शासन की संस्थाओं में करेंगे सुधार



**रियो डि जेनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में सामाजिक समावेशन और भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई पर जी-20 सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सबसे पहले, मैं जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए किए गए भव्य प्रबंधों और जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति लूला को बधाई देना चाहूंगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा- नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए जन-केंद्रित निर्णयों को ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान आगे बढ़ाया गया है। यह बहुत संतोष की बात है कि हमने एसडीजी लक्ष्यों को प्राथमिकता दी... यह स्पष्ट है कि एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य, इस शिखर सम्मेलन में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि पिछले साल था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले 10 सालों में हमने 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। 800 मिलियन से ज्याजा लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न दिया जा रहा है। 550 मिलियन लोग दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। अब 70 साल से ज्यादा उम्र के 60 मिलियन वरिष्ठ नागरिक भी मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकेंगे। भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी योगदान दे रहा है। हमने हाल ही में मलावी, जाम्बिया और जिम्बाब्वे को मानवीय सहायता प्रदान की है। पीएम मोदी ने जो बाइडन से की मुलाकात वहीं पीएम मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान संक्षिप्त बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह उनकी पहली बातचीत थी। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि मोदी और बाइडन के बीच क्या बातचीत हुई।

### भारत ने ब्राजील की पहल का किया समर्थन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन के लिए ब्राजील की पहल का समर्थन करते हैं। यह नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में अपनाए गए खाद्य सुरक्षा के लिए डेक्कन उच्च स्तरीय सिद्धांतों के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि वैश्विक संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के देश सबसे अधिक प्रभावित हैं। इसलिए हमारी चर्चा तभी सफल हो सकती है जब हम ग्लोबल साउथ की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को

# दिल्ली में 12वीं तक के स्कूल बंद, ऑनलाइन होगी पढ़ाई

- सीएम आतिशी ने दिए आदेश
- अगले पांच दिनों तक सावधान रहने की सलाह



**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 494 दर्ज किया, जोकि अति गंभीर श्रेणी में है। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया।

वहीं, रविवार की तुलना में 53 सूचकांक अधिक है। इसी को देखते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कल से कक्षा 12वीं तक के स्कूल बंद करने के आदेश दिए हैं। सभी कक्षाएं ऑनलाइन चलेंगी। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए घने से घना कोहरा छाने की आशंका जताई है। ऐसे में लोगों से सावधानी से वाहन चलाने के लिए आग्रह किया है। विभाग के मुताबिक, सोमवार दिन भर दृश्यता कम होने और घने कोहरे से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उधर, अशोक विहार, बवाना, द्वारका सेक्टर आठ समेत 12 इलाकों में एक्यूआई 500 दर्ज किया गया। पालम एयरपोर्ट पर घना से कोहरा छाया रहा। यहां सुबह साढ़े सात बजे दृश्यता 100-150 मीटर दर्ज की गई। सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 150 मीटर दर्ज की गई। जोकि शाम पांच बजे सफदरजंग में 200 मीटर और पालम में 700 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई।

### दिल्ली सरकार को फटकार

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकने के उपायों को लागू करने की मांग की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा कि राजधानी दिल्ली में ग्रैप-4 लागू करने में इतनी देरी क्यों हुई। मामले की सुनवाई जस्टिस एएस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की।

## न्यूज डायरी

### पकड़ा गया गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई

**कैलिफोर्निया।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल को अमेरिका में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अनमोल बिश्नोई को कैलिफोर्निया में गिरफ्तार किया है। दरअसल, कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने अनमोल के अमेरिका में होने की बात मानी थी, वहीं इस बात की जानकारी होते ही मुंबई पुलिस ने अनमोल विश्नोई के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क किया था, साथ ही प्रत्यर्पण के लिए प्रस्ताव भेजा था।

### भाजपा में कैलाश शामिल

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है।

### एक आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने हाल ही में दक्षिण कश्मीर में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर हमले के आरोपीर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि त्राल के पिंगलिश इलाके में अवंतीपोरा पुलिस, सेना के 42 राष्ट्रीय राइफल्स और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 180 बटालियन ने संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार किया।

# बहराइच में बुलडोजर चलाने का मामला टला

- लखनऊ हाईकोर्ट में 27 नवंबर को होगी सुनवाई
- राज्य सरकार ने रखा अपना पक्ष



**लखनऊ।** बहराइच हिंसा से जुड़े आरोपियों के घरों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के मामले में सरकार ने उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में बताया कि ध्वस्तीकरण की नोटिस वापस ले ली गई है। अदालत ने याचिका दाखिल करने वाली संस्था के अधिवक्ता से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ जन हित याचिका का क्या औचित्य है। याची अधिवक्ता ने बताया कि सरकार ने संप्रदाय विशेष के खिलाफ बदले की भावना से की कार्रवाई जिसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई में याचिका दाखिल करने वाली संस्था का हलफनामा न पाकर मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर नियत की है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स संस्था ने बहराइच मामले से जुड़े आरोपियों के घरों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर जनहित याचिका दाखिल की थी। 20 अक्तूबर, रविवार को मामले की पहली सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से मामले की विस्तृत जानकारी के साथ हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था।

### शौकीन आतिशी सरकार में नए कैबिनेट मंत्री होंगे

**नई दिल्ली।** नांगलोई जाट विधायक रघुविंदर शौकीन आतिशी सरकार में नए कैबिनेट मंत्री होंगे। आप ने सोमवार को यह जानकारी दी। शौकीन बाहरी दिल्ली से जाट नेता हैं। एक दिन पहले ही जाट नेता और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पार्टी छोड़ने के एक दिन बाद सामने आया है। गहलोत के जाने से हुए नुकसान को नियंत्रित करने के लिए आप ने तुरंत कदम उठाते हुए शौकीन को शामिल करने की घोषणा की। गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। शौकीन ने कहा कि आम आदमी पार्टी सभी समाज को साथ लेकर चलती है। बीजेपी ने हमेशा ही जाट समाज के खिलाफ काम किया है। मैं अरविंद केजरीवाल का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे दिल्ली के लोगों की सेवा और विकास करने का मौका दिया है। वहीं आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन का मतलब ही हिंसा, लड़ाई-झगड़े और दंगा है।

# महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर जानलेवा हमला, सिर से बहता दिखा खून

- कार पर फेंके गए पत्थर
- हमले में वाहन का विंडशील्ड क्षतिग्रस्त



**नागपुर।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर जानलेवा हमला हुआ है। देशमुख की कार पर पत्थर फेंके जाने से वे घायल हो गए। देशमुख आज शाम नागपुर के पास अपनी कार से चुनावी बैठक से लौट रहे थे, तभी उनपर पत्थर फेंके गए।

एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के नेता एक चुनावी बैठक से लौट रहे थे, तभी उनकी कार पर हमला हुआ। वे नरखेड़ गांव में एक बैठक समाप्त करने के बाद तिनखेड़ा बिशनूर रोड से कटोल लौट रहे थे, तभी कटोल जलालखेड़ा रोड पर बेलफाटा के पास कुछ लोगों ने उनकी कार पर पत्थर फेंके। कार की आगे की सीट पर बैठे अनिल देशमुख के सिर से खून टपकता हुआ दिखाई दिया। एक वीडियो में उनके सफेद कुर्ते पर खून के धब्बे दिखाई दिए। उनका इलाज नागपुर के एलेक्सिस अस्पताल में चल रहा है। वीडियो और तस्वीरों से पता चला कि हमले में वाहन का विंडशील्ड क्षतिग्रस्त हो गया और एक खिड़की टूट गई। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने बताया कि मामले में जांच शुरू हो गई है। पुलिस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### इंटरनेट प्रतिबंध दो दिनों के लिए बढ़ा

**इंफाल।** पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू लगाए जाने के बीच, मणिपुर सरकार, सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने इन जिलों में राज्य विश्वविद्यालयों समेत संस्थानों, कॉलेजों को मंगलवार तक बंद करने की घोषणा की है। यह निर्णय मणिपुर सरकार के गृह विभाग के परामर्श से लिया गया है। सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश में कहा गया है, कई जिलों में जिला मजिस्ट्रेट की तरफ से लगाए गए कर्फ्यू के मद्देनजर और छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यह आदेश दिया जाता है कि मणिपुर सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत सभी सरकारी संस्थान/सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, जिनमें राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं।

### यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षा का शेड्यूल जारी

# 24 फरवरी से 12 मार्च तक होगी बोर्ड परीक्षा



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसकी परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2025 तक चलेंगी। परीक्षा 12 दिन में पूरी हो जाएगी। उसके बाद मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू होगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं दो पाली में होगी।

पहली पाली में सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली में दो से 5:15 बजे तक परीक्षा होगी। 24 फरवरी को पहली पाली में हाई स्कूल के हिंदी और इंटरमीडिएट के सैन्य विज्ञान की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में हाईस्कूल के हेल्थ केयर और इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा होगी। 28 फरवरी को हाईस्कूल के अरबी, फारसी, पाली और संगीत गायन की और इंटरमीडिएट के गृह विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। इसके बाद एक मार्च को हाईस्कूल गणित, ऑटोमोबाइल और वाणिज्य की परीक्षा होगी। जबकि इंटरमीडिएट में फल एवं खाद्य संरक्षण समेत कई व्यावसायिक विषयों की परीक्षाएं होंगी।

तीन मार्च से छह दिन लगातार यानी आठ मार्च तक परीक्षा होगी। इस दौरान हाईस्कूल के संस्कृत, विज्ञान व कृषि, मानव विज्ञान व एनसीसी, खुदरा व्यापार व मोबाइल रिपेयरिंग, अंग्रेजी व सुरक्षा और गृह विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। वहीं, इंटरमीडिएट के जीव विज्ञान, गणित व चित्रकला, पाली, अरबी, फारसी, लेखाशास्त्र व अर्थशास्त्र, उर्दू, गुजराती, पंजाबी व इतिहास, संगीत गायन, वादन, नृत्य कला व भौतिक विज्ञान, कंप्यूटर व मानव विज्ञान और रसायन विज्ञान की परीक्षा होगी। 10, 11 और 12 मार्च को हाईस्कूल के क्रमशः चित्रकला, सामाजिक विज्ञान और क्षेत्रीय भाषाओं की परीक्षा होगी।

# यूपी के नौ सीटों के लिए चुनाव प्रचार थमा

- 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट
- सभी सीटों के लिए पोलिंग पार्टियां आज निकलेंगी



**लखनऊ।** यूपी की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को चुनाव प्रचार थम गया। इन सभी सीटों पर 20 नवंबर को वोट पड़ने हैं। यूपी में दस सीटों पर उपचुनाव होना था लेकिन मिल्कीपुर का मामला कोर्ट में विचाराधीन होने की वजह से यहां चुनाव नहीं हो रहा है। इन सभी सीटों के लिए पोलिंग पार्टियां मंगलवार को निकलेंगी। कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार सोमवार शाम पांच बजे से थम गया। मंगलवार को अकबरपुर हवाईपट्टी से 425 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसे लेकर सोमवार को हवाईपट्टी पर सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। अधिग्रहीत वाहनों के पहुंचने का सिलसिला दिनभर चला। कटेहरी उपचुनाव में मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कुल 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 20 नवंबर को होगा।

### मतदान के दिन अयोध्या में रहेंगे सीएम योगी



**लखनऊ।** यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को जब मतदान हो रहा होगा तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में मौजूद रहेंगे। वे यहां पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री के आगमन का अभी आधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है। इसके मंगलवार को आने की संभावना है। इस बार उनका अयोध्या दौरा मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय परंपरा के सुग्रीव किला में श्रीराजगोपुरम के अनावरण महोत्सव में शामिल होने के लिए हो रहा है।

### महाराष्ट्र और झारखंड में थमा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड में सोमवार शाम से चुनावी शोर समाप्त हो गया है। अब महाराष्ट्र की सभी विधानसभा सीटों और झारखंड के दूसरे चरण की सीटों के लिए बुधवार, 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं दोनों राज्यों की सभी सीटों के लिए मतों की गणना 23 नवंबर को होगी। दोनों राज्यों में सभी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंकी है। अब देखना होगा कि जनादेश किसके पक्ष में आता है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच मुख्य लड़ाई है। दोनों गठबंधन में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। महायुति को जहां लड़की बहन योजना और ध्रुवीकरण से आस है तो वहीं महाविकास आघाड़ी को सत्ता विरोधी मिजाज और अपने लुभावने वादों से उम्मीद है।




## फ्रॉड काल के द्वारा निकाली धनराशी करायी गयी वापस

**लखीमपुर-खीरी।** साइबर क्राइम पुलिस थाना आवेदक आशीष वालिया नि0रमेश्वरम थाना कोतवाली सदर द्वारा प्रार्थना पत्र बावत फ्राडस्टर के द्वारा मेरी बिना जानकारी के मेरे मोबाइल नम्बर से ओटीपी प्राप्त कर मेरे क्रेडिट कार्ड से 02.11.2024 को 93891 रुपये निकाल लिये गये आवेदक रोहित धौसिया नि0 सलेमपुर कोन थाना कोतवाली सदर के द्वारा प्रार्थना पत्र बावत फ्राडस्टर के द्वारा आवेदक के पास आर0बी0एल0 बैंक क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेन्ट से काल आई की आपकी जो मन्थली सेवा चालू है उसको बन्द करने के लिये मैं लिंक भेज रहा हू लिंक को क्लिक करते ही आवेदक के क्रेडिट कार्ड से 98000/-रुपये कि धनराशि निकाल ली गयी उपरोक्त प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करते हुये साइबर क्राइम पुलिस थाने के द्वारा फ्राडस्टर के द्वारा जिन खातो/मर्चेन्ट के पास पैसो का लेन-देन किया गया था उनसे वार्ताकर पर व उनके हेड आफिस से पत्राचार कर आवेदक के खातों में धनराशि 142891//- रुपये वापस कराया गया ।

# परिजनों ने शव रखकर लखीमपुर बेहजम हाइवे किया जाम

*अवधनामा संवाददाता*

> गौरिया
> फरधान थाना क्षेत्र के गांव सूरत सरांय निवासी 50 वर्षीय विजय गांव के ही तीन लोगों के साथ कार से गौरिया गया था।

**लखीमपुर-खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर परिजनों ने शव रखकर लखीमपुर-बेहजम हाइवे जाम कर दिया। वह अपने विपक्षियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि विपक्षियों ने शराब पिलाकर युवक की हत्या कर दी है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया है। पुलिस ने किसी तरह समझा बुझा कर जाम खुलवाया है। फरधान थाना क्षेत्र के गांव सूरत सरांय निवासी 50 वर्षीय विजय गांव के ही तीन लोगों के साथ कार से गौरिया गया था। बताया जाता है कि वहां सभी ने शराब पी। शाम को विजय घर नही पहुंचा तो घर के लोग परेशान हो उठे। परिजन उन लोगों के घर पहुंचे जो विजय को अपने साथ ले गए थे। वह लोग अपने घर पर मिले। परिजनों को बताया कि विजय को गांव के पास छोड़ दिया था। रात में ही घर वालों और पड़ोसियों ने विजय की खेत खलियान में तलाश की। लेकिन वह नहीं मिला। रविवार सुबह तलाश के दौरान घरवालों को विजय का शव गांव के बाहर सड़क किनारे एक पानी भरे गढ्ढे में मिला। मृतक की पत्नी और बड़ी बेटी रेनू ने उन तीन लोगों पर शराब पिलाकर विजय की हत्या करने का आरोप लगाया, जो उसे अपने साथ कार से गौरिया ले गए थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया। पोस्टमार्टम के बाद विजय का शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने सोमवार की दोपहर शव लाकर गौरिया गांव के पास लखीमपुर बेहजम हाईवे पर रख दिया और जाम लगा दी। परिजन आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना पाकर फरधान पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन परिजन जाम खोलने को तैयार नहीं थे। फिर सीओ सिटी और एएसपी नेपाल सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात कर जाम खोलवाया। तब कहीं जाकर परिजन माने और जाम खोल दिया। इस दौरान करीब दो घंटे तक लखीमपुर हाईवे जाम रहा। जाम में फंस कर लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 32, पुलिस 18, विकास 08, नगर निकाय 05, आपूर्ति 04, विद्युत 03, कृषि 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

इस दौरान डीएफओ संजय विश्वाल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक शातिर आटोलिफ्टर को किया गिरफ्तार आठ चोरी की बाइक हुई बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस ने एक शातिर आटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है उसकी निशानदेही पर आठ चोरी की बाइक बरामद हुई है। बरामद बाइक शहर व आसपास इलाकों से चोरी की गई थी। पुलिस पकड़े गए ऑटोलिफ्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज रही है। पुलिस बरामद बाइकों के मालिकों की तलाश में है। इन दिनों शहर व आसपास इलाकों में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई थी। हर रोज जिले भर में कहीं न कहीं एक दो बाइक चोरी हो रही थी। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सभी थाना अध्यक्षों को आदेश दिया था कि वह अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर बाइक चोरों की गिरफ्तारी करें। सिटी सर्किल की पुलिस सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी की अगुवाई में काम कर रही थी। उधर खीरी थाने की पुलिस इंस्पेक्टर खीरी के नेतृत्व में अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अमृतागंज के पास नहर किनारे एक युवक बाइक के साथ मौजूद है। उसको पकड़ने के लिए पुलिस ने उसकी घेरा बंदी की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसकी निशान देही पर 8 चोरी की बाइक बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू वर्मा पुत्र पुत्र सतीश वर्मा निवासी ग्राम भानपुर गौरतारा थाना कोतवाली सदर के रूप में हुई। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज रही है।

# एटीएस व देवबंद पुलिस ने दबोचा हिजमुल मुजाहीद्दीन का सक्रिय सदस्य व बम विस्फोट का आरोपी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एटीएस व देवबंद कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से बम विस्फोट के मामले में 30 वर्षो से वांछित चल रहे आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहीद्दीन के सक्रिय सदस्य को जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया था।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 26 अगस्त 1993 को वादी व थाना देवबंद में तैनात उपनिरीक्षक सैय्यद मुन्नवर हुसैन ने तहरीर दी थी कि अज्ञात मुल्जिम द्वारा वर्ष 1993 में मौहल्ला यूनियन तिराहा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर जान से मारने की नियत से ग्रेनेड फेंका गया था, जिसमें ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी कन्हैया लाल, अर्जुमन अली व पब्लिक के



जय प्रकाश पुत्र मनफूल सैनी निवासी मौहल्ला पठानपुरा, कस्बा व थाना देवबंद, सुखबीर पुत्र रूपलाल निवासी कस्बा व थाना देवबंद घायल हो गए थे। जिसके संबंध में थाना देवबंद पर धारा 307 भादवि व 3 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान मुकदमें में आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहीद्दीन के सक्रिय सदस्य नजीर अहमद वानी उर्फ मुस्ताक अहमद वानी निवासी इन्जक शरीफाबाद थाना पारिमपुरा जिला बड़गांव जम्मू कश्मीर प्रकाश में आया था, जिसे 26 मई 1994 में फर्जी दस्तावेजो के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ था कि दबोचा गया आरोपी आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहीद्दीन का सक्रिय सदस्य था। जो फर्जी दस्तावेजो के आधार पर कस्बा देवबंद मे रह रहा था, जिसने आमजन मे भय व आंतक की भावना बैठाने के लिए ग्रेनेड फेंका था, जिससे बरामद फर्जी दस्तावेजो के आधार पर थाना देवबंद पर धारा 467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया था तथा दोंनो मुकदमों मे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से वर्ष 1994 में जमानत के उपरांत अभियुक्त पिछले 30 वर्ष से न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही हो रहा था तथा अपना नाम व पता बदल कर रह रहा था, जिस संबंध मे न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विगत् 20 मई को अभियुक्त के स्थाई वारंट जारी किये गये थे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी स्थाई वारंट का संज्ञान लेकर वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 25000 का ईनाम घोषित किया गया था।

## एक गाय के कुत्ते के रेबीज विकसित हो जाने से गाय हुई हिंसक

**लखीमपुर-खीरी।** गोला तहसील के ग्राम घरथनिया में एक गाय के कुत्ते के रेबीज विकसित हो जाने से वह हिंसक हो गई है। जिससे कई लोग जख्मी हुए हैं। दो लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए जाना पड़ा है। दरअसल गांव के ही एक व्यक्ति की पालतू दुधारू गाय के एक हफ्ते पहले कुत्ते ने काट लिया था। बताते हैं कि कुत्ता पागल था। उसके बाद गाय के रेबीज उत्पन्न हो गए तो गाय पालक ने गाय को बेसहारा छोड़ दिया। फिर वह हिंसक होकर ग्रामीणों पर हमलावर होकर दौड़ने लगी। परेशान होकर गांव के प्रधान ने पशुपालन विभाग को फोन कर मदद मांगी तो पहुंचे स्टाफ ने उसको बांधकर उसके इंजेक्शन लगाए एवं उसके लगी चोटों का इलाज किया है।

## अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए जिनमें दो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया निवासी 24 वर्षीय शोभित, मिल कालोनी निवासी 54 वर्षीय हरिशंकर शुक्ला, सिनेमा रोड निवासी 50 वर्षीय अन्नू लाल और पुनरभू ग्रंट निवासी 25वर्षीय राजेश सड़क दुर्घटना में घायल हो गए इन्हे सीएचसी लाया गया जहां से अन्नू लाल और राजेश को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## बांकेगंज-कुकुरा मार्ग पर दिखाई दिया बाघ, लोगो में दहशत

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार की सुबह बाघ फिर बांकेगंज-कुकुरा मार्ग पर बाघ दिखाई दिया, जिससे एक बार फिर लोग दहशत में आ गए। सोमवार को ढाका निवासी राजकिशोर सुबह आठ बजे अपने घर से तीन बच्चों को बाइक से बांकेगंज स्कूल छोड़ने आ रहा था। कुकुरा-बांकेगंज मार्ग पर गप्पू के धान मिल के पास वह जैसे ही पहुंचा कि वहां खड़े गुलाब नगर निवासी गुड्डु ने उसे रोका और बताया कि रोड के किनारे खड़े पेड़ की ओट में बाघ खड़ा है। अभी कुछ मिनट पहले वह रोड पर था। कुछ ही देर में रोड के दोनों तरफ आने जाने वालों की भीड़ लग गई। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। कुछ देर बाद बाघ पड़ोस के गन्ने के खेत में चला गया। तब रास्ते पर आवगमन शुरू हो सका। बाघ के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों व अभिभावकों में भय व्याप्त हो गया है।

## मौलवी साहब बाबा के सालाना उर्स में दूसरे दिन अकीदतमंदो की जुटी भारी भीड़

**लखीमपुर-खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के कस्बा रोशननगर में मौलवी साहब बाबा के सालाना उर्स में दूसरे दिन अकीदतमंदो की भारी भीड़ जुटी। उर्स में आए लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। उसके दूसरे दिन मौलवी साहब बाबा की मजार पर हकीकत मनु की भारी भीड़ उमड़ी लोगों ने मजार पर पहुंच चादर चढ़ाई और मन्नत मांग कर फातिया कराई। उसके बाद महिलाओं ने जमकर खरीदारी की बच्चों ने झूले खेल तमाशा का आनंद लिया। मजार पर ख़ादिम रमजान शाह, शमीम अहमद ने अकीदतमंदो की चादर पोशी में मदद की।

## करंट लगने से हुई गिद्ध की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र के कस्ता कालोनी में एक गिद्ध की करंट लगने से मौत हो गई है। सोमवार तड़के मृत गिद्ध को देखने को काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। कालोनी से बीरपुर जाने वाली सड़क किनारे विलुप्त प्राय पक्षी गिद्ध का शव पड़े होने की सूचना वन रक्षक अफजाल हुसैन को ग्रामीणों ने दी। वन रक्षक ने गिद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु-चिकित्सक कस्ता स्थिति रेवाना को भेजा।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलायी गोपनीयता की शपथ

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करायी गयी। इस दौरान अनेक व्यापारियों ने व्यापार मंडल की नीतियों से प्रभावित होकर व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण करने की भी घोषणा की। स्थानीय आईटीसी रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, प्रदेश सचिव अनुज गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य व्यापार मंडल की इकाईयों को शहर व गांव स्तर पर गठित करना है, ताकि अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ा जा सकें। उन्होंने बताया कि अब समय आ गया है कि व्यापारी एक जुट हो, ताकि व्यापारी का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न ना हो सकें। जिला अध्यक्ष पवन गोयल व युवा नगर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने कहा कि व्यापार मंडल की नीतियों से प्रभावित होकर जिन व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की है व्यापार मण्डल में उनके मान सम्मान का ध्यान रखा जायेगा।

# आगरा में छात्रा से गैंगरेप, कैफे में बुलाकर तीन दोस्तों ने दिया वारदात को अंजाम

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शहर में युवतियों और किशोरियों के साथ होटलों में घटना कई बार हो चुकी हैं। मगर, कैफे में पहली बार हुई। दरअसल, ताजनगरी के सदर थाना क्षेत्र में परिचित युवक पर विश्वास करना एक छात्रा को महंगा पड गया। आरोपी ने कॉलेज जा रही छात्रा को रास्ते में रोका और उसे बहाने से कैफे में ले गया जहां पर आरोपी और उसके दोस्तों ने कैफे के केबिन में छात्रा के साथ गैंग रेप किया। आरोपियों ने छात्रा की आपत्तिजनक वीडियो और फोटोज खींच लिए। इसके बाद छात्रा को ब्लैकमेल करके रकम मांगी। जब छात्रा ने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपियों ने वीडियो और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिस पर छात्रा की तहरीर पर सदर थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सदर पुलिस ने तीनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बता दें कि मामला सदर थाना क्षेत्र का है। 19 वर्षीय छात्रा और उसके परिजन ने सदर थाने में इसकी शिकायत की। इसमें बताया कि 11 नवंबर को छात्रा कालेज जा रही थी। रास्ते में परिचित यशपाल निवासी नगला जस्सा, सदर मिला। उसके साथ अरुण और प्रवीन भी थे। आरोप है कि यशपाल ने छात्रा को विश्वास में लिया और उसे कॉफी पिलाने के बहाने सदर थाना क्षेत्र की सौदागर लाइन स्थित कैफे एग्जल में ले गया। यहां पर यशपाल, अरुण और प्रवीन ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

छात्रा का आरोप है कि आरोपियों ने डरा धमका कर आपत्तिजनक वीडियो और फोटोज खींच लिए। यशपाल ने कई दिन बाद पहले उससे एक हजार रुपये मांगे। जब रुपये देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने अश्लील वीडियो और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। परिजनों को आरोपियों की करतूत के बारे में बताया। इस पर परिजन के साथ छात्रा सदर थाने पहुंची। आरोपियों की करतूत और धमकी से छात्रा और उसके परिजन दहशत में हैं।

वही सदर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि छात्रा के बयान पर सौदागर लाइन स्थित एक्जल कैफे में घटना हुई है जहां पर सीसीटीवी खराब मिले हैं। जांच में कैफे में केबिन बने मिले हैं जिन्हें घंटों के हिसाब से युवक और युवतियों को दिया जाता है। इस मामले में कैफे संचालक को नोटिस दिया है। इसके साथ ही तीनों आरोपी यशपाल, प्रवीन और अरुण को रविवार शाम गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। हालांकि जब तक ऐसे कैफे और होटल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी तब तक शहर में इस प्रकार की घटनाएं इन जगहों पर होती रहेंगी।

## बुलडोजर चला तो छिना आशियाना...कैंट बोर्ड ने अवैध कब्जा बताकर ढहा दिए दो दर्जन मकान

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलने का सिलसिला लगातार जारी है, इस बार कैंट बोर्ड ने रक्षा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ढहा दिया। दो दर्जन से ज्यादा मकानों पर कैंट बोर्ड का बुलडोजर चलने से हड़कंप मच गया। जिन लोगों के मकानों को ढहाया गया उनका कहना था कि वे काफी सालों से इन मकानों में रह रहे थे। सोमवार को आर ए बाजार तोपखाना इलाके में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। यहां लंबे समय से अवैध तरीके से बनाए गए पक्के मकानों व झोपड़ी आदि को सेनेटरी इंस्पेक्टर दीप सक्सेना के नेतृत्व में जेसीबी मशीन से हटवाया गया। सोमवार को टीम आर ए बाजार पहुंची तो लोगों में हलचल मच गई। वहीं बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में ही लोगों को नोटिस दिया जा चुका था। करीब 25 से 30 मकानों पर कार्रवाई की गई। इधर जिन लोगों के मकान पर बुलडोजर चला वो विरोध करते रहे, लेकिन उनका विरोध काम नहीं आया।

**मकान पर बुलडोजर चला तो छलका दर्द**

अलका ने बताया कि उनके मकान पर भी जेसीबी चलाई है। लिखित में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। केवल दो दिन पहले आकर उन लोगों से सामान खाली करने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि उनकी मां का बचपन तक इस मकान में गुजरा है, जिससे अंदाजा लगा सकते हैं कि वह कितने सालों से इस मकान में रह रहे थे।

**लोग बोले पहले भी चला था बुलडोजर**

धन देवी ने बताया कि 25 साल मकान में रह रहे थे, उन्होंने बताया कि कोई नोटिस नहीं मिला था। लेकिन पहले भी मकान तोड़ दिया गया था लेकिन बाद में दोबारा बना लिया था। अब जब दोबारा मकान तोड़ दिया है तो दूसरी जगह ठिकाना ढूंढा जाएगा। घर तो टूट गया है, लिहाजा जैसे-तैसे गुजारा करना पड़ेगा।

## मां बेटे पर बाइक सवार युवकों ने की फायरिंग, पीड़ित परिवार ने लगाया पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में बेलगाम अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि आए दिन अपराधिक घटनाएं सामने आ रही है। ताजा मामला थाना ताजगंज क्षेत्र के सेमरी ताल देवरी रोड का हैं जहां दुकान पर बैठे मां बेटे पर बाइक सवार दबंगों द्वारा फायरिंग का मामला सामने आया है। मां बेटे दोनों सुरक्षित है। एक ओर जहां पीड़ित परिवार ने पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया तो वही चौकी इंचार्ज निलेश शर्मा का कहना है कि रात्रि में ही 7 सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा पुलिस आयुक्त आगरा को पत्र में लिखा गया है कि मैं मार्गश्री पत्नी गोकुल सिंह निवासी सैमरी ताल, देवरी रोड थाना ताजगंज आगरा की रहने वाली हूँ। पप्पू उर्फ राजन सिंह पुत्र फूल सिंह, दम्मो उर्फ देवेन्द्र यादव पुत्र रमेश चन्द्र, सरजू पुत्र मुन्ना लाल, गडडू उर्फ प्रमोद पुत्र फूल सिंह, दिनेश यादव उर्फ बल्लू पुत्र फूल सिंह बबलू पुत्र रमेश चन्द्र रितिक पूत्र भूप सिंह निवासीगण सैमरी ताल देवरी रोड आगरा से पूर्व में मुकदमें बाजी चल रही है। जिसका अ0 सं0- 0403/2021 है जिसका गाँव के सभ्रान्त लोगों ने आपस में बैठाकर समझौता भी करा दिया था परन्तु ये लोग आये दिन झगडा फंसाद करते रहते है। ये लोग मेरे परिवार के लोगों से दुश्मनी मानते है व आये दिन कहते है कि तुम लोग गाँव छोडकर चले जाओ नही तो तुम्हारे परिवार को जान से मार देगें और झूठे मुकदमें में फंसा देगें। दिनांक 17.11.2024 को मैं अपनी दुकान पर अपने पुत्र आदित्य के साथ बैठकर दुकानदारी कर रही थी तभी समय करीब 9:10 बजे रात्रि में इन्ही लोगों ने षडयन्त्र करके मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट तीन अज्ञात व्यक्तियो को भेजकर मुझे व मेरे पुत्र आदित्य को जान से मारने की नीयत से फायरिंग किया। जिससे फायर की गोली दुकान के शीशे को भेदते हुये मेरे पुत्र आदित्य के कान के पास से निकल गयी। जिससे मेरा पुत्र आदित्य बाल-बाल बचा। यह घटना दुकान में लगे कैमरे में कैद है ये लोग अपराधी प्रवृति के लोग है।

मै घटना की रिपोर्ट थाने पर गयी तो मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। वही पीड़ित परिवार का कहना है कि आज दोपहर पुलिस आयुक्त कार्यालय जाने पर भी सन्तोषजनक जवाब नहीं मिला। अब देखना यह है कि पुलिस द्वारा क्या कार्यवाही होती है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि यह लोग पूर्व में कई गम्भीर अपराधो को अंजाम दे चुके हैं व बड़े बेटे पर हमला भी कर चुके है।

## ड्राइवर हॉर्न बजाता रहा पर ट्रैक से नहीं हटा छात्र, ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** ट्रेन से कटकर बीएससी के छात्र की मौत हो गई। ड्राइवर के हॉर्न बजाने के बाद भी वह ट्रैक से नहीं हटा। पुलिस को आशंका है कि छात्र ने आत्महत्या की लेकिन परिजन कुछ नहीं बता सके। जेब से मिले पर्चे से छात्र की शिनाख्त हुई।

नवाबगंज क्षेत्र के गांव गेलाटांडा निवासी गौरव कुमार (18) बरेली में एक प्राइवेट कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। बिजौरिया स्टेशन के पास शनिवार रात बरेली से पीलीभीत आ रही डेमो ट्रेन से कटकर गौरव की मौत हो गई। मृतक की जेब में मिले पर्चे से उसकी पहचान हुई। जीआरपी ने इसकी सूचना परिवार वालों को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे की सूचना मिलने पर रविवार सुबह परिवार वाले भी पहुंच गए और शव की शिनाख्त की। पिता ख्यालीराम ने बताया कि गौरव भैया दूज पर घर आया था। वह रोज सुबह 11 बजे पढ़ाई के लिए निकलता है और रात में नौ बजे कमरे पर पहुंचता है। रोजाना उससे फोन पर बात होती थी। मगर शनिवार को कोई बात नहीं हुई। ट्रेन के पायलट की मानें तो छात्र ट्रैक पर बैठा था। हॉर्न की आवाज सुनने के बाद भी वह नहीं हटा। ऐसे में पुलिस को मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। जबकि परिजन इसे लेकर कुछ नहीं बता सके।

## बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 5- एस आर-05 और 3- एस आर-72 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5- एस आर-05 और श्रीराम सुपर 3- एस आर 72 गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। छोटू यादव, एटा से एक किसान का कहना है कि श्रीराम सुपर 5- एस आर-05 में कई विशेषताएं देखने को मिली जैसे अधिक कल्लों की संख्या 13-14 कल्ले प्रति पौधा, वज़नदार लंबी बालियां, 70-75 दाने प्रति बाली और अधिक उपज क्षमता। पौधे की उपयुक्त ऊंचाई 90 से.मी. होने की वजह से इसमें गिरने की शिकायत नहीं आती। इस साल मार्च महीने में अचानक अधिक तापमान होने के बावजूद श्रीराम सुपर 5-SR-05 की अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल को देखकर वे बेहद प्रसन्न हैं और इस वर्ष भी श्रीराम सुपर 5- एस आर-05 गेहूं बीज की ही बुवाई करेंगे। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5- एस आर-05 और %श्रीराम सुपर 3- एस आर-72, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में गेहूं के किसानों की पहली पसंद बन रहे हैं।

यूपी के अन्य किसान श्रीराम सुपर 3- एस आर-72 गेहूँ बीज बोने से भी इसी तरह की सफलता पा रहे हैं।

हाथरस के कोमल सिंह ने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 3- एस आर-72 गेहूँ बीज की बुवाई की थी। उनका कहना है कि इसमें कल्लों की संख्या अधिक है, और एक बाली में 75-80 दाने निकलते है। श्रीराम सुपर 3- एस आर-72 गेहूँ से उन्हें 23 क्विंटल प्रति एकड़ उपज प्राप्त हुई। उपज की उच्च गुणवत्ता के कारण इसका बाजार भाव भी उन्हें ज़्यादा मिला और श्रीराम सुपर 3- एस आर-72 से उन्हें 5000-6000 प्रति एकड़ का अतरिक्त मुनाफा प्राप्त हुआ। अगले साल कोमल सिंह अपनी पूरी ज़मीन पर श्रीराम सुपर 3- एस आर-72 बीज ही लगाएंगे।

श्रीराम सुपर 5- एस आर-05 और 3- एस आर-72 बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की अन्य किस्में जैसे श्रीराम सुपर 303, 252 आदि भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉरमेंस के चलते यूपी के किसानो में बेहद लोकप्रिय हो गयी हैं।

# डीएम ने किया चकबंदी कार्यालय का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सोमवार को चकबंदी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चकबंदी वादों से जुड़े विभिन्न अभिलेखों की गहन पड़ताल की और लंबित वादों पर निर्देश के बावजूद लंबी तारीख देने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लंबित चकबंदी वादों की किसी भी दशा में एक माह से अधिक की तारीख न लगाई जाए तथा लोगों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जाए।

डीएम आज प्रातः लगभग साढ़े ग्यारह बजे चकबंदी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति, दस्तावेजों के रखरखाव, वादों के निस्तारण की प्रगति और साफ-सफाई का गहन अवलोकन किया। उन्होंने चकबंदी से जुड़ी प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। कर्मचारियों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और कार्य में लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मामलों की सुनवाई में तिथियां तेजी से निर्धारित की जाएं, ताकि कार्य गति पकड़ सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों की गहन जांच-पड़ताल की और अभिलेखीय कार्यों को व्यवस्थित और सटीक तरीके से संपादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यालय में पारदर्शिता और कुशलता बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। जिलाधिकारी ने चेताया कि एक माह बाद अभिलेखागार की जांच करेंगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य विधि-सम्मत और नियमानुसार किए जाएं, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को न्याय और राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने की सलाह दी और कार्यालय की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार, डीजीसी नवनीत मालवीय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आधी रात संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी की दुकान में लगी आग, लाखों का माल खाक



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** संदिग्ध हालत में साड़ी की दुकान में लगी आग में दुकान का सारा माल जलकर खाक हो गया। आधी रात छत पर सो रहे दुकान मालिक को धुंआ और आग की दुर्गंध से आग लगने की जानकारी हुई। दुकानदार के परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोगों ने अपनी अपनी समर्सेबिल चालू कर बड़ी मुश्किल में आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सारा माल स्वाहा हो चुका था। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। आग में लगभग बीस लाख के नुकसान का अनुमान बताया जा रहा है। कस्बे के प्रताप नगर निवासी अमित सक्सेना पुत्र महावीर शरण सक्सेना रिहायशी घर के निचले हिस्से में पूर्वी साड़ी सेंटर के नाम से दुकान किए है। आधी रात जब वह सो रहे थे तभी धुंआ व आग की दुर्गंध से उनकी आंख खुल गई और उन्होंने यहां वहां देखा तो जानकारी हुई कि नीचे साड़ी की दुकान में भीषण आग लगी है। आग देखते ही घर मे चीख-पुकार मच गई और आस पास के लोग जागकर बाहर आ गए। पड़ोसियों ने बिना देरी किए अपनी अपनी समर्सेबिल चालू कर आग बुझाना शुरू कर दिया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखा सारा माल स्वाहा हो चुका था। आग में लगभग बीस लाख के नुकसान का अनुमान है। सूचना पर खेड़ा चौकी इंचार्ज संतराम कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। दुकान मालिक का कहना कि एमसीबी बंद कर ऊपर गए थे। दुकान में बगल की गली में लगी शटर की तरफ से आग लगी हैं।

## डीएम ने विद्यालय हुसैनपुर नौखंडा का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह द्वारा पी0एम0 श्री कम्पोजिट विद्यालय हुसैनपुर नौखंडा, ब्लॉक बढ़पुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर अत्यंत ही खराब पाया गया, बच्चों में गणित के बेसिक ज्ञान का अभाव पाया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई, विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया, पंखे गंदे पाये गये,शौचालय गंदे पाये गये, पानी की टोटी खराब पाई गई, खाने की गुणवत्ता खराब पाई गई, खिड़कियों पर जाली सही तरीके से नहीं लगी पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा कक्षा 08 के बच्चों को बोडमास का सिद्धांत पढ़ाया गया व गणित के सवाल हल कराये गये, जिलाधिकारी के बी0एस0ए0 ,डी0 एच0ओ0 व बी0डी0ओ0 को सप्ताह में एक दिन व खंड शिक्षाधिकारी को एकदिन छोड़कर विद्यालय में 02 घंटे पढ़ाने के लिये निर्देशित किया गया।

## शुगर मिल कायमगंज के पेराई सत्र की समीक्षा बैठक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में 23 नवंबर से शुरू हो रहे शुगर मिल कायमगंज के पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मिल पूरे पेराई सत्र में चले, कोई ब्रेकडाउन न हो, मिल के अंदर साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाये, कर्मचारियों को ससमय वेतन मिले, जिला गन्ना अधिकारी को गन्ना विभाग द्वारा पूरे साल किये गये कार्यो का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी, जी0एम0 कायमगंज शुगर मिल व संबंधित मौजूद रहे।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ जीवन शैली जरूरी : तोमर



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंस संकाय में सोमवार को 'स्वस्थ जीवन शैली' विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विश्व आयुर्वेद परिषद के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जीएस तोमर ने जीवनशैली से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. तोमर ने कहा कि एक स्वस्थ जीवन शैली न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है बल्कि मानसिक सुदृढ़ता भी प्रदान करती है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद सम्मत जीवनचर्या को आज पूरा विश्व अपना रहा है। कहा कि आयुर्वेद केवल रोग निदान के लिए ही नहीं है बल्कि सामान्य व्यक्ति के सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए वरदान है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक तनाव प्रबंधन और पर्याप्त नींद के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। आभार ज्ञापन फार्मेसी संकाय की जूही तिवारी ने किया। कार्यक्रम में पूजा जायसवाल, श्रेया मद्धेशिया, नंदिनी जायसवाल, प्रवीण कुमार सिंह, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, दिलीप मिश्रा, पीयूष आनंद, दीपक कुमार सहित फार्मास्युटिकल साइंस संकाय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** श्री फाउंडेशन की ओर से किस विद्यालय अटौरा में विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी दादा श्री व सुधा द्विवेदी भाभी श्री के द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत 1001 कन्या भोज से शुरुआत हुई उसके बाद ब्रह्म भोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ लगभग 1 लाख की संख्या से अधिक लोगों ने इस ब्रह्म भोजका प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अमेठी सांसद के यल शर्मा, हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी अरुणेश जी रजनी सिंह नगर अध्यक्ष राहुल भदोरिया सचिन सिंह धैर्य शुक्ला अमन बाजपेई सूरज मिश्रा



सौरभ सिंह फारूक राणा आदि प्रमुख रूप से रहे डलमऊ मटके महंत स्वामी देवानंद गिरि जी महाराज प्रमुख रूप से रहे।

## भाकियू ने उठाई होटल बंद करने की मांग

**नजीबाबाद।** 11 नवंबर को महेश गुप्ता होटल पर स्कूली विवाद को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने होटल के सामने ही धरना-प्रदर्शन कर होटल पर अवैध कार्य को लेकर तथा खाद्य पदार्थो की जांच कर होटल को बंद करने पर अड़े रहे। स्कूली विवाद में पुलिस द्वारा होटल स्वामी का 151 की धारा में चालान कर दिया गया था, और तभी से होटल भी बंद था परंतु होटल खुलने पर फिर से किसान यूनियन के पदाधिकारी ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद ज्ञापन सौंप कर होटल को सीज कराने की मांग की। ज्ञापन में कहां गया कि होटल पर लोन लिया गया है, किस प्रकार का लोन है, और लोन कैसे मिला की जांच हो, पीडब्ल्यूडी विभाग से जांच करा कर अतिक्रमण हटाया जाए, अग्निशमन संबंधित जांच कराई जाए, नगर पालिका से नक्शे की जांच हो। वीडियो मे जो अनैतिक सामग्री पाई गई थी, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और किसानों को बिना बताए ही होटल खोल दिया गया।

## एएसपी ने रवा पहुंच कर यज्ञ स्थल का जायजा लिया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आगामी 26 नवंबर से शुरू हो रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के दस दिवसीय आयोजन को लेकर आयोजन समिति युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटी है। प्रशासन भी सुरक्षा संरक्षा की दृष्टि से होमवर्क पूरा करने में लगा है। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार वर्मा, सीओ कोंच अर्चना सिंह, कोतवाल अरुण कुमार राय व चौकी इंचार्ज भेंड़ द्वारा ग्राम रवा (भेंड़) में पहुंच कर महायज्ञ स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। कलशयात्रा एवं श्रीराम कथा महोत्सव व अन्य कार्यक्रमों के संबंध में स्थानों का निरीक्षण करते हुए आयोजन कमेटी के लोगों से बातचीत की तथा अपने अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## पुलिस ने पांच शातिर मोटरसाइकिल चोर पकड़े



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** देर रात उरई कोतवाली पुलिस एवम आटा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी की 11 मोटरसाइकिल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की। आज पुलिस लाइन में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने पत्रकारों को इसकी जानकारी दी, उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवम पुलिस उपमहा निरीक्षक परिक्षेत्र झाँसी झाँसी के निर्देश पर जनपद की आटा थाना पुलिस एवम उरई कोतवाली पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से चलाये जा वाहन चेकिंग के दौरान झाँसी कानपुर हाइवे पर संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास वन विभाग की नर्सरी के सामने से उरई और आस पास के जनपदों में वाहन चोरी करने वाले पांच शातिर अभियुक्तों को 11 अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है।

## विवाहित ने की खुदकुशी

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के अनंतपुर में विवाहिता परिवारिक कलह से तंग आकर पंखे 8 कुंडी में लटक कर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के अनंतपुर निवासी कन्हैया की शादी 4 वर्ष पूर्व सहजनवां निवासी प्रीति के साथ हुई थी। इसके पास ढाई वर्ष की बच्ची अन्याय है। शादी के बाद से पति और पत्नी और ससुराल के लोगो के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। चार माह से वह अलग रहती थी। और पति से उसका विवाद होता रहता था।एक बार इसने हाथ की नस काट कर खुदकुशी करने की कोशिश किया था। और हमेशा खुदकुशी कर फंसाने की धमकी देती थी। सोमवार को सुबह पति फल की दुकान पर चला गया था। उसके जाते ही विवाहिता ने कमरे का फाटक अंदर से बंद कर लिया लाल सादी के सहारे पंखे के कुंडी में लटक गई। स्वजन फाटक तोड़कर हंसिए से शादी काटकर नीचे उतारे। और पुलिस की सूचना दिए। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# शादी में बरातियों और घरातियों के बीच चले जमकर लाठी-डंडे

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिले में एक शादी समारोह में खुशी का माहौल पल भर में हिंसा और उपद्रव में बदल गया। मामला देहलीगेट स्थित श्री गंगा महादेवी फार्म हाउस का है, जहां बारातियों और घरातियों के बीच हुए विवाद ने शादी को युद्ध के मैदान में बदल दिया। छेड़खानी से शुरू हुआ विवाद मारपीट, फायरिंग और तोड़फोड़ तक पहुंच गया।

खैर थाना क्षेत्र के गांव एदलपुर निवासी कमलादास ने अपनी बेटी डॉली की शादी अलीगढ़ के दीपक से तय की थी। इस शादी के लिए कमलादास ने दहेज में तीन लाख रुपये, शादी का सामान और बाइक देने के साथ-साथ समारोह का भी खर्च उठाया था। 17 नवंबर को तय मुहूर्त पर शादी की रस्में शुरू होनी थीं. लेकिन रस्में शुरू होने से पहले ही दावत के दौरान एक अप्रत्याशित घटना ने माहौल बिगाड़ दिया। दूल्हे पक्ष के कुछ युवक शराब के नशे में धुत होकर आए और कमलादास की भतीजी से छेड़खानी करने लगे। जब घरातियों ने इसका विरोध किया, तो बाराती गुस्से में आ गए और विवाद मारपीट में बदल गया। देखते ही देखते, शादी का माहौल बिगड़ने लगा. बाराती युवकों का समर्थन करते हुए दूल्हे पक्ष के अन्य लोगों ने भी घरातियों पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान कुर्सियां तोड़ी गई, पथराव हुआ और यहां तक कि फायरिंग तक की गई। इस उपद्रवी घटना से दूल्हन पक्ष के लोग डर गए और उन्होंने खुद को एक कमरे में बंद करके जान बचाई। इस भयावह घटना के बाद दुल्हन के पिता



कमलादास ने दूल्हे पक्ष के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, मेरी बेटी की शादी यहां नहीं होगी। हमें दहेज और दावत के नाम पर धोखा दिया गया। मिठाई के नाम पर मेरी भतीजी से छेड़खानी हुई। मेरे परिवार के साथ मारपीट की गई, जिसमें मेरी पत्नी, दोनों भाभी और दो भतीजे गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दूल्हे पक्ष ने पहले से ही तीन लाख रुपये ले लिए थे, लेकिन इसके बावजूद उनके परिवार के साथ ऐसा व्यवहार किया गया। सूचना मिलने पर देहलीगेट पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने कमरे में बंद डरे हुए दूल्हन पक्ष के लोगों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए जिला मलखान सिंह अस्पताल भेजा. डॉक्टरों ने तीन लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र एवं संयुक्त चिकित्सालय द्वारा दिनांक 18 नवंबर 2024, दिन सोमवार को कंपोजिट हॉस्पिटल एसएसबी, गोरखपुर में एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया गया। इस शिविर में एसएसबी के कार्मिकों और प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान एसएसबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित होकर रक्तदान करने वाले जवानों का उत्साहवर्धन किया और इस नेक कार्य को समाज सेवा का उत्तम उदाहरण बताया। बाबा रघवदास मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और स्टाफ ने इस शिविर के आयोजन में सहयोग प्रदान किया और रक्त संग्रह का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया। सशस्त्र सीमा बल की यह पहल समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी और सेवाभाव को दर्शाती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने रक्तदान के महत्व को समझा और भविष्य में इस कार्य में अपना योगदान देने की प्रेरणा प्राप्त की। शिविर के अंत में एसएसबी अधिकारियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

## जनपद के प्रवेश द्वार को करे दुरुस्त : डीएम



**बिजनौर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विनिमियत क्षेत्र जनपद बिजनौर की बैठक आयोजित हुई। उन्होने निर्देश दिए कि जिले के एंट्री पॉइंट को ठीक करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले के मुख्य मार्गों को सुदृढ़ करते हुए उनकी साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरस्त रखना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा बिजनौर विकास प्राधिकरण गठित किये जाने विषयक के संदर्भ में विकास प्राधिकरण के गठन निकायों व राजस्व ग्रामों में सम्मिलित प्रारंभिक मानचित्र एवं प्रस्ताव पर विचार विमर्श सहित जनपद की समस्त तहसीलों से बिजनौर विकास प्राधिकरण के गठन के औचित्य, भावी विकास आदि के प्रस्तुत प्रस्तावों के संबंध में एवं अपीलों के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। इसके अलावा बैठक की विस्तृत चर्चा में अन्य बिंदुओं पर भी आवश्यक विचार विमर्श कर दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, संबंधित अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कंबाइन मशीन ने वृद्ध को रौदा, इलाज के दौरान केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र के लखनापार निवासी रामदेव 66 वर्ष 8 नवंबर को शाम 6.30 बजे के करीब लखनापार जाने वाले सड़क के निजी खेत के मेड पर खड़े थे। उसी दौरान अनियंत्रित कंबाइन मशीन चालक ने ठोकर मार दिया था। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। जिनकी 9 नवंबर को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे राजेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने कंबाइन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# साक्षात्कार के माध्यम से 96 महिला अभ्यर्थियों का चयन



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** संजय कुमार जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने अवगत कराया है कि शिवदुलारी देवी दलडपट महिला महाविद्यालय, अहिरौली कुसम्ही, कुशीनगर के परिसर में एक दिवसीय पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस पिंक रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की सोनाटा फाईनेन्स प्रा.लि., एलएनटी फाईनेन्स प्रा. लि. एवं हिमरतन बायोटेक इत्यादि कम्पनी सम्मिलित हुई। पिंक रोजगार मेले में प्रतिभाग के लिए महिला अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण थी। पिंक रोजगार मेले में कुल 137 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कुल 96 महिला अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया गया। विभिन्न पदों जैसे-कस्टमर रिलेशनशिप आफिसर, टीम मैनेजर, सेल्स मैनेजर तथा ब्रांच रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव पदों पर चयन किया गया। पिंक रोजगार मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी, कुशीनगर शाहनवाज आलम, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, मनीषा सिंह, प्राचार्या, जितेन्द्र जायसवाल, कस, अभिषेक मिश्रा, वाईपी, विनय कुमार पाण्डेय, डीडीयूजीकेवाई एवं प्रशान्त कुमार सिंह, आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## 39.06 लाख रूपये के नकद कैश, अवैध शराब व ड्रग्स जब्त

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने अवगत कराया है कि 71-खैर विधानसभा उप निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एफएसटी टीम द्वारा अब तक जिले में 9.36 लाख रूपये नकद कैश, 28.44 लाख रूपये मूल्य की 14779 लीटर अवैध शराब, 1.26 लाख रूपये मूल्य की लगभग 05 किलोग्राम ड्रग्स के जब्तीकरण की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार जिले में कुल 39.06 लाख रूपये धनराशि के नगद कैश, अवैध शराब व ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

### सूचना

मैंने अपना नाम Raisa से बदलकर Raeesa रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**Raeesa w/o Mohd israr, r/o behat road, bilkeshwar Nagar, defence colony saharanpur up -247001**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम खान नुरुल होदा बिस्मिल्लाह था। जिसको बदलकर नुरुल होदा खान रख लिया है। अब मुझे नुरुल होदा खान के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**नुरुल होदा खान पुत्र बिस्मिल्लाह खान ग्राम -ढकवा पोस्ट- मुबारकपुर जिला -आजमगढ़ 276404**

### सूचना

समक्ष अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद टांडा अम्बेडकरनगर वाद संख्या 16/2024-25 1-कुतुब आलम पुत्र अज़ीमुल मोगनी 2- नगीना खातून पत्नी इफ़्तेखार बनाम विंध्यवासिनी पत्नी गुरुकिशोर वास्ते समायत मुकदमा दाखिल ख़ारिज तारीख पेशी 18-12-2024 बहक मुन्तकिल अलह मुकर्रर हुई है इसलिये यह इशतेहार जारी किया जाता है कि अगर किसी को भी उक्त मामले मे किसी तरह की कोई आपत्ति अपनी तरफ़ से दर्ज करवाना है तो वह पेशी तारीख पर टांडा पालिका प्रशासन मे उपस्थित होकर अपना उजर मय सबूत पेश करें ताकि जानशीन मुन्तकिल अलैह मज़कूर भी हाज़िर होकर सबूत पेश करें और पटवारी मुहाल जिसके इलाके मे जायदाद मुन्तकिल शुदा वाके है मय काग़ज़त मुतालेका तारीख मज़कूर भी हाज़िर होवें।

### सूचना


न्याया. मा. नियत प्राधिकारी /लघुवाद न्यायाधीश सहारनपुर पी.ए.exc स.13 सन 2024 पी.ए. सं.43 सन् 2012 श्री मौ. मसरूर खां पुत्र स्व.श्री अफजल खां नि. मौहल्ला ख्वाजा जादगान, बाजार नखासा सहारनपुर प्रार्थी (बनाम.)1. श्रीमती हशमत मृतक दौरान मुकदमा 1/1. श्रीमती शहनाज उर्फ मुन्नी पुत्री मौहम्मद यासीन पत्नि श्री सुलेमान नि. शेखो का मौहल्ला, थाना देवबन्द जि.सहारनपुर। 1/2 श्रीमती गुलनाज पुत्री मौहम्मद यासीन पत्नि शमशेर नि. पुराना चिलकाना बस अड्डा, फिरोजी बाग, शहर सहारनपुर। 3. मौ. मुजम्मिल पुत्र मौ. तहसीन हाल नि. म.न. 13/1318/3 वाके मौहल्ला ख्वाजा जादगान , सहारनपुर( विप0) वादी ने आदालत में आवेदन किया है अतएव आप को चेतावनी दी जाती हैं कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ़ संदर्शित कर ने के लिए दि 3.12. 24 को दस बजे दिन अनुदिष्ट अपने वकील द्वारा अदालत में उपसजता हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और आवधारित किया जाएगा।

**आज्ञा से प्रबन्धक**

## क्रिकेट लीग मैच में पाण्डेय क्रिकेट टीम दो विकेट से विजयी

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध - उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के तत्वाधान में जनपद गाजीपुर के स्थानीय स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पीर नगर, गाजीपुर के जी.डी.सी.ए मैदान पर चल रहे गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग 2024-25 टूर्नामेंट में आज का मैच ए.पी.आर.सी.-रेड और आत्मा राम पाण्डेय क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि पवन भारत के स्वामी पवन राय ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया। मैच के पूर्व आज के मैच के दोनों अंपायर स्मृति राय तथा आकाश यादव ने रंजन सिंह के साथ मिलकर पिच का निरिक्षण किया। आज के मैच में ए.पी.आर.सी.-रेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने कर का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ए.पी.आर.सी.-रेड की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 09 विकेट के नुकसान पर कप्तान आदित्य भूषण के 95 गेंद पर 81 रनों तथा अंकित कुशवाहा के 42 रनों की बदौलत मात्र 218 रनों बनायीं। आत्मा राम पाण्डेय क्रिकेट टीम के तरफ से बाबू सिंह ने सर्वाधिक 2 विकेट एवं संदीप यादव एवं अभय कुमार ने 1-1 विकेट लिया। 219 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आत्मा राम पाण्डेय क्रिकेट टीम मैच के 28वें ओवर के तीसरी गेंद पर ही 220 रन बनाकर 02 विकेट से मैच जीत गयी। आत्मा राम पाण्डेय क्रिकेट टीम के तरफ से सुनील कुमार यादव ने सर्वाधिक 75 रन (63 गेंद पर) तथा चन्दन यादव ने 38 रन बनाया। ए.पी.आर.सी.-रेड के तरफ से रोहित कुशवाहा और दिव्यांशु राय ने 3-3 तथा प्रखर उपाध्याय ने 02 विकेट लिया। आज के मैच में स्मृति राय तथा आकाश यादव ने अंपायर तथा कुशाग्र भावेश आयुष और सिद्धार्थ ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अतिरिक्त ज्ञानशील त्रिपाठी सी0पी0सी के पदाधिकारी रंजन सिंह, शहंशाह खान, अश्वनी राय, रोहित जयसवाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

## कथावाचक गुप्तेश्वर पांडेय उर्फ गोविंदाचार्य गुप्तेश्वर महाराज ने सभी सनातनियों को जागरूक और संगठित होने का किया आह्वान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद के इनायत नगर में आयोजित राम कथा में पहुंचे बिहार के पूर्व डीजीपी और अंतरराष्ट्रीय राम कथा वाचक गुप्तेश्वर पांडेय उर्फ गोविंदाचार्य गुप्तेश्वर महाराज ने अयोध्या में सनातन धर्म की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को इस्लाम या ईसाई धर्म से ज्यादा नुकसान अपने ही सनातनी पाखंडियों से हो रहा है।गुप्तेश्वर पांडेय ने विशेष रूप से गायत्री परिवार, प्रजापति ब्रह्मा कुमारी, विहंगम योग और आर्ट ऑफ लिविंग जैसे संगठनों को ÷सनातन का पाखंडी करार दिया और आरोप लगाया कि ये सभी अपनी-अपनी दुकान चला रहे हैं। उनका कहना था कि ये संगठन सनातन धर्म के असली सिद्धांतों से भटकने का कारण बन रहे हैं, और इनकी वजह से धर्म का सही संदेश फैलने में रुकावट आ रही है।उन्होंने यह भी कहा कि सनातन धर्म को इस्लाम और ईसाईयों से ज्यादा नुकसान उन लोगों से हो रहा है जो खुद को सनातनी कहते हैं, लेकिन अपनी व्यक्तिगत संस्थाएं और संप्रदाय बना कर धर्म के नाम पर व्यापार कर रहे हैं।गुप्तेश्वर पांडेय ने यह भी कहा कि सनातन धर्म को मिटाने का किसी की औकात नहीं है, क्योंकि उसकी रक्षा भगवान स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने सभी सनातनियों को जागरूक और संगठित होने का आह्वान किया, ताकि सनातन धर्म की असल पहचान को बचाया जा सके।

## झांसी मेडिकल कॉलेज हादसे के बाद अयोध्या के अस्पतालों में अलर्ट

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुई दर्दनाक घटना जिसमें लगभग 10 बच्चों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से प्रदेश भर में प्रशासन अलर्ट मोड में है। प्रदेश भर के अस्पतालों का संबंधित अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज अचानक पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित को देखते ही अस्पताल में तैनात कर्मचारियों मैं अफरा तफरी का माहौल हो गया,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार के साथ अस्पताल के विभिन्न वार्डों, पर्ची काउंटर, दवा वितरण काउंटर और ओपीडी का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों का हाल जाना। इसके बाद अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों समेत मरीजों की सुरक्षा से जुड़े उपकरणों का अवलोकन करते हुए उपयोग किए जाने के बारे में पूछा तो सीएमएस ने बताया अस्पताल की कर्मचारियों को इसका उपयोग किये जाने के लिए फायरब्रिगेड पुलिस को मार्क ड्रिल करने के लिए पत्राचार किया गया है। लेकिन अभी वह लोग अस्पताल नहीं पहुंच सके हैं, जिसके चलते मार्क ड्रिल नहीं हुआ है। फिलहाल सुरक्षा के लिहाज से जल्द ही मार्क ड्रिल कराई जाएगी।आलोक सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झांसी की घटना को देखते हुए अस्पताल में लगाए गए अग्नि सुरक्षा संबधी यंत्रों को देखा कि वे चालू हालात में है की नही फिलहाल सब ठीक है, एक महीने पूर्व ही अग्निशमन यंत्रों को ठीक कराया गया था। जिससे सभी यंत्र ठीक मिले।

## अब वाट्सएप पर मिल रही बिजली के आने-जाने की जानकारी, पॉवर कार्पोरेशन ने सभी उपकेंद्रों पर बनाया वाट्सएप ग्रुप

**उपभोक्ता**

» ग्रुप में जोड़े जा रहे हैं उपभोक्ता, बिल जमा करने तक का किया जाता है मैसेज

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पॉवर हाउस कर्मियों के फोन न उठाने या संतोषजनक जवाब न मिलने की शिकायतों का योगी सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है। खास तौर से अयोध्या धाम को लेकर बेहद सतर्क रहने के निर्देश जारी हो चुके हैं। इसके बाद नगर के 32 उपकेंद्रों पर पॉवर कार्पोरेशन ने एक अच्छी और सुविधाजनक पहल शुरू की है। इसके तहत सभी उपकेंद्रों का वाट्सअप ग्रुप बना दिया गया है। इसमें उपकेंद्र के तहत सभी उपभोक्ताओ को तेजी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस ग्रुप में बिजली के आने-जाने और महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा की जा रही हैं। यह उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दे रहा है।

अब बिछ चुकी है अंडर ग्राउंड केबलें

अयोध्या में मंदिर निर्माण के हक में फैसला आते ही योगी सरकार ने अयोध्या को तेजी से डेवलप करने का कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान सड़कों का चौड़ीकरण हुआ। इसमें पुराने पोल हटे तो तारों को अंडरग्राउंड कर दिया गया। यह काफी सुविधाजनक हो गया। इधर-उधर फैले तारों से छुटकारा मिल गया, लेकिन कभी कभार फॉल्ट आने के बाद यह शिकायतें सामने आने लगी कि बिजली गुल होने के बाद पॉवर हाउस पर कोई पॉवर नहीं उठाता। उठाता है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं देता। यह देखते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से एक अनोखा प्रयोग शुरू किया गया।

उपकेंद्र के अवर अभियंता व पांच कर्मी हैं एडमिन

प्रथम चरण में नगर क्षेत्र के सभी 32 विद्युत उप केन्द्रों का अलग-अलग वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें करीब तीन लाख से अधिक उपभोक्ताओं को उप केन्द्र वार जोड़ दिया गया है। हर उपकेंद्र के नाम पर वाट्सएप्प ग्रुप बनाया गया है। इसमें अवर अभियंता से लेकर सभी उप केन्द्रों के पांच-पांच कर्मियों को ग्रुप का एडमिन बनाया गया है, ताकि सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान किया जा सके।

जल्द ही बचे हुए लोग भी जोड़े जाएंगे

विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि बार-बार यह शिकायत आ रही थी कि पावर हाउस पर कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। इसे देखते हुए अब वॉट्सअप ग्रुप बनवाया गया है।

कोई भी फाल्ट आने पर तत्काल सूचना डालने व लाइट कब तक प्रभावित रहेगी। इसकी जानकारी देने के लिए कहा गया है। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को जोड़ा जा चुका है। बाकी को भी जल्द जोड़ने का निर्देश दिया गया है। उपभोक्ताओं को बिल जमा करने का भी मैसेज डाला जाता है।

## भगवान राम लला का हुआ तिलक, वैदिक रीति से संपन्न हुआ तिलकोत्सव

**अयोध्या।** भगवान श्री राम लला का तिलक उत्सव बड़े धूमधाम से रामसेवकपुरम में वैदिक रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर अयोध्या के महापौर और जनकपुर से आए मद्धेश प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुए।तिलक समारोह में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दशरथ की भूमिका निभाई और समारोह की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया। वैदिक विद्वानों ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्री राम का तिलक किया। इस मौके पर महिलाओं ने तिलक उत्सव का विशेष गीत भी गाया, जो आयोजन में चार चांद लगा गया।इसके अलावा, वर पक्ष से अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और वधू पक्ष से जनकपुर से आए मद्धेश प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी तिलक समारोह में भाग लिया और लग्न पत्रिका को सौंपा।

## रामनगर पुलिस ने 48 घंटे के अंदर हत्यारोपियों को भेजा जेल



**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम पुरैना में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाए जाने के मामले में भाई के द्वारा लगाए गए दहेज हत्या मे तीन नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार की रात्रि ग्राम पुरैना निवासिनी 26 वर्षीया इंद्राणी पत्नी सुनील कुमार का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया था इस संबंध में मृतका के भाई ग्राम बिठौरा निवासी पवन ने पति सुनील कुमार ससुर राम प्रकाश पुत्र हरदत व सास कलावती पत्नी राम प्रकाश पर दहेज के लिए बहन की हत्या करने का कोतवाली पर मुकदमा लिखाया था। आरोपी मौके से फरार हो गए थे जिन्हें पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी आज सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने अपने सहयोगी उपनिरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार सिंह महिला कांस्टेबल अर्पिता भारती के सहयोग से तीनों हत्या आरोपियों को बोहनिया पुल के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक लिखा पढ़ी कर जेल रवाना कर दिया।

## बाइक व 40 हजार रूपये लूट की फर्जी सूचना देने वाले विरुद्ध कार्रवाई

**कोठी बाराबंकी।** दो दिन पहले थाना क्षेत्र के अतरौली पुल से 40 हजार की नगदी व बाइक लूटने की सूचना फर्जी निकली। खुलासा में भैंस खरीदार ने किसान का बकाया 40 हजार रूपये देने से बचने को लेकर फर्जी सूचना देना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने पांच लोगों विरुद्ध कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 16 नवंबर की रात क्षेत्र के देवकली गांव निवासी जमाल पुत्र वारिस अली ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी। उससे अतरौली पुल समीप चार नकाबपोश लुटेरे ने बाइक व 40 हजार रूपये नगदी लूट ली। रात में ही सक्रिय हुई पुलिस ने सर्विसलांस व इंटेलिजेंस मदद से खुलासा किया।? तब पुलिस पूछताछ में पीड़ित ने फर्जी लूट की सूचना देना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने करीब 12 दिन पहले क्षेत्र के लखनापुर गांव निवासी इंद्राज पुत्र रामखेलावन से 15 हजार देकर 67 हजार रूपये की कीमत की भैंस खरीदा थी। उसे 76 हजार रूपये में बेच दिया। मगर किसान इंद्राज के बकाया 40 हजार रुपए आए दिन तगदा कर रहा था?। जिससे बचने को लेकर फर्जी सूचना देना स्वीकार किया। इसमे रामअचल पुत्र बाबूलाल, अमित पुत्र जगतपाल व अमरेश पुत्र मोल्हे निवासीगण सरायपुरखो भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** सिसवा आईपीएल चीनी मिल में 21 नवंबर को हवन-पूजन करके डोंगे में गन्ना डालकर नए पेराई सत्र का शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी यूनिट हेड संदीप पंवार ने बताया कि मिल में नए पेराई सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए इंडेंट भी जारी किया जा रहा है।

## सरकार की योजनाओं व उसके सफल क्रियान्वय से किसान हुए हैं समृद्धशाली: आलोक सिंह रोहित

*अवधनामा संवाददाता*

**शुरूआत**

» -जिपंअ प्रतिनधि ने किया बघौड़ा अमानीगंज साहन सहकारी समिति में धान की तौल की शुरूआत

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने साधन सहकारी समिति बघौड़ा अमानीगंज में धान की तौल की शुरूआत की। यह सेंटर धान तौल के लिए कट गया था। आस-पास के किसानों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह से इसकी शिकायत करते हुए पुनः धान तौल प्राराम्भ कराए जाने का अनुरोध किया गया था। शिकायत पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रयास करके पुनः इस केन्द्र पर धान की तौल प्रारम्भ कराई गई है। धान की तौल प्रारम्भ होने से आस-पास के किसानों को धान की तौल के लिए दूर नही जाना होगा। तौल प्रारम्भ होने से स्थानीय किसानों में प्रसन्नता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह ने बताया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में किसानों को आर्थिक सबल बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई है। किसान सम्मान निधि से सीधे किसानों के खाते में धनराशि भेजी जा रही है। सरकार की योजनाओं व उसके सफल क्रियान्वय से किसान समृद्धशाली हुए है। उन्होंने बताया कि बघौड़ा साधन सहकारी समिति में धान की तौल बंद होने की शिकायत स्थानीय किसानों द्वारा की गई थी। प्रशासन से वार्ता करके पुन धान की तौल को प्रारम्भ कराया गया है। मौके पर समिति के सचिव सतीश कुमार पाण्डेय सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय किसानों की उपस्थिति रही।



## दीपोत्सव मेला 2024 में 1100 लोगों द्वारा सरयू आरती का नया कीर्तिमान, टीम को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्वाती शर्मा के साथ आयुक्त सभागार में दीपोत्सव मेला 2024 के दौरान सरयू आरती में एक साथ 1100 लोगों द्वारा आरती करने के ऐतिहासिक कीर्तिमान को मान्यता देने के लिए अपनी पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस कार्य को सफल बनाने में योगदान देने वाले खंड विकास अधिकारीगण, एनआरएलएम के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि, ÷कम समय में आपकी अथक मेहनत से सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना अत्यंत सराहनीय है। आप सभी बधाई के पात्र हैं।÷महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ÷सरयू आरती का दृश्य अत्यंत अद्भुत था, जिसे प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया। यह अयोध्या के लिए गर्व की बात है और यह सब आपके प्रयासों से ही संभव हुआ।मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने भी सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और सरयू आरती के कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की।इस मौके पर सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## मुशायरा: हिंदू-मुस्लिम एकता का दिया संदेश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** सिसवा खंड के अंतर्गत ग्राम सभा रुद्रापुर में रविवार की रात्रि अलखैर इमदाद सोसायटी कमेटी की देखरेख में अजमते-मुस्तफा-कांफ्रेंस व उर्स मुकद्दस का आयोजन हुआ। मुशायरा कांफ्रेंस की अध्यक्षता डॉक्टर जावेद खान और संचालन मौलाना अब्बास ने किया। इसमें हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया गया। जलसा की शुरुआत आजमगढ़ से आये मौलाना निजामुद्दीन साहब ने तिलावत ए कुरान पाक से किया। इस दौरान महराजगंज से शिरकत करने पहुंचे कमरुजमा कमर अलीमी चतुर्वेदी ने कहा कि कुरान को हिफ्ज़ करने वाले व्यक्ति के दरजात बहुत बुलंद होते हैं। अगर घर मे एक हाफिज हो गया तो समझो घर की बख्शिश का जरिया हो गया। बलरामपुर जनपद के उतरौला से आए मुफ्ती मसीहुद्दीन हशमती साहब ने बताया कि हम सभी को आपस मे मिलजुल कर रहना चाहिए।उन्नाव से आये नूर मुजस्सम साहब व कुशीनगर जनपद अंतर्गत खड्डा तहसील से आये शकील अख्तर निजामी साहब भी मुशायरे में शिरकत किया। इस दौरान सिराज अहमद, रहमत अली, यूसुफ अली, निजामुद्दीन, कमरुद्दीन, कादिर अली, नुरुल हुदा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## महादेवा में होने वाली सात दिवसीय महोत्सव में भोजपुरी फिल्मी हस्तियां मंच पर चार चांद लगाएगी

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** आगामी 29 नवंबर से होने वाले सात दिवसीय महादेवा महोत्सव के सभी कार्यक्रमों तय हो गए है।उपजिलाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि महादेवा महोत्सव बहुत ही भव्य एवं दिव्य होगा। इसके लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार काफी मेहनत कर रहे हैं। सभी कार्यक्रम फाइनल हो गए हैं।भोजपुरी गायक रितेश पांडे के साथ निशा उपाध्याय समेत कई फिल्मी हस्तियां महोत्सव के मंच पर चार चांद लगाएगी।पहले दिन 29 नवबर दोपहर 2:00 बजे महादेवा महोत्सव का विधि विधान व पारंपरिक तरीके से जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा। उसके बाद स्कूली बच्चों का कार्यक्रम मंच पर होगा। इसी शाम 4:00 से लेकर 7:00 तक बहार सुगम संगीत के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद शाम 7:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी फेम






स्वाती मिश्रा की भजन संध्या होगी तो वही रात दस बजे के बाद शानदार जबाबी कीर्तन का लार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 30 नवंबर को दोपहर में स्थानीय स्कूली बच्चों का कार्यक्रम होगा तो शाम 4 से 7 के बीच सूचना विभाग के लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया का कार्यक्रम होगा। वही शाम 7 बजे से रात 10:00 बजे तक इंडियन आइडल के कलाकार मंच पर अपने कार्यक्रम को प्रस्तुत करेंगे। तीसरे दिन 1 दिसंबर को दोपहर में स्थानीय कवियों का कवि सम्मेलन होगा तो वही 4:00 से 7:00 के बीच संगीत संध्या का कार्यक्रम होगा। तो शाम 7 से 10 के बीच बड़े कार्यक्रमों में मानस संध्या का कार्यक्रम होगा। वही 2 दिसंबर को दोपहर की पाली में बालीबाल प्रतियोगिता तो 4 बजे से शाम 7 बजे तक अवधी गीत व भजन संध्या होगी। रात में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन इसी मंच से होगा। जिसमें विष्णु सक्सेना समेत नामी गिरामी कवि मंच से काव्य पाठ करेंगे।3 दिसंबर को दोपहर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल होगा तो 4:00 बजे से 7:00 के बीच जादू होगा 7:00 से लेकर रात 10:00 बजे तक म्यूजिकल व कमेडी नाइट होगी। 4 दिसबंर को दोपहर में दंगल प्रतियोगिता होगी तो शाम 4 से 7 के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम कारवां फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।

तो वही शाम 7:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे के बीच भोजपुरी गायक रितेश पांडेय व निशा उपाध्याय मंच से अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। सात दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन दोपहर में दंगल प्रतियोगिता का फाइनल होगा तो शाम 4 से 7 के बीच लोक नृत्य एवं झांकी का कार्यक्रम तो शाम 7 बजे लेकर रात 10 बजे तक ब्रज की होली व दीप प्रज्ज्वल के साथ महादेवा महोत्सव का समापन होगा।

## ट्रक और कार की टक्कर, दो की मौत, चार घायल



**बीकापुर-अयोध्या।** रविवार की रात करीब 2 बजे कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव के पास प्रयागराज हाईवे पर ट्रक और एक कार के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार दो लोगों की मौत हो गई और दो मासूम बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के समय कार सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे और वाराणसी से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर गोंडा लौट रहे थे। हादसे में मृतकों की पहचान अरविंद गुप्ता 45 और राकेश गुप्ता 42 के रूप में हुई है। जबकि घायल हुए लोगों में आशीष गुप्ता 32, रंजना गुप्ता 35, सुरभा 5 वर्ष और श्रुति 6 वर्ष शामिल हैं। सभी को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य किया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया। डॉक्टरों ने मृतकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, लेकिन ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और इस हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है।

## तहसील चुनाव व शपथ ग्रहण की बनी रुप रेखा

■ तहसील कार्यकारणी का चुनाव 15 दिसंबर को
■ 24 नवंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** सोमवार को वार्षिक चुनाव के पश्चात जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की पहली बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रेस क्लब कार्यालय में हुई।बैठक में क्लब के संरक्षक शैलेष पांडेय ने प्रस्ताव पास किया कि वार्षिक चुनाव के उपरांत जनपद स्तरीय आधिकारियों की मौजूदगी में भव्य शपथ ग्रहण समारोह 24 नवम्बर दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा।निवर्तमान महामंत्री सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने पूर्व तहसील कार्यकारणी को भंग किया । अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने सर्वसम्मत से चारों तहसील का चुनाव 15 दिसंबर को सुनिश्चित किया। अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील के चुनाव को संपन्न कराने के लिए सदर तहसील के मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक शरण श्रीवास्तव व सहायक चुनाव अधिकारी सत्यप्रकाश मद्धेशिया तथा पर्यवेक्षक प्रेम सिंह व फरेन्दा तहसील का चुनाव संपन्न कराने के किए मुख्य चुनाव अधिकारी शैलेष पाण्डेय एव सहायक चुनाव अधिकारी सुनील यादव और पर्यवक्षक के रूप में सुधेश मोहन श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया। नौतनवा तहसील का चुनाव सपन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी जिला महामंत्री विनय नायक एवं सहायक चुनाव अधिकारी नवीन मिश्रा तथा पर्यवेक्षक के रुप में संस्थापक सदस्य जगदीश गुप्ता होंगे । निचलौल तहसील का चुनाव कराने के लिए विपिन श्रीवास्तव व सहायक चुनाव अधिकारी बी डी यादव व पर्यवेक्षक संरक्षक जयप्रकाश सिंह होंगे। चुनाव प्रक्रिया 8 दिसंबर से शुरू होगी।समस्त चुनाव अधिकारी वोटर लिस्ट प्राप्त करने के साथ साथ चुनाव स्थल व समय सारणी जारी करेंगे। और चुनाव से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों संपादित करेंगें। पूरे चुनाव प्रकिया के लिए एक केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया है । जिसमें संरक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, विश्वदीपक त्रिपाठी, नवीन सिंह विशेन चुनाव से संबंधित सभी समस्याओं का हल करेंगे जो किसी भी समस्या करा निस्तारण करने के किए सक्रिय रहेंगे।

## प्रदेश की सरकार धर्म के आधार पर मुस्लिमो का उत्पीड़न कर रही: रणधीर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में जो गतिविधियों हो रही है, उससे यह लगता है कि औररंगजेब मुफ्त में बदनाम था. इतिहास के पन्नों में यह कभी दर्ज नहीं मिलेगा कि और औरंगजेब ने किसी धर्म की प्रार्थना सभा में सेना का उपयोग कर उस पर कोई अत्याचार किया हो। लेकिन आधुनिक औरगंजेब की तरह से जनपद व अन्य जिलों में दलित मसीही प्रार्थना सभाओं को पुलिस द्वारा हटा दिया जाता है और सम्बन्धित खाने-पीने के सामान नष्ट किया जाता है और धर्म परिवर्तन कराने का नाम देकर गिरफ्तारियों की जा रही है। जो संविधान का घोर उलंघन है यह ज्ञापन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदेश के राज्यपाल को सम्बोधित जिलाधिकारी के माध्यम से द्वारा




दिया गया है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि धर्म के आधार पर प्रदेश में उत्पीड़न किया जा रहा है। वहीं जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि किसानों को खाद तक सरकार उपलब्ध कराने में असमर्थ है। राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने कहा कि पराली जलाने पर जुर्माना लगाया जा रहा है लेकिन औद्योगिक कंपनियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि किसानों के आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में फेल है सिर्फ फर्जी बयानबाजी करती है। प्रदर्शन में रुबी सिंह राजेन्द्र बहादुर सिंह श्याम सिंह अलाउद्दीन संदीप वर्मा प्रदीप वर्मा योगेश सिंह परमेंद्र वर्मा, दीपक वर्मा दीपक शर्मा शैलेंद्र मिश्रा संदीप तिवारी संदीप वर्मा प्रदीप वर्मा मोहम्मद काशिफ योगेंद्र सिंह सच्चिदानंद श्रीवास्तव महेंद्र यादव राजकुमार वर्मा अमर सिंह गुड्डू आदि प्रमुख लोग थे।

# अंजुमन गुंचा मातम के तत्वावधान में हुआ जश्न ए सज्जाद का आयोजन

## बैरूनी शायरों के साथ मुकामी शायरों ने पढ़े इमाम सज्जाद अस की शान में कलाम खूब बटोरी वाहवाही

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शिया मुसलमानों के चौथे इमाम ज़ैनुल आब्दीन अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत के मौके पर रविवार शाम शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन गुंचा मातम के तत्वावधान में जश्न ए सज्जाद के उनवान से महफ़िल का आयोजन इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें देश के मशहूर शायरों ने इमाम सज्जाद अस.की शान में कलाम पढ़कर खेराजे अकीदत पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। वहीँ मुक़ामी शायरों ने भी एक से बढ़ कर एक कलाम पेश किया महफ़िल का संचालन बेताब हल्लौरी व अज़ीम हल्लौरी ने किया।

जश्न ए सज्जाद का आगाज़ माहताब हैदर काका के तिलावते कलाम पाक से हुआ। तत्पश्चात शादाब हल्लौरी ने नाते पाक पेश करते हुए कहा कि आई सदाए ग़ैब के है पुश्त पर हुसैन-तब राज़ खुल गया तेरे सजदे के बतूल का, जिसे सुनकर मौजूद लोग वाह वाह कह उठे। महफिल की शुरुआती तकरीर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी इमाम जुमा जमात जामा मस्जिद हल्लौर ने किया। उन्होंने कहा कि मासूमो व इमामो के विलादतों और शहादतों का मकसद व उनके उद्देश्य को समझना भी है। जिससे इस्लाम की रोशनी जहिलियत के अंधेरे को रोशन कर सके। महफिल में मेहमान शहरों में लखनऊ से आए शम्स तबरेज, नजम, फरहान बनारसी शब्बर नौगावीं, सोहेल बस्तवी,शुजा अतरौली व अंजार सीतापुरी ने महफिल में अपने कलाम से समां बांधे रखा। वही स्थानी शयरों में शमशाद हल्लौरी, बेताब हल्लौरी, सावन,डॉ अम्मार,हसन जमाल, फलक, अनवर मुम्बई ने कलाम पेश करते हुए कहा कि जिस घड़ी देखा तेरा चाँद सा चेहरा सज्जाद- आ गया माथे पे युसूफ के पसीना सज्जाद, दीन की शान शरीयत का सवेरा सज्जाद-अज़्मतें क्यू ना पढ़ें तेरा क़सीदा सज्जाद। इसी तरह फरहान, हानी, मुमताज़ आदि ने कलाम पेश किया। महफिल में देर रात तक अक़ीदतमन्द जुटे रहे। महफिल के समापन की तकरीर में जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने इमाम की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि उनके संदेशो को लोगों को अपनी जिंदगी में अमल में लाना ज़रूरी है तभी इन आयोजन का मकसद पूरा हो सकेगा। अंत मे अंजुमन गुंचा मातम के सदर मेहंदी हैदर पप्पू, सेक्रेटरी जमानत अब्बास हनी ने आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया। महफ़िल के दौरान ताशबीब हसन, कामियाब, इंतेज़ार, अज़ीम हैदर, मोहम्मद, काजिम रजा, महफूज, वफादार, दरयाफ्त हुसैन, जानू,जाफर, इंतेज़ार, शबाब, तसकीन हैदर, शबीह हैदर, इरफान, जानशीन, ज़हीन हैदर, किसान मोहम्मद हसन, शब्बीर, आरजू, शमशाद आदि मौजूद रहे।

**मासूमो व इमामो के विलादतों और शहादतों का मकसद व उनके उद्देश्य को समझना भी है : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी**

# मनरेगा कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में आज़ाद अधिकार सेना ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के कई ब्लाकों में जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा कार्यो में किये जा रहे भ्रष्टाचार के के सम्बन्ध में आज़ाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र उपाध्याय जिला प्रभारी उपेन्द्र चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को आज़ाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र उपाध्याय जिला प्रभारी उपेन्द्र चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड खेसरहा व बांसी के जिम्मेदारों द्वारा अनेकों ग्राम पंचायतो में फोटो से फोटो बनाकर व फर्जी मनरेगा मजदूरों के नाम पर हाजिरी लगाया जा रहा है जिससे सरकार की भ्रष्टाचार की जीरो टारलेस नीति पर पानी फिर रहा है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से जनपद स्तरीय उच्चाधिकारियों से जांच कराकर सम्बंधित जिम्मेदारों पर उचित कार्यवाही की मांग की है । ज्ञापन में कहा है कि जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा कार्यो में किये जा रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगा तो 27-11-2024 को कलेक्टर परिसर में आजाद अधिकार सेना पार्टी के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## क्लिनिक का हुआ उद्घाटन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के अमर गांधी बालिका विद्यालय के समीप रामगढ़ रोड स्थित न्यु भारत क्लीनिक का उद्घाटन समारोहपूर्वक फीता काट कर किया गया। उक्त अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव अनीसुर्रहमान,जिला महामंत्री राजित राम यादव, डॉ रहबर, डॉ के के हैदर, प्रशांत कुमार, मोहम्मद मेंहदी, मौलाना जैगम अब्बास, मौलाना जाफर रजा, अली अब्बास, मोहम्मद अब्बास राजा, इब्ने अली जाफरी, शबीहुलहसन,हाजी नसीम, अली असगर, अली नकी, गुलाम अब्बास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी बानगंगा द्वारा सीमावर्ती ग्रामीणों के रोजगार सृजन हेतु मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत- नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम जैसे ग्रामीणों को कौशल विकाश के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने, ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने, खेल-कूद के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने तथा शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को अपने देश के ऐतिहासिक, शैक्षणिक संस्थाओं व संस्कृति से रु-ब-रु होने का अवसर प्रदान करने जैसे कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। इसके साथ ही एसएसबी ने नशा मुक्त भारत अभियान, स्वच्छता अभियान आदि को संचालित कर सीमावर्ती लोगो को जागरूक करने तथा उक्त अभियानों में लोगो की भागीदारी कर भाई चारे के वातावरण को कायम रखती आ रही है 43वीं वाहिनीं द्वारा लगातार सीमाक्षेत्र के छात्राओं को मार्गदर्शन कर सेना में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को साइबर क्राइम, मानव तस्करी, बाल श्रम आदि के बारे में जागरूक करने हेतु प्रयासरत रही है।

इसी क्रम में सोमवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी बानगंगा में मधुमक्खी पालन पर कार्यशाला का आयोजन कर सीमावर्ती ग्रामीणों को वैज्ञानिक तकनीक से मधुमक्खी पालन के बारे में प्रशिक्षित किया गया जिससे प्रशिक्षण प्राप्ति के पश्चात सीमावर्ती ग्रामीण इसे व्यवसाय के रूप में अपनाकर रोजगार के अवसर का निर्माण कर सके इस प्रशिक्षण में सीमा क्षेत्र के डोहरिया बुजुर्ग,इटवा भाट, बगुलहवा, खोरिया, अकबरपुर, परसौना आदि गाँवों से कुल 10 ग्रामीणों को प्रशिक्षण कराया गया। इस दौरान एएसआई महावीर चौहान, एसआई चन्द्रवर्मन, जीडी विनायक, मुरत कुमार, पंकज कुमार,व ग्रामीण विन्देश्वरी, रामधनी, सुनील, धर्मेन्द्र शर्मा, जवाहिर ठाकुर, अब्दुल हुसैन, अकबर, मुस्ताक अहमद,शमी, सहदेव तिवारी आदि लोग मौजूद रहें।

## बच्चों हेतु साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला आज

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मानव सेवा संस्थान सेवा द्वारा क्रॉस बॉर्डर एंटी ट्रैफकिंग नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बाल दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए विश्व बाल शोषण रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास खण्ड नौगढ़ कार्यालय के सभागार में किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मानव सेवा संस्थान सेवा की अध्यक्षा आशा त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को 6 राज्यो के 26 जिलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 26 गैर सरकारी संगठनों के सहयोग, सकारात्मक, सामूहिक प्रयास से यह कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बच्चो को लक्षित करने वाले बाल दुर्व्यवहार और साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और सहयोगात्मक कार्यवाही को बढ़ावा देना है।

## सड़क दुर्घटना में कालेज कर्मी की मौत

**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राज मार्ग पर रविवार की रात बाइक सवार व्यक्ति को ट्रेलर ने ठोकर मार दी।जिससे बाइक सवार की मौत हो गयी और पीछे बैठी पुत्री घायल हो गयी। दुर्घटना से वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गयी लोगों ने दोनों घायल पिता पुत्री को कैम्पियरगंज में स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर ले जहां पिता राजेश शर्मा की मृत्यु हो गयी। गम्भीर रूप से घायल पुत्री का उपचार चल रहा है। मृतक राजेश शर्मा पुत्र जोखन शर्मा उम्र 45 वर्ष जो आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के अम्बेडकर नगर वार्ड के निवासी थे। वह शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में कर्मचारी के पद पर तैनात थे।मृतक राजेश शर्मा के दो पुत्र व दो पुत्री है। बड़ी बेटी की शादी अप्रैल माह में होना था।वह उनवल जिला गोरखपुर में अपने चाचा के लड़के की शादी समारोह में शामिल होने के लिए रविवार की सायंकाल बाइक पर अपने पुत्री को बैठाकर जा रहे थे।घर के अन्य सदस्य दो दिन पहले ही उनवल चले गये थे। सोनौली गोरखपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर कैम्पियरगंज ओवर ब्रिज के पास सामने से आ रही ट्रेलर ने बाइक को ठोकर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही उनवल में कोहराम मच गया। पत्नी सुशीला को घटना की जानकारी होते ही वह बेहोश होकर गिर गयी। खुशी का माहौल गम में बदल गया हर किसी की आंखें नम थी। कैम्पियरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## साइबर ठगों ने किसान को बनाया शिकार, ठगे पैसे, 1930 पर दर्ज करायी शिकायत

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आपकी बेटी की सहेली गुड़िया का पति बोल रहा हूं। मेरा बच्चा बहुत सीरियस है, अस्पताल में भर्ती है। पैसों की जरूरत है। साइबर ठग ने यह बात टांडा थाना क्षेत्र के अजमेरी बादशाहपुर गांव के रहने वाले किसान चंद्रभान से कही। यह बात सुनने के बाद उन्होंने बिना कुछ सोचे अपने खाते से 22 हजार 999 रुपये ठग द्वारा दिए गए गूगल अकाउंट में भेज दिए। पीड़ित के अनुसार पैसा भेजने के बाद जब उन्होंने पलट कर पैसा मिलने की जानकारी मांगने की कोशिश की तो फोन बंद मिला। तब उन्हें अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर थाने पर शिकायत दर्ज कराई। ठगी के ऐसे ही मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। यह हाल तब है जब लोगों को कई माध्यम से बार-बार जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके आए दिन ठगी के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। ऑनलाइन लेन-देन करने वालों को अपने झांसे में फंसाने के लिए यह साइबर ठग नई-नई तरकीबें खोज निकालते हैं। ठगी होने पर बिना देरी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।साइबर ठग इन दिनों ठगी के तीन तरीके अपना रहे हैं। कभी वीडियोकॉल के जरिए पुलिस व अन्य अधिकारी बनकर लोगों को डरा-धमकाकर ठगी कर रहे हैं। तो कभी कुछ अहम जानकारी जुटाकर लोगों को विश्वास में लेकर ठगी का खेल किया जा रहा है।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कॅरियर काउंसलिंग फेयर कार्यक्रम का आयोजन आज

अवधनामा संवाददाता

- **छात्र-छात्राओं को कॅरियर की दिशा में विशेषज्ञों की ओर से दी जाएंगी अहम जानकारियां**
- **देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ कई आईएएस एवं आईपीएस भी देंगे टिप्स**

**सिद्धार्थनगर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को कॅरियर काउंसलिंग फेयर कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें एक हजार छात्र-छात्राओं को कॅरियर की दिशा में विशेषज्ञों की ओर से अहम जानकारियां दी जाएंगी। बच्चों के स्वालों का जवाब भी विशेषज्ञ देंगे। विशेषज्ञ कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं को बताएंगे कि उन्हें किस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए क्या करना चाहिए। इसमें प्रमुख विषयों का स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां छात्र संबंधित विषय के बारे में बेहतर जानकारी प्राप्त कर पाएंगे।

इस कार्यक्रम में जहां 20 संस्थाओं के स्टाल लगाए जाएंगे, वही जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में एलईडी के जरिए लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की निर्देशन और मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार के देखरेख में शहर में स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 19 नवंबर को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ कई आईएएस एवं आईपीएस भी टिप्स देंगे। बताया कि छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, लेकिन सभी छात्र-छात्राओं को शुरुआती दौर में सही जानकारी नहीं मिल पाती है। कॅरियर फेयर में पेशेवर शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी दी जाएगी। डीआईओएस ने कॅरियर काउंसलिंग फेयर में उन्हीं छात्रों को प्रवेश मिलेगा जिन्हें परिचय पत्र निर्गत किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रधानाचार्यो को उनके स्कूलों से आने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या निर्धारित कर दी गई है। निगरानी के लिए छात्रों के साथ संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, एक शिक्षक का आना अनिवार्य किया गया है। कॅरियर काउंसलिंग फेयर में आयोजित होने वाले विविध गतिविधियों को यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से कोई भी व्यक्ति या छात्र घर बैठे देख सकेगा। इसके लिए जल्द ही लिंक को सार्वजनिक किया जाएगा। कॅरियर काउंसलिंग फेयर में पांच सत्र होंगे, जिसमें मोटिवेशनल स्पीच, सिविल सर्विसेज, इंजीनियरिंग एवं प्रबंध, मेडिकल सेशन के साथ ही विविध सत्र में स्किल विकास, इनोवेशन डिजाइन, इंटरप्रेन्योगशिप संगीत, खेल, कला आदि बिंदु शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि सत्र विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित करने के लिए अधिकारियों को लाइनजन आफिसर नियुक्त किया गया है, इनमें एसडीओ वन बीना तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र, जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग दीपक मिश्र, तहसीलदार सदर संतराज, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संदीप कुमार मौर्य, जिला युवा कल्याण अधिकारी विनय राव, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजेश शर्मा, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री हैं। जिविनि ने बताया कि अलग-अलग सत्रों के विशेषज्ञ का चयन किया जा चुका है। इनमें सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की कुलपति प्रो. कविता शाह, आईपीएस गौरव त्रिपाठी, दृष्टि आईएएस कोचिंग दिल्ली से अभिषेक कुमार मिश्र, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी, गीडा संस्थान गोरखपुर के निदेशक एमके सिंह, डॉ. आरएल श्रीवास्तव, मोमेंटम कोचिंग सेंटर के अरविंद त्रिपाठी, विकास अग्रवाल, एलवन कोचिंग वाराणसी के निदेशक डॉ. अरुण त्रिपाठी, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश मोहन, सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु से डॉ.अखिलेश दीक्षित, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी कुमारी रिया श्रीवास्तव, क्रिकेटर अयान चौधरी प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं।

# नजूल भूमि पर किया जा रहा निर्माण जल्द ही गिराया जायेगा

अवधनामा संवाददाता

**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** टांडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अलीबाग हयातगंज मोहल्ले में सार्वजनिक कूआं, सार्वजनिक नल व नजूल भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर लेने के मामले में नगर पालिका परिषद टांडा के अतिक्रमण प्रभारी द्वारा दुवारा नोटिस जारी कर तीन दिन में अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है यदि तीन दिन में अपना पक्ष नही प्रस्तुत करते हैं तो अवैध निर्माण गिराने की कार्यवाही की जायेगी। नगर पालिका के दुबारा नोटिस देने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला हयातगंज अलीबाग पर एक पुराना कुंआ, एक सार्वजनिक नल तथा नजूल भूमि पर एक शोहदेदार व्यक्ति द्वारा बीते दिनो अतिक्रमण कर लेने से मोहल्ले वासी आक्रोशित हो गये मोहल्ले के लोगो का आरोप है कि नजूल भूमि पर सरकारी खड़जा में टेली फोन का पोल लगा हुआ था उसी मे सार्वजनिक कूआ , सरकारी नल लगा है जिसे शोहदो ने चारो तरफ से बाउन्ड्री वाल कराकर अपने अधीन कर लिया है नजूल भूमि, कूआं और नल का उपयोग हमेशा से धोबी समुदाय के लोग किया करते थे। मामले मे हो हल्ला मचने पर नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी ने नोटिस जारी कर दिया लेकिन नोटिस जारी करने के बाद भी शोहदे द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नही किया गया । नगर पालिका दुबारा जारी करके तीन दिनो में पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अतिक्रमण प्रभारी शमशाद जुबेर ने बताया कि हयातगंज मोहल्ले में दो दिन पूर्व अतिक्रमण की जानकारी मिलने पर काम रोकवा कर संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी की गयी नोटिस जारी करने के बाद भी उस व्यक्ति द्वारा अपना पक्ष नही प्रस्तुत किया गया अब पुनः उसी व्यक्ति को नोटिस जारी कर तीन दिनो में अपना पक्ष प्रस्तुत का निर्देश जारी किया गया हैपक्ष प्रस्तुत न करने की दशा में अवैध निर्माण गिराने की कार्यवाही की जायेगी।

## ईओ नपं ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी हरेंद्र चौरसिया द्वारा कान्हा गौशाला डुमरियागंज का निरीक्षण किया गय। निरीक्षण में चारे-भूसे की उपलब्धता, शीत लहर से बचाव हेतु तिरपाल आदि व्यवस्था के संदर्भ में निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन आज शाम को ही सुनिश्चित कर लिया गया है। इस मौके पर महंथ मिश्रा, अर्पित द्विवेदी, संकटा श्रीवास्तव, समस्त गौशाला कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी थाना क्षेत्र में कस्बा चौकी से करीब सौ मीटर की दूरी पर सोमवार की सुबह करीब सात बजे शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। चंद मिनट में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। करीब दो घंटे की मेहनत मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। कस्बा काकोरी के कटरा बाजार में कमरान पुत्र निसार अहमद की रेडीमेड की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में रखे करीब साढ़े तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया वहीं दुकान के अंदर खड़ी एक बाइक और एक स्कूटी भी जलकर हुई राख हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

# अभय सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के लिये माँगा वोट

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में धमाकेदार एंट्री करते हुए समाजवादी पार्टी के गोसाईगंज विधानसभा के विधायक अभय सिंह ने कटेहरी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री और कटेहरी विधानसभा से तीन बार के विधायक धर्मराज निषाद के लिए आधा दर्जन से अधिक गांवों में अपने सजातीय मतदाताओं के अलावा अन्य जातियों के मतदाताओं से धर्मराज निषाद को भारी पैमाने पर वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी का पी डी ए का नारा बिल्कुल खोखला है सपा के पी डी ए का मतलब है परिवार डेवलपमेंट एजेंसी और इस पार्टी में रहने वाले सभी लोग अपने परिवार का विकास करने के लिए जी जान से लगे हुए हैं और नारा पी डी ए का दे रहे हैं विधायक ने सपा प्रत्याशी के पति और सांसद लाल जी वर्मा पर आरोप लगाया कि उन्होंने हौशिला निषाद नामक एक कार्यकर्ता जो बनकठवा रपलिया गांव का निवासी था उसके बेटे की तबीयत खराब हो गई थी वह झारखंड के अस्पताल में भर्ती था वहां से 574000 का एस्टीमेट दवा के लिए बना था उसे लेकर वह सपा सांसद लाल जी वर्मा के पास गया उन्होंने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पैसा दिलाने के लिए उसे चिट्ठी लिख दी जबकि वह अच्छी तरह से जानते थे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कोष से पैसा दूसरे प्रदेश में यानी कि झारखंड में नहीं जा सकता है यह जानते हुए भी उन्होंने एक गरीब कार्यकर्ता की मदद नहीं की। वह कार्यकर्ता उनके पी डी ए के नारे के चक्कर में लोकसभा चुनाव में मेरा साथ छोड़कर उनके साथ चला गया था सांसद ने अपने अहंकार के कारण उस निषाद के बेटे की दवा इलाज में मदद नहीं की। जब उसे लखनऊ जाकर पता चला कि पैसा दूसरे प्रदेश में नहीं जा सकता है तो वह दोबारा उनके पास गया तब उन्होंने प्रधानमंत्री कोष से पैसा देने के लिए एक रजिस्ट्री पत्र दिल्ली भिजवा दिया और उसे समय से पैसा नहीं मिल पाया जिसके के कारण उसके बेटे योगेंद्र निषाद की मौत हो गई। उन्होंने सांसद द्वारा लिखा गया पत्र भी लोगों को दिखाया और कहा यह ऐसे नेता हैं जो जनता को सिर्फ अपने लिए इस्तेमाल करते हैं ये वोट देने के योग्य नहीं है श्री सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने आज तक क्षेत्र के विकास के लिए एक भी चिट्ठी शासन में नहीं लिखी है वह खाली लोगों में झगड़ा लगाकर अगडा पिछड़ा करके चुनाव जीतना चाहते हैं और चुनाव जीतकर अपने परिवार का विकास करना चाहते हैं उन्होंने अपनी पत्नी को पहले जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया पुत्री को जलालपुर से विधायक बनाने के लिए चुनाव लड़ाया और अब जब स्वयं सांसद बन गए तो वह नहीं चाहते कि कोई और यहां से विधायक बने। उनकी इच्छा है की विधायक उनकी पत्नी ही बने।

# महिला अस्पताल टांडा में जल्द मिलेगी प्रसव की व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** टांडा नगर वासियों के लिए खुशखबरी है आने वाले कुछ दिनों में नगर में बने 30 बेड के महिला अस्पताल में सामान्य प्रसव की सुविधा गर्भवती को मिलने लगेगी। इससे आस-पास की महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान आसानी से इलाज मिल सकेगा। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।नगर पालिका टांडा की आबादी लगभग डेढ़ लाख है। आस पास के गांव को मिला लिया जाय तो लगभग तीन लाख की आबादी की महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान सीएचसी टांडा,अर्बन पीएचसी मुबारकपुर के अलावा मातृशिशु विंग में इलाज के लिए जाना पडता है। कोविड के समय में बनकर तैयार 30 बेड के महिला अस्पताल का चयन भर्ती के लिए किया गया। कोविड के समाप्त होने के बाद से इसे महिलाओं व बच्चों के इलाज के लिए शुरू कर दिया गया। बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग ने सामान्य प्रसव के सभी उपकरण भी उपलब्ध कर दिए हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में दो महिला चिकित्सक डॉ. मोहसिना खातून, डॉ. गुलराना नेयाज के अलावा तीन स्टाफ नर्स स्वीटी शुक्ला, विशाखा कान्तू व रेनू की तैनाती है। फार्मासिस्ट कमलेश यादव, लैब सहायक राजकुमार और चार चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की भी तैनाती है। बताया कि अस्पताल में प्रसव होने से टांडा नगर के अलावा आस -पास के लोगों को भी इलाज में काफी आसानी मिलेगी। डॉ. राजकुमार, सीएमओ ने कहा महिला अस्पताल टांडा में आचार संहिता समाप्त होने के बाद सामान्य प्रसव कराया जाएगा। सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।

## आईजीआरएस का नहीं हो पा रहा ठीक से निस्तारण

**टांडा (अम्बेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद टांडा मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल की धज्जियां उड़ा रही है। पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर रहा है। इसे लेकर शिकायतकर्ता परेशान हैं और शासन को शत-प्रतिशत निस्तारण की रिपोर्ट भेजकर मौज काट रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता की शिकायतों का आसानी से निस्तारण कराने के लिए जनसुनवाई पोर्टल लांच कराया है।शासन का मकसद लोगों को घर बैठे इंसाफ दिलाने का है। पर, अधिकारियों की मनमानी की वजह से सरकार की इस मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। शिकायतकर्ताओं के मामलो का निस्तारण किये बिना ही पोर्टल पर इसे निस्तारित दिखा देते है इसे लेकर शिकायत दर्ज कराने वाले परेशान हैं। ऐसा ही मामला टांडा नगर पालिका क्षेत्र का है शिकायत कर्ता दानिश द्वारा पांच अक्टूबर को शिकायत की गयी कि बेबी डेयरी हाऊस से कौमी इण्टर कालेज तक व कौमी इण्टर कालेज से सिकन्दराबाद चौराहे तक गड्ढा युक्त मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की गयी । मामले मे नगर पालिका द्वारा यह बताया गया कि सड़क में हुए गड्ढ़ों में जीएस0बी0 भरवाकर कार्य किया जा रहा है. जो प्रगति पर है। आम जनमानस को आवागमन में कोई व्यवधान नहीं है। यही दिखाकर मामले का निस्तारण कर दिया गया।

## लैन्सेट की रिपोर्ट

मौसम को लेकर लैन्सेट की रिपोर्ट भयावह है। दस साल में मौसम इस तेजी से बदला कि जीवन के लिये गम्भीर खतरा बन गया। पहले साल में चार बार मौसम बदलता था। अब 40 बार बदलता है। पहले अक्टूबर में सर्दी शुरू होती थी पर इस बार सबसे गर्म महीना रहा। लैन्सर के रिपोर्ट के अनुसार 2014 से 2023 के बीच मौसम जल, जंगल, जमीन सहित हमारे जीवन का भी काल बनने लगा है। बीमारियों का भूगोल भयावह तस्वीर पेश कर रही है।

मलेरिया का क्षेत्र बढ़ता जा रहा है। भारत और अफ्रीका पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। जल निकायों का तापमान और लवणता बदला जिससे पेट का रोड बढत पर है। मच्छरों से पैदा होने वाले रोगो का दायरा बढ़ता जा रहा है। इससे न्यूरोलाजिकल बीमारियां से लोग आहत हो रहे है। 2023 में 50 लाख डेगू के मरीज दुनियां में 2023 में दुनिया की 48 प्रतिशत जमीन सूखे। 1951 के बाद सबसे बड़ा सूखा 2023 में 170 बार 2022 में बाढ की घटनायें हुई। 15.1 करोड़ लोग भुखमरी के चपेट में आ गये। बाढ़ और सूखे से 124 देश परेशान।

भारत की बात करें तो 2023 में 2400 घन्टे से ज्यादा भीषण गर्मी से 2023 के बीच 45 से 58 प्रतिशत बढ़ी हीट बेव 100 दिनों तक बाहर निकलना नितान्त मुशकिल रहा। हीट बेव का बुरा आसर आर्थिक हालात पर भी पड़ता है। हीट बेव से 500 बिलियन घन्टों का नुकसान दुनियां को 8358 डालर का नुकसान मिला। समुद्र अलग चुनौती पेश कर रहा है। 7500 किमी. से लम्बी तटरेखा खतरे में है। समुद्र के किनारो से 181 लाख लोगो को हटना पड़ेगा। मौसम के बदलते रफ्तार से बिमारियो का दायारा और स्वरूप बढ़ता और बदलता जा रहा है। 2022 की तुलना में 1986 से 2005 के बीच औसत से कम नीद आयी। औसतन 6 प्रतिशत से अधिक घन्टो का रूप बर्बाद हुई। नीद न आने से तनाव महामारी का रूप ले रहा है। नीद न आने से तनाव महामारी का रूप ले रहा है। गर्भ और शिशुओ पर बढ़ा खतरा। दिल सांस और गुर्दे की बीमारियां बढ़ती जा रही है। कार्य में सरकारे सुधार के लिये बड़ी बाते करती है वहां से लौटते ही सब कुछ भूल जाती है। सम्पन्न देश गरीब देश के बल पर प्रकृति का ख्याल किये बिना अपनी सम्पन्नता बढ़ाने में लगी है। अविकसित देशो को सुधार के लिये आर्थिक मदद की बाते और वादे करती है पर करती धरती कुछ नहीं है। 2023 में जीवाश्म ईंधन के लिये सबसीडी 14 मिलियन डालर का प्रावधान किया पर व्योहार में सब जीरो ही रहा। यह प्रावधान कार्य 28 में वित्तीय प्रतिबद्धता से ज्यादा है। सरकारे वादे प्रकृति को बचाने के लिये खूब बड़ी बड़ी करती है पर कार्यो के द्वारा प्रकृति को सवारने के बजाय बिगाड़ने में लगी रहती है वह भी गरीब देशों की कीमत पार। प्रकृति के विकृति के सुधारने में स्वयम् सेवी संस्थायें महत्वपूर्ण गतिधियों निभा सकती है पर वे भी वादे करती है पर कोशिश सरकारी मदद पाने के लिये लगाती रहती है। उनमें भ्रष्टाचार भी है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के बारे में भी सोचना समस्या चाहिये हम क्या विरासत उनके लिये छोड़ कर जा रहे है।

## प्रकृति के अलग-अलग तेवर


संजीव ठाकुर

भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है। इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैद्य अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60 फीसदी तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43 फीसदी से 50 फीसदी तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54 फीसदी अधिक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कैलाश गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी के लिये उल्टी गिनती का द्योतक है, यह राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है, क्योंकि गहलोत ने एक तो यह कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार यमुना को साफ नहीं कर सकी और स्थिति यह है कि वह पहले से अधिक गंदी हो गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतता है। भले ही 'आप' कैलाश गहलोत की इन बातों को यह कहकर खारिज कर सकती है कि वह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और यह भी कहा जा सकता है कि गहलोत पर ईडी-सीबीआइ आदि का दबाव था। निश्चित ही गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे।**

# गहलोत के इस्तीफे का झटका, बड़े संकट का संकेत


ललित गर्ग

दिल्ली में विधानसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा। दिल्ली सरकार के प्रमुख मंत्री कैलाश गहलोत ने जिस तरह से चुनावी वादों को पूरा न करने जैसे ऐसे अनेक मुद्दों का जिक्र करते हुए अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो अरविंद केजरीवाल की छवि पर सीधी चोट करने वाले हैं। दिल्ली के विकास की बजाय 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतने की बात कहकर गहलोत ने आम आदमी पार्टी की एक बड़ी कमजोरी को उजागर किया है, जो 'आप' के लिये एक बड़ा राजनीतिक संकट का संकेत है। अरविंद केजरीवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करके इस पार्टी का गठन किया, लेकिन खुद एवं उसके अन्य बड़े नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की यात्रा कर आये, अनेक मतभेदों, विवादों एवं केजरीवाल के अहंकार, गलत नीतियों के चलते पार्टी के कई दिग्गज नेता पार्टी से दूर होते चले गए, जिनमें किरण बेदी, कवि कुमार विश्वास, आशुतोष, आशीष खेतान, शांति भूषण, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी और कपिल मिश्रा और अब कैलाश गहलोत जैसे नाम शामिल हैं। लगता है अब आम की झाड़ू ही नहीं, बल्कि आप के राजनीतिक मूल्य भी तार-तार हो गये हैं। आम आदमी पार्टी के बढ़ते संकट एवं गिरते राजनीतिक मूल्यों के कारण उसकी चुनौतियां खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है।

कैलाश गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी को इस्तीफा भेजा है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलोत ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए एक लम्बा पत्र केजरीवाल को भेजा है। उन्होंने इस्तीफे में यमुना की सफाई और शीशमहल निर्माण का मुद्दा उठाया है। गहलोत ने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि जिस ईमानदार राजनीति के चलते वह आम आदमी पार्टी में आए थे, वैसा अब नहीं हो रहा है। उन्होंने पार्टी के संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को शीशमहल करार देते हुए कई आरोप भी लगाए हैं। ऐतिहासिक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्मी इस पार्टी का यह हश्र एवं दूरगति राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम है। आम आदमी पार्टी खुद को ईमानदारी के उच्चतम मानकों पर रखने का दावा भले ही करती रही हो, लेकिन उसने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राजनीतिक एवं नैतिक मूल्यों को ध्वस्त ही किया है। आप का उदय एक ताज़ी हवा का झोंका था लेकिन आज वह दूषित राजनीति का पर्याय बन गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से



पहले कैलाश गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी के लिये उल्टी गिनती का द्योतक है, यह राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है, क्योंकि गहलोत ने एक तो यह कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार यमुना को साफ नहीं कर सकी और स्थिति यह है कि वह पहले से अधिक गंदी हो गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतता है। भले ही 'आप' कैलाश गहलोत की इन बातों को यह कहकर खारिज कर सकती है कि वह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और यह भी कहा जा सकता है कि गहलोत पर ईडी-सीबीआइ आदि का दबाव था। निश्चित ही गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। कैलाश गहलोत पर ईडी और इनकम टैक्स की कई रेड भी हो चुकी थी। वह जांच का सामना कर रहे थे। आप के इन बयानों में कुछ सच्चाई भी हो सकती है कि उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। लेकिन बड़ा तथ्य है कि 'आप' दिल्ली की जनता के साथ न्याय नहीं कर सकी है, वह केंद्र सरकार से बात-बात में झगड़ा मोल लेने के लिए जानी जाती है। इससे इन्कार नहीं कि केंद्र सरकार भी आम आदमी पार्टी से उलझती हुई दिखती है, लेकिन दिल्ली सरकार की छवि ऐसी बन गई है कि वह केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने का मौका ढूंढ़ती रहती है। दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच हर मुद्दे पर खींचतान जारी रहने से सबसे अधिक नुकसान दिल्ली की जनता को हुआ है। दिल्ली की कई समस्याएं नहीं सुलझ पाने, दिल्ली का अपेक्षित विकास न हो पाने एवं अपने चुनावी वादों को पूरा न करने के कारणों के लिये 'आप' नेताओं ने हमेशा ही केन्द्र सरकार एवं भाजपा को दोषी ठहराया है। गहलोत ने कहा कि पार्टी से जुड़ी उनकी यात्रा का उद्देश्य दिल्ली के लोगों की सेवा करना था, लेकिन अब उन्होंने महसूस किया कि पार्टी सिर्फ अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रही है, जिससे दिल्लीवासियों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में मुश्किलें आ रही हैं। ऐसे में उनके सामने पार्टी से अलग होने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।

'आप' टकराव की राजनीति में व्यस्त रही, अच्छे गवर्नेंस और बेहतर राजनीति का दामन उसके हाथ से लगातार छूटता रहा। दिल्ली में पार्टी ने असंख्य मुद्दे उठाये लेकिन वह इन सबको आखरी मंज़िल तक नहीं पहुंचा पायी। यह भविष्य ही बताएगा कि कैलाश गहलोत का त्यागपत्र आम आदमी पार्टी को राजनीतिक रूप से महंगा पड़ेगा या नहीं, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि उन्होंने अपने इस्तीफे में जिस तरह 'आप' की गलत नीति एवं केजरीवाल की अति-महत्वाकांक्षाओं का जिक्र किया, वह अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी की साख को करारा आघात देने वाला है। यह एक तथ्य है कि आम आदमी पार्टी आज तक इस प्रश्न का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी कि आखिर अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री रहते अपने सरकारी आवास की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च करने की क्या जरूरत थी? कैलाश गहलोत ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि 'आप' अपनी रीति-नीति से भटक गई है। केजरीवाल और उनके सहयोगी इससे सहमत नहीं होने वाले, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी राजनीतिक दल की छवि का बहुत अधिक क्षरण हुआ है। 'आप' ने नई तरह की एवं मूल्यों की राजनीति करने के जो तमाम दावे किए थे, वे दावे यदि खोखले नजर आने लगे हैं तो इसके लिए अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी अन्य किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। एक बड़ा सवाल है कि 'आप' की इस दुर्दशा के चलते क्या वह दिल्ली पर अपनी मजबूत पकड़ को क्या कायम रख पायेगी? क्या दिल्ली में भाजपा या अन्य दलों के लिये अब सत्ता तक पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गयी है? आप एवं उसकी सरकार के लिये अभी भी देर नहीं हुई है, ज़रूरत है कि वह जन मुद्दों के बीच प्राथमिकता तय करे।

# अब कनाड़ा में खालिस्तान बनने की प्रक्रिया शुरू

**आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है।कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे।**


अशोक मधुप

अभी कुछ माह पूर्व 25 मई को हमने अपने लेख में कहा था कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधि को भारत नजर अंदाज करता रहे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को खालिस्तानियों का समर्थन करने दे, जल्दी ही खालिस्तान कनाडा में बने। भारत में नही। ऐसा होता अब नजर आने लगा है। खालिस्तानी वहां मांग करने लगे हैं कि कनाडा हमारा है। बाकी दुनिया भर के लोग अपने-अपने देश वापस जांए।

कनाडा में निकाले गए एक 'नगर कीर्तन' के दो मिनट के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडाई लोगों को 'घुसपैठिया' कहा। उन्हें 'इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने' के लिए कहा। वीडियो में जुलूस में शामिल लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है। 'यह कनाडा है, हमारा अपना देश। तुम कनाडाई वापस जाओ। भारतीय खुफिया सूत्रों ने इस घटना को कनाडा में नॉर्मल करार दिया। कहा कि खालिस्तानी धीरे-धीरे देश के सभी पहलुओं पर 'कब्जा' कर रहे हैं। ठीक से निगरानी न होने की वजह से ये खालिस्तानी समूह स्थानीय कनाडाई लोगों से भी नियंत्रण छीन रहे हैं। हिंदुओं से सुरक्षा के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं और अब उनकी कॉलोनियों में स्थानीय लोगों को खतरा हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर सत्ता संभालने के बाद से पूरी तरह मेहरबान है।भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नही कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। हमने पहले लेख में कहा था भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें।हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें।कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा। हमारा पहला कथन अब सही होता दीखने लगा है। कुछ समय ऐसा ही होता रहा तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के लिए ही सिर दर्द बनेंगे। कनाड़ा ने सख्ती की तो ये उसके खिलाफ विद्रोह पर उतर आएंगे।

आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे।परिणाम स्वरूप पंजाब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा,अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान पंजाब



में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय हुए। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा।बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी केही दो सिख सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है।कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है।

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालाकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।इस विमान हादसे में कुछ तो पूरे परिवार ही खत्म हो गए। अगर पियरे ट्रूडो ने तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का इंदिरा गांधी का अनुरोध मान लिया होता, तो कनिष्क विमान में विस्फोट नहीं हुआ होता। भारतीय-कनाडाई राजनीति के जानकार मानने लगे हैं कि जो गलती पियरे ट्रूडो ने तब की थी,वहीं उनके बेटे जस्टिन ट्रूडो भी आज कर रहे हैं। अपनी सरकार चलाने के लिए कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखकर वही गलती कर रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर कनाडा में पल रहे खालिस्तानी समर्थकों को हवा दे दी है। प्रधानमंत्री के इन आरोपों के बाद कनाडा के अलग-अलग राज्यों में खालिस्तान समर्थकों ने ऐसी साजिश रचनी शुरू कर दी, जिससे वहां रह रहे न सिर्फ भारतीयों बल्कि डिप्लोमेट्स और भारतीय दूतावास के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है बल्कि कनाडा में बसे भारतीय हिंदुओं को भी खतरा बनेगा। रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की जमीन पर पहले से ही खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की सरकार प्रश्रय देती आई है। यही वजह है कि कनाडा सरकार के समर्थन के चलते भारत विरोधी गतिविधियां इस देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती हैं। बीते कुछ समय में खालिस्तान जनमत संग्रह के नाम पर कनाडा की सरकार न सिर्फ इन भारत विरोधी खालिस्तानियों को सुरक्षा मुहैया कराती आई है बल्कि कार्यक्रम स्थलों की भी उपलब्ध करवाती आई है। पिछले दिनों एक शोभा यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरागांधी की हत्या की झांकी निकालना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाया है उसका असर अगले कुछ दिनों में ही बहुत तेजी से दिखना शुरू हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद के हालात में क्रम में सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से हिंदू समुदाय को धमकी दी गई है। एसएफजे के पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को धमकी दी है। पन्नू ने उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। जो पन्नू ने कनाड़ा के हिंदुओं से कहा है, ऐसा ही कभी पंजाब में आंतकवाद की शुरूआत में हिंदुओं से कहा गया था। उसके बाद उनपर हमले शुरू हो गए थे।

# गरीबों की उम्मीद है बुलडोजर एक्शन

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून का राज होना चाहिए। बुलडोजर एक्शन पक्षपातपूर्ण नहीं हो सकता। गलत तरीके से घर तोड़ने पर मुआवजा मिलना चाहिए। जिम्मेदार अधिकारियों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। आरोपी एक तो पूरे परिवार को सजा क्यों? बुलडोजर एक्शन का मनमाना रवैया बर्दाश्त नही होगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। अगर किसी मामले में आरोपी एक है तो घर तोड़कर पूरे परिवार को सजा क्यों दी जाए? पूरे परिवार से उनका घर नहीं छीना जा सकता।**


डॉ उमेश प्रताप वत्स

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि अपराध के नाम पर घर तोड़ना कानून का उल्लंघन है। किसी मामले पर आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोड़ना सही नहीं है। आरोपी या दोषी का घर गिराना भी गलत, बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। जनता का सवाल है कि गरीब के सपनों को चकनाचूर कर अपना सपनों का महल खड़ा करने वाले भी क्या दया के पात्र हैं। जब एक अपराधी हफ्ता वसूल करके या नशे का कारोबार करके या किसी भी अवैध कार्य से महल खड़ा करता है और उसके परिवार के सदस्य पंच-सितारा होटलों में भोजन-पार्टी करते हैं तो जब जनहित में इन अवैध धंधा करने वाले अपराधियों पर कारवाई होती है तो उसका असर उसके साथ रहने वाले परिवार के सदस्यों पर क्यों नहीं पड़ना चाहिए। उसकी संपत्ति को नष्ट किये जाने से परिवार के वे लोग जो उस अवैध कमाई से गुलछर्रे उड़ा रहे थे प्रभावित क्यों नहीं होने चाहिए। रही बात अपराध तय होने की तो माननीय न्यायाधीश यह अवश्य ही जानते होंगे कि जनवरी 2024 तक लंबित मामलों की संख्या 80,529 थी। इस आंकड़े के बावजूद भी न्यायालय ने जनवरी में केवल 15 दिन काम किया। 2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी, जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या अधिक होने के बावजूद रिकॉर्ड 83,000 मामले लंबित पड़े हैं। कुछ उच्च न्यायालयों में तो लगभग 62 हजार मामले 30 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जो आज तक लंबित हैं। जिनमें से तीन मामले 1952 से ही अर्थात् 72 वर्षो से निपटारे की प्रतीक्षा में हैं। कृपया आप अपने गिरेबान में भी तो झांकिये। जिलास्तर पर जिला उपायुक्त लोक अदालत लगाते हैं और कुछ मामले कोर्ट में जाने से पहले सुलझा लेते हैं। भाजपा सरकार ने अपने विधायकों व मंत्रियों की भी ड्यूटी लगा रखी है कि खुली लोक अदालत लगायें और कोई भी गरीब सामान्य जन अपनी समस्या लेकर आता है तो प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग लेकर उसे तुरंत सुलझाए। यदि इस तरह के समझौते कराने के प्रयास न हो तो कोर्ट में कितने मामले आ जायेंगे इसका अनुमान लगाना भी कठिन है।

शक्ति का प्रयोग यदि गलत दिशा में किया जाये तो बड़ी समस्याएं खड़ी हो जाती है। वह चाहे बुलडोजर कार्यवाई की हो या फटकार लगाने की। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पढ़ते हुए कहा था कि घर एक सपने की तरह होता है। किसी का घर उसकी अंतिम सुरक्षा होती है। आरोपी के मामले में पूर्वाग्रह में ग्रसित नहीं हो सकते। सरकारी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदू रखे जिन्हें



पढ़कर यह कतई स्पष्ट नहीं हो पाता कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय निस्सहाय की मदद के लिए कार्यरत हैं या अपराधियों के संरक्षण के लिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून का राज होना चाहिए। बुलडोजर एक्शन पक्षपातपूर्ण नहीं हो सकता। गलत तरीके से घर तोड़ने पर मुआवजा मिलना चाहिए। जिम्मेदार अधिकारियों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। आरोपी एक तो पूरे परिवार को सजा क्यों? बुलडोजर एक्शन का मनमाना रवैया बर्दाश्त नही होगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। अगर किसी मामले में आरोपी एक है तो घर तोड़कर पूरे परिवार को सजा क्यों दी जाए? पूरे परिवार से उनका घर नहीं छीना जा सकता। बुलडोजर एक्शन दरअसल कानून का भय नहीं होने को दर्शाता है। अपराध की सजा घर तोड़ना नहीं है। किसी भी आरोपी का घर नहीं गिरा सकते।

यद्यपि सुप्रीम कोर्ट के उक्त बिंदू निस्संदेह संतुलित दिखाई देते हैं ताकि कोई उसे सिंहम की संज्ञा न दे पाये और बात-बात पर व्यर्थ ही फटकार देने का आरोपी न बना पाए किंतु इसका भाव सिर्फ और सिर्फ अपराधियों का हित जताता है सामान्य पीडितों का नहीं।

जस्टिस गवई ने कहा कि राज्य सरकार क्या न्यायिक कार्य कर सकती है? क्या किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने का अधिकार राज्य प्रशासन या कार्यपालिका के पास है? मुझे लगता है नहीं है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि इस तरह के एक्शन पर रोक लगाया जाए। हमें भी लगता है कि राज्य सरकार न्यायिक कार्य नहीं कर सकती। किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने का अधिकार भी राज्य प्रशासन या कार्यपालिका के पास नहीं है। किंतु इसका यह अर्थ तो कतई नहीं कि सर्वोच्च न्यायालय हमेशा ही गुंडई के समक्ष घुटने टेकता रहे, आधी रात में आंतकियों के संरक्षण में कोर्ट खोल दे और निर्धन व सामान्य जन के हित में उठाये जाने वाले कदम पर हर बार फटकार लगाने का जगजाहिर रवैया अपनायें। आप लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ न्यायालय के माननीय न्यायाधीश है। भारतीय संविधान ने आपको फटकार लगाने का शक्ति भी प्रदान की है। किंतु यह फटकार हर बार देशहित में, देशभक्तों पर, राष्ट्रवादियों व धार्मिक लोगों पर ही क्यों लगाई जाती है। आज तक गोकशी करने वालों पर आतंकियों का संरक्षण करने वालों पर टीवी सिनेमा के माध्यम से देश के भावी निर्माता छोटे-छोटे बालकों के जीवन को बर्बाद करने वालों पर अथवा पन्द्रह मिनट पुलिस हटाकर दिखाने व घुसपैठियों को सस्ता सिलेंडर देने वालों पर कभी फटकार क्यों नहीं लगाई। जब 2008 में एक राजनैतिक पार्टी के इशारे पर साध्वी प्रज्ञा को घर से पूछताछ के लिए झूठ बोलकर संदेह के नाम पर उठाकर हवालात ले जाकर प्रताड़ित किया गया तो माननीय न्यायाधीश चुप रहे, तब फटकार लगाना ध्यान नहीं रहा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने स्वयं बताया कि कांग्रेस के संकेत पर किया जाने वाला टॉर्चर रूह कंपा देने वाला था। सिर्फ एटीएस कस्टडी तक ही नहीं मेरे जीवन भर के लिए मृत्यु दाई कष्ट का कारण हो गया था। ब्रेन में सूजन, आँखों से कम दिखना, कानों से कम सुनना, बोलने में असंतुलन स्टेरॉयड और न्यूरो की दवाओंसे पूरे शरीर में सूजन बढ़ रही थी। एक हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था। तब कहा था कि जिंदा रही तो कोर्ट अवश्य जाउंगी। जब समझौता एक्सप्रेस बम विस्फोट कांड में बेकसूर स्वामी असीमानंद को सात वर्षो तक जेल में सड़ाया गया और बाद में वे बेकसूर पाये गए, तब यह फटकार कहां गई थी। समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट में बरी हुए स्वामी असीमानंद ने कहा कि हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव गढ़ा गया था , उन्हें हिंदू और भगवा आतंकवाद का प्रतीक बना दिया गया था। लेकिन एक के बाद एक तीनों ही ब्लास्ट मामलों से वह बरी हुए। उनका बरी होना न सिर्फ उनके लिए बल्कि हिंदू व भगवा आतंकवाद की धारणा को भी खत्म करता है। जब धर्म-परिवर्तन कराने वाले गैंग ने 23 अगस्त 2008 को कंधमाल में स्वामी लक्ष्मणानंद और उनके शिष्यों की हत्या भी सुनियोजित तरीके से की थी।

# अवॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान होता है : आनंदीबेन पटेल

अवधनामा संवाददाता

## भाषा विश्वविद्यालयः 9वें दीक्षांत समारोह में मिले 149 पदक






**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। सीतापुर हरदोई रोड स्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति महोदय प्रो एनबी सिंह के मार्गदर्शन में 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलाधिपति द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई जिसका नेतृत्व कुलसचिव, डॉ महेश कुमार ने किया। शोभा यात्रा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम् प्रस्तुत किया।जिसके उपरांत पर्यावरण संरक्षण से संबंधित काव्य पाठ भी किया गया। तदोपरांत विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय की गरिमामय गाथा उसके कुलगीत के रूप में लयबद्ध की गई।

वहीं कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कुलपति महोदय प्रो0 एनबी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलाधिपति महोदया एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को पुष्प भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रो शिशिर सिन्हा, महानिदेशक, सिपेट, भारत सरकार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं रजनी तिवारी, राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

समारोह में स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने 9वें दीक्षांत में आए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन से विद्यार्थी चरित्र निर्माण कर रहें हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रौशन कर रहें हैं। वहीं उनके द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या भी प्रस्तुत की गई।

उसके बाद सभी संकाय अध्यक्षों ने अपने अपने संकाय के पदक एवं पीएच. डी. उपाधि धारकों के लिए कुलपति के द्वारा उपाधि एवं दीक्षा देने की घोषणा की औपचारिकता की गई। दीक्षा कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी की डिग्रियां को डिजी लॉकर पर अपलोड करने का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात पीएच. डी. डिग्रियों का वितरण किया गया। इसके बाद पदक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यत 61 स्वर्ण पदक सहित 149 रजत एवं कांस्य पदक राज्यपाल, आनंदी बेन पटेल, मुख्य अतिथि, शिशिर सिन्हा, विशिष्ट अतिथि, योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री, विशिष्ट अतिथि, रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रदान किए। तदुपरान्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, शिशिर सिन्हा को डी. लिट की मानद उपाधि एवं मान पत्र राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, शिशिर सिन्हा ने बोलते हुए कहा की विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करना उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

### परिश्रम करना हमारा कर्तव्य : राज्यपाल

आनंदीबेन पटेल ने लड़कियों द्वारा सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया एवं सभी को बधाई दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि परिश्रम करना हमारा कर्तव्य है एवं अवॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान होता है जो सदैव उपयोगी होता है। और इसी वजह से आप पढ़ते रहिए साथ ही लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों का भी लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इस कहा की विदेश से लोग आए और हमारी तकनीक को अध्यन कर कई अविष्कार कर अपने नाम कर लिया। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय से कहा की अलग अलग भाषाओं में लिखी गई पुस्तकों का अनुवाद होना चाहिए जिससे हमारे युवा वर्ग को हमारे समृद्ध ज्ञान एवं कौशल से अवगत कराया जा सके । साथ ही पाठ्यक्रमों में भी इस बारे में उल्लेख होना चाहिए की विद्वानों ने किस तरह ये सब लिखा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में ये भी कहा की उपाधि प्राप्तकर्ताओं के साथ साथ ये प्रदेश एवं देश की भी उपलब्धि है। क्यूंकि किसी भी देश के विकास कि परिभाषा वहाँ के नागरिकों के शिक्षा के स्तर से आंकी जाती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दीक्षांत समारोह का अवसर आपके लिए अपनी उपलब्धियों पर गौरबान्वित होने के साथ साथ आप द्वारा भविष्य के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों पर अग्रसर होने का भी अवसर है।

# सीडा में सुनियोजित तरीके से चतुर्दिक विकास कार्य प्रारम्भ किया जायेगा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र का भ्रमण, औचक निरीक्षण किया गया तथा उद्यमियों के साथ उनकी समस्याओं के दृष्टिगत बैठक की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सतहरिया में पार्क, प्लाट, सड़के, गेस्ट हाउस आदि का निरीक्षण और उद्यमियों के साथ बैठक की गयी। सीडा प्राधिकरण के साथ हुई बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क, नाली, पुलिया, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं पार्कों का विकास आदि के विकास के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी संगठनों को अवगत कराया गया कि सीडा प्राधिकरण के अन्तर्गत शासन द्वारा अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के सापेक्ष सड़क, नाली, जलापूर्ति, पथ-प्रकाश, नाला निर्माण एवं पार्कों का विकास, वाटर हेड टैंक आदि के विकास कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है। शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त करने के पश्चात् सीडा में सुनियोजित तरीके से चतुर्दिक विकास कार्य प्रारम्भ किया जायेगा, जिससे उद्यमियों की अवस्थापना सम्बन्धी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा बीएसएनएल के इण्टरनेट कनेक्टिविटी सही करने के निर्देश दिये गये। कैम्पस में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए थानाध्यक्ष, मुंगरा बादशाहपुर को निर्देशित किया कि नियमित रूप से पेट्रोलिंग और अन्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के द्वारा उद्योगों के विद्युत व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सुनते हुए व्यवस्था ठीक करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मछलीशहर को दिया गया। उद्यमियों के द्वारा परिसर में बैंक खोलने और एटीएम लगाए जाने का अनुरोध जिलाधिकारी से किया, जिस पर उन्होंने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निर्देशित किया कि योजना बनाकर उपरोक्त मांगे पूरी की जाए।

## बीच में रोका निर्माणाधीन नाली का कार्य

**प्रयागराज।** शंकर लाल रोड डॉट पुल से पुलिस बूथ चौराहे तक प्रयागराज विकास प्राधिकरण को नाली पटरी सड़क बनाना था। नाली को दस स्थानों पर बीच बीच में अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसमें गंदगी की वजह से मच्छर का प्रकोप हो गया है और रातों रात सड़क बना दिया। पार्षद किरन जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मण्डल आयुक्त विजय पंत, नगर विकास सचिव से ई मेल भेज कर शिकायत की है। पार्षद ने बताया यही हाल हटिया पुलिस बूथ चौराहे से मुट्ठीगंज का है। नाली आधी अधूरी बनाने से नाली का पानी हटिया पुलिस बूथ से शंकर लाल भार्गव रोड पुलिस बूथ चौराहे तक जगह जगह रुका है। बीमारी पनप रही है। करोड़ों लोग कुंभ में आएंगे पी डी ए शहर को बीमारी की मुंह में ढकेल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पी डी ए के वी सी मुख्य अभियंता अधिशाषी अभियंता 6 माह से कहने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। फिर दो महीना पहले आईजीआरएस किया।

# 22 नवम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 नवम्बर, शुक्रवार को प्रातः 9.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, इण्टरनेशनल कोर्ट के न्यायाधीश समेत 56 देशों के लगभग 200 मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों व कानूनविदों की गरिमामय उपस्थिति लखनऊ के गौरव को विश्व पटल पर स्थापित करेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन में पधारे विभिन्न देशों के मुख्य न्यायाधीशों व विशिष्ट अतिथियों के सम्मान में 'स्वागत समारोह' का भव्य आयोजन 22 नवम्बर, शुक्रवार को ही सायं 5.00 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में किया गया है। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि केन्द्रीय राज्यमंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अनुप्रिया पटेल एवं लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल अति-सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा को बढ़ायेंगी। स्वागत समारोह में इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, नीदरलैण्ड्स के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री दलवीर भंडारी को 'लखनऊ नगर की चाभी' भेंटकर सम्मानित किया जायेगा। विदित हो कि 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' 22 से 24 नवम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है।

# 'जंग को हथियारों से नहीं, इंसानियत से ही रोका जा सकता'

## प्रो. तकी आबिदी द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'किरतास ए अमानत' का, मौलाना यासूब अब्बास द्वारा किया गया विमोचन

अवधनामा संवाददाता







**लखनऊ।** आज शिया पी0 जी0 कॉलेज के उर्दू विभाग के ओर से ''बाकर अमानतखानी के मर्सिया की रोशनी में आधुनिक मर्सिया की विशेषताएं'' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरआन से हुई इसके बाद आये हुये अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मजलिस-ए-उलेमा के सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने मुख्य वक्ता के रूप में कनाडा के उर्दू के विख्यात विद्वान डॉ0 तकी आब्दी का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया व मजलिस-ए-उलेमा के सद्र आयतुल्लाह मौलाना हमीदुल हसन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉ0 तकी आबिदी द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'किरतास ए अमानत' का विमोचन मौलाना यासूब अब्बास द्वारा किया गया।

डॉ तकी आबिदी (कनाडा) ने अपने सम्बोधन में कहा की आज जब दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रही है कोई उर्दू नज्म मदद नहीं कर सकती है, क्यूंकि उसमें एहतेराम नहीं है लेकिन मर्सिया एहतेराम ए इंसान सिखाता है। शिया कॉलेज से यह सन्देश पूरी दुनिया को दिया जा रहा है, हथियारों से जंग को रोका नहीं जा सकता है बल्कि इंसानियत से रोका जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज जो दुनिया में जंग के हालात बढे हुए है वह सिर्फ इस वजह से कि इंसान दूसरे इंसान का आदर नहीं कर रहा है, एक इंसान दूसरे इंसान की अहमियत नहीं समझ रहा है। आज के समय में मानवाधिकार की जरुरत है। बड़े शायर बकर अमानतखानी के 36 मर्सिये जिसमें अमन, मोहब्बत, रसूल अल्लाह और उनके अहलेबैत (अस) की जिन्दगी के नमूने पेश किये गए हैं। मर्सिया सिर्फ रोने रुलाने की कविता नहीं है बल्कि इज्जत से जिन्दगी गुजारने का दस्तावेज है। इमाम हुसैन (अस) मजलूम हैं लेकिन कर्बला में उन्होंने जुल्म के बायत के हाँथ तोड़ कर रख दिया। जिसकी वजह से आज 1400 साल बाद हम यहाँ खड़े हैं। बाकर अमानतखानी साहब से मैंने मुलाकात की है जिन्होंने 40000 शेर लिखा है, 36 मर्सिया लिखा है। मैंने 8 साल इस पर काम किया है और इसे किताब की शक्ल में पेश किया है। लखनऊ मर्सिया की जमीन है यहाँ मर्सिया पर और काम करने की जरुरत है। अमानतखानी के दोनों बेटों ने मुझ तक उनके काम को पहुंचाया है।

इस मौके पर बोलते हुए मजलिस-ए-उलेमा सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास साहब ने डॉ0 तकी आबिदी के कार्य की सरहाना करते हुये कहा कि मैं तो उर्दू अदब का एक तालिबे इल्म हूँ मगर डॉ0 तकी आब्दी ने समन्दर में उतर कर अदब के मोती निकाल कर दुनिया के समाने रख दिये हैं। अयातुल्ला मौलाना हमीदुल हसन साहब ने अपने सम्बोधन में कहा कि उर्दू अदब लोगों को जानना चाहिए खासकर विद्यार्थियों को इस अदबी जिन्दगी से काफी कुछ सीखना चाहिए। उर्दू अदब पूरी दुनिया पर इसलिए छा गया क्यूंकि दूसरी भाषा की शायरी सीमित थी लेकिन उर्दू के साथ ऐसा नहीं हुआ, यहाँ मर्सिया में कर्बला को बयान किया गया। मौलाना साइम मेहदी साहब ने अपने वक्तव्य में कहा कि उर्दू अदब के समंदर में डुबकी लगाना हर एक व्यक्ति के बस की बात नहीं है। इसमें कसीदा, नज्म, आदि आते हैं लेकिन मर्सिया को पढ़ने व सुनने के बाद इंसानियत का दिल रखने वाले के आंसू निकल आएँगे।

# जीवन के लिए हर सांस संजीवनी की मानिंद : डॉ. दिव्या

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** सफदरगंज हॉस्पिटल, दिल्ली की सीटीवीएस एवम् वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज, दिल्ली की सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. दिव्या एम. शर्मा बोलीं, एवरी ब्रीथ काउंट्स। मतलब अगर पूर्ण रूप से पर्याप्त ऑक्सीजन मानव के फेफड़ों तक प्रवेश करेगी तो वह मानव जीवन के लिए संजीवनी की मानिंद है। डॉ. दिव्या ने बताया, ऑक्सीजन लेने में 70 प्रतिशत काम डायफ्राम और 30 प्रतिशत कार्य दीगर सहायक मांसपेशियों का होता है। लंबे समय से सांस संबधी बीमारियों जैसे- टीबी, दमा अस्थमा आदि से पीड़ित व्यक्ति के डायफ्रॉम ढीले पड़ जाते हैं, जिससे व्यक्ति को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। इन रोगियों की सांस संबंधी दुश्वारियों को फिजियोथैरेपिस्ट विभिन्न तकनीकों जैसे- डाइफ्रामिक ब्रीथिंग, ग्लोसोफैरंगियल, पर्सड लिप ब्रीथिंग, लेट्रल कोस्टल ब्रीथिंग आदि से दूर किया जा सकता है। डॉ. शर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की ओर से एंडवांसमेंट इन एयरवे क्लिरन्स तकनीक पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थीं। इससे पहले डॉ. दिव्या एम. शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता, फिजियोथैरेपी विभाग की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके गेस्ट लेक्चर का शुभारम्भ किया। लेक्चर के दौरान सवाल-जवाब का दौर भी चला। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. दिव्या एम. शर्मा ने श्वांस और हृदय संबंधी रोगों में फिजियोथैरेपिस्ट की भूमिका और कार्यशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, निमोनिया में फेफड़ों के अंदर एक हानिकारक चिपचिपा तरल पदार्थ जमा होने लगता है।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डॉ0 बबिता सिंह चौहान ने सहारनपुर प्रवास के दौरान स्पर्श दृष्टिबाधित राजकीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए । महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि बालिकाओं को शुद्ध और ताजा भोजन कराया जाए। उन्होंने राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री सपना कश्यप के साथ खलासी लाइन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और रामपुर में विद्यालय का निरीक्षण किया।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान विद्यालय में व्यवस्था ठीक मिली। अध्यक्ष ने विद्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को शुद्ध और ताजा भोजन कराया जाए।साथ ही बालिकाओं का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाए।

# रोलर स्केटिंग में छात्रों ने 3 गोल्ड मेडल समेत पाँच पदक जीते

अवधनामा संवाददाता



- 100 मी एवं 500 मी की प्रतियोगिताओं में कक्षा-8 की छात्रा मणिका सिंह ने जीते दो कांस्य पदक

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने रोलर स्केटिंग कम्पटीशन में 3 गोल्ड मेडल एवं 2 ब्रांज मेडल समेत पाँच मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग एसोसिएशन (यूपीआरएसए) के तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में जहाँ एक ओर, कक्षा-12 के छात्र हम्माद अफ्सर ने 500 मी एवं 1000 मी में दो गोल्ड मेडल अपने नाम किया तो वहीं दूसरी ओर केजी के छात्र मोहम्मद ईसा ने 400मी की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इसी प्रकार, 100 मी एवं 500 मी की प्रतियोगिताओं में कक्षा-8 की छात्रा मणिका सिंह ने दो कांस्य पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने बैलेन्सिंग, मानसिक दृढ़ता व बिजली जैसी तत्परता का शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड मेडल समेत पाँच पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रों ने रोलर पर नियंत्रण, गति पर नियन्त्रण, मानसिक संतुलन, चुस्ती-फुर्ती व दमखम का जोरदार प्रदर्शन किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. का मानना है कि छात्रों को 'गुड' और 'स्मार्ट' बनाने एवं संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई और खेलकूद दोनो ही व्यक्ति के पूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। इसी उद्देश्य हेतु सी.एम.एस. अपने छात्रों को खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित करता है और यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

## शास्त्रीय संगीत की धुनों पर झूम उठे लोग

**प्रयागराज।** राम कृष्ण फाउंडेशन द्वारा स्वारायन म्यूजिक फेस्टिवल के तीसरे संस्करण का सफल आयोजन सिविल लाइन्स स्थित प्रयागराज संगीत समिति के मेहता सभागार में संपन्न हुआ। शास्त्रीय संगीत का यह कार्यक्रम राम कृष्ण फाउण्डेशन के संस्थापक एवं वरिष्ठ संगीतज्ञ पं. राम कृष्ण की तृतीय पुण्य स्मृति पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआईजी सी आई एस एफ डॉ0 सरोज कांत मल्लिक, प्रयाग संगीत समिति के सचिव अरुण कुमार, नगर के प्रतिष्ठित उद्यमी डी0के0 अग्रवाल, ध्रुपद गायक पंडित विनोद कुमार द्विवेदी एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती एवं पं. राम कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति नगर के प्रतिष्ठित तबला वादक एवं गुरु पंडित अनूप बनर्जी द्वारा अपने शिष्यों एवं साथी संगतकारों के साथ वाद्य वृन्द का उत्कृष्ट प्रदर्शन था। उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को 'लाया यात्रा' का नाम दिया, जिसका प्रारम्भ गणपति वंदना से हुआ। तत्पश्चात तीनताल में विभिन्न क्रमबद्ध लयकारियों का प्रदर्शन किया, इन्होंने अपनी प्रस्तुति का समापन फरमाइशी चक्करदार एवं एक वृहद् नौहक्का चक्करदार से किया। तत्पश्चात दूसरी प्रस्तुति थी नगर के युवा कलाकारों द्वारा वाद्य-गायन तिगुलबंदी जिसमे गायन पर शास्त्रीय गायिका डॉ चित्रा चैरसिया, बांसुरी पर प्रवर टंडन, सैक्सोफोन पर प्रियंक कृष्ण थे कलाकारों ने राग यमन में आलाप के बाद मध्य लय गत अद्धा तीन ताल और दुरुत गत तीन ताल में प्रस्तुति दी।

# प्रत्येक 10 शौचालयों पर नियुक्त होगा एक सफाईकर्मी

अवधनामा संवाददाता

### दिव्यांगों के लिए सुलभ होंगे शौचालय

शौचालय इकाइयों में उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था अनिवार्यता के साथ लागू की जाएगी। साथ ही, गड्ढे, दरारें या कंक्रीट जोड़ों, विद्युत फिटिंग्स, और साइनेज में किसी भी प्रकार की क्षति का समय पर समाधान किया जाएगा। शौचालयों में मग और बाल्टी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शौचालय सुविधाएं आसानी से सुलभ स्थानों पर उपलब्ध हों। हर 10 शौचालयों में से कम से कम 1 शौचालय को दिव्यांगों के लिए सुलभ बनाया जाएगा। सक्शन मशीनों की पर्याप्त संख्या में तैनाती और अपशिष्ट का उचित निपटान किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी। शौचालयों में सभी जेट स्प्रे मशीनों को सही तरीके से स्थापित और क्रियाशील रखने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को स्वच्छ महाकुंभ के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य यही है कि महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को साफ सुथरे टॉयलेट्स, यूरिनल पॉट्स की सुविधा प्रदान की जा सके, ताकि वो यहां से एक यादगार अनुभव लेकर वापस लौटें। इसके लिए मेला प्रशासन की ओर से गाइडलाइंस जारी की गई हैं। इसके अनुसार, शौचालयों की साफ सफाई पर फोकस रहेगा। साथ ही, मैनपावर की कमी न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। सभी वेंडर्स को सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप 10 शौचालयों पर एक सफाई कर्मी तैनात किया जाएगा, जबकि 10 सफाई कर्मियों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया जाएगा। इसी तरह, 20 यूरिनल्स पर एक सफाईकर्मी और 20 सफाईकर्मियों पर एक सुपरवाइजर तैनात रहेगा।

विशेष कार्याधिकारी महाकुंभ मेला आकांक्षा राना के अनुसार, मेला क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों और स्वच्छता सुविधाओं की बेहतर देखरेख के लिए जनशक्ति तैनाती पर मेला प्रशासन की ओर से कुछ मानक निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें हर हाल में वेंडर्स को सुनिश्चित करना होगा। इन नए मानकों का उद्देश्य सार्वजनिक स्वच्छता को उन्नत करना और श्रद्धालुओं व पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इसके तहत, 10 शौचालयों पर 1 सफाईकर्मी, 10 सफाईकर्मियों पर 1 सुपरवाइज़र, 20 यूरिनल्स पर 1 सफाईकर्मी और 20 सफाईकर्मियों पर एक सुपरवाइजर की नियुक्ति अनिवार्य होगी। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सफाईकर्मी सफाई करते समय दस्ताने और जूते जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) अवश्य पहने हों। इसके माध्यम से सफाई के साथ-साथ सफाईकर्मियों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाएगा।

निर्धारित मानकों के अनुसार, शौचालय, वॉशबेसिन, फर्श, और टाइलों को दाग और गंदगी मुक्त रखा जाएगा। टॉयलेट पेपर, साबुन डिस्पेंसर, हैंड सैनिटाइज़र और महिला स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही, फ्लश सिस्टम, नल और शॉवर बिना किसी रिसाव के सही तरीके से क्रियाशील होने चाहिए। साथ ही, गंध नियंत्रण तकनीक का उपयोग करते हुए शौचालय की दुर्गंध को 10-15 मिनट में हटाने और कचरे को 24 घंटे में विघटित करने की व्यवस्था लागू होगी।

## उपमा ने धूमधाम से मनाया अपना 7वां वार्षिक अधिवेशन

**लखनऊ।** माइक्रो फाइनैन्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (उपमा) द्वारा लखनऊ के स्थानीय होटल ताज महल मे माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं का भव्य 7वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।

देश के कोने कोने से पधारे वित्तीय विशेषज्ञों ने प्रदेश की अर्थ व्यस्था को बढ़ावा देने हेतु परिचर्चा में भाग लिया। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य था एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी को बढ़ावा देने हेतु माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के योगदान पर आधारित अध्ययन रिपोर्ट जारी करना और एक सतत एवं विश्वसनीय माइक्रो फाइनेंस मॉडल विकसित करना। आज के अधिवेशन के मुख्य अतिथि असीम अरुण माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार तथा मुख्य वक्ता के रूप में दिनेश खारा पूर्व चेयरमैन स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया और माइक्रोफाइनेंस के भीष्मपितामह कहे जाने वाले विजय महाजन थे।

# टीएमयू में देर तक चला दाद-ओ-वाह का सिलसिला

अवधनामा संवाददाता



- मुशायरा में प्रसिद्ध शायर एएम तुराज ने बांधा समां, शबनम अली के साथ ही नजर बिजनौरी ने किया कायल

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी-टीएमयू, मुरादाबाद में मुशायरा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रसिद्ध शायरों के शेरों के जरिए बच्चों की लेखन क्षमता में विकास के साथ ही उनके मेंटल स्ट्रेस को दूर करके स्वयं को अभिव्यक्त करने की भावना को बढ़ावा देना था। गौरतलब है कि इससे पूर्व में भी कई भव्य कवि-सम्मेलन एवं मुशायरा के माध्यम से टीएमयू ने साहित्यिक संवर्द्धन की दिशा में सतत रूप से कार्य किया है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर एवं माल्यार्पण करके की गई। दीप प्रज्ज्वलन में टीएमयू के कुलपति प्रो वीके जैन के साथ ही मुंबई से आमंत्रित शायर एएम तुराज, उज्जैन से शायरा शबनम अली एवम् बिजनौर से शायर नजर बिजनौरी के साथ ही कार्यक्रम के संयोजक एवम् डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत यूनिवर्सिटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन रहे।

टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने अपने स्वागत संबोधन में यूनिवर्सिटी की अकादमिक गतिविधियों के साथ ही टीएमयू द्वारा विविध सांस्कृतिक एवम् साहित्यिक संवर्द्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यो का उल्लेख किया। आमंत्रित शायरों में एएम तुराज, शबनम अली और नजर बिजनौरी ने भी विवि के माननीय कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन द्वारा विद्यार्थियों के हित में विवि की अकादमिक शिक्षा के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। मुशायरा की शुरुआत नजर बिजनौरी ने अपने कलाम के जरिए की। उन्होंने पढ़ा, क्या बताऊं मैं तुमको, मेरा यार कैसा है। चांद सा नहीं है वो चांद उसके जैसा है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार , 19 नवम्बर , 2024



# डीएम ने आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल (बहजोई)** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा आइजीआरएस में गत माह की स्थिति तथा ऐसी आख्या जिनके स्थलीय निरीक्षण नहीं हुए तथा मौके पर नहीं गये तथा शिकायतकर्ता से सम्पर्क नहीं किया गया। संदर्भों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी संदर्भ निस्तारित किए जाने हैं उनको नियत तिथि से 4 दिन पूर्व ही गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक संदर्भ विभाग वार जानकारी दी जिसमें डीडीएजी, डीपीआरओ, आबकारी, एस ओ सी चकबंदी आदि इस माह की प्रगति में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में भी जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर जाएं अगर मौके पर शिकायतकर्ता अगर उपस्थित नहीं है तो दो गवाहों के हस्ताक्षर एवं जियो टैग फोटो लगाएं। स्पेशल क्लोज के 12 आधार भी बताए गये। लंबित मामलों का निराकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम में अगर कुछ हो रहा है उसके लिए ग्राम सचिव एवं लेखपाल का उत्तरदायित्व रहेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम सचिव एवं लेखपालों की एक संयुक्त बैठक बुलायी जाए जिसमें वह ग्राम की 5- 5 शिकायतों को लेकर आयें। शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर आइजीआरएस में प्रदेश में 7 वी रैंक आने पर जिलाधिकारी द्वारा सभी को बधाई दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, तहसीलदार गुन्नौर सारा अशरफ तथा खंड विकास अधिकारी असमोली, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा कमल कांत, खंड विकास अधिकारी रजपुरा अमर जीत सिंह, डीपीओ आइसीडीएस महेश कुमार, एडीओ पंचायत बनिया खेड़ा, ईडीएम विपिन कुमार तथा कलक्ट्रेट कर्मचारी तारिक, राधे, विलियम, को आइजीआरएस में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## उर्वरक पर्याप्त वितरण हेतु डीएपी को समितियों पर उपलब्ध कराया गया

**संभल (बहजोई)** जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा ने बताया कि रबी में गेहूं की बुवाई के लिए उर्वरक पर्याप्त वितरण हेतु डीएपी को समितियों पर उपलब्ध कराया गया है। लगभग 234 मैट्रिक टन प्राइवेट पी पी एल का तथा 250 मैट्रिक टन इफ्को का डीएपी समितियों को उपलब्ध हो गया है। एआर कॉपरेटिव द्वारा नोडल अधिकारियों की डयूटी समितियों पर लगायी गयी है जिनकी उपस्थित में ही उर्वरक का वितरण किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक कृषकों को खाद उपलब्ध हो सके। 26अक्टूबर 2024 को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में हुयी बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देश दिए गए थे कि किसी भी किसान को खाद की दिक्कत ना रहे। कोई भी ओवर रेटिंग तथा कालाबाजारी ना करे इसको भी सुनिश्चित किया जाए। अगर कोई ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी।

# निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत शिक्षा विमर्श गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल (बहजोई)** विकासखंड संभल के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत शिक्षा विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को बच्चों के साथ मातृ भाषा में आत्मीय संबंध बनाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी द्वारा 11 रजिस्टर ऑनलाइन तथा समर्थ एप की ऑनलाइन फीडिंग कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एन. ई. टी तथा राष्ट्रीय परक सर्वेक्षण की तैयारी युद्धस्तर पर की जाए। बच्चों को संदर्शिका प्रशिक्षण का प्रयोग करते हुए एवं उसके अनुसार ही पढाया जाए। प्रथम 6 कालांश में सबसे पहले तीन भाषा के कालांश एवं तीन गणित के कालांश हों। जिलाधिकारी ने बच्चों को आसपास के परिवेश से परिचित कराने को लेकर भी निर्देशित किया। बाला पेंटिंग को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए पीएम श्री शैक्षणिक गुणवत्ता के 40 बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं निपुण चैंपियन बच्चों को भी जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस महेश कुमार तथा खंड विकास अधिकारी संभल प्रेमपाल सिंह तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैरिज होम की पार्किंग में युवक की गोली मारकर हत्या

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर क्षेत्र स्थित लोटस गार्डन की पार्किंग में रविवार देर रात एक युवक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। युवक को मौत के घाट उतारने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की हत्या किसने और क्यों की है पुलिस जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के राधेश्याम कॉलोनी निवासी राहुल गोस्वामी (25) किसी काम से मसानी हाईवे लिंक रोड स्थित लोटस गार्डन के पास से गुजर रहे थे, तभी किसी ने आवाज दी और वह गार्डन की पार्किंग में चले गए। यहां उनके सिर में गोली मार दी। गोली लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर कार्यवाहक थाना प्रभारी अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक युवक के जीजा अमित ने पहचान कर परिजन को सूचना दी। वारदात स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। गोली किसने मारी और क्यों मारी अभी इसकी जानकारी नहीं हुई है।

# बोन टोन वायर ने किया ईकैक्टियन विचार गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** उपभोक्ताओं तक कम्पनी का वायर पहुंचाने और उसकी गुणवत्ता से के बारे मे कम्पनी के ज़िम्मेदारों ने एक गोष्ठी कर संवाद स्थापित किया। नगर के यशोदा चौराहा स्थित भोजनालय मे जेपीएल इलैक्ट्रीक के तत्वाधान मे बोनटोन वायर की इलैक्ट्रशियन विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमे कम्पनी के ज़िम्मेदारों ने अपने ग्राहकों तक बोन टोन वायर पहुंचाने ओर उसकी गुणवत्ता के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए कई स्थानो पर की गई फिटिंग के बारे मे पुख्ता जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही बोन टोन वायर की विशेषताओं को और आगे बढ़ाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा मेहनत करके बोन टोन वायर की बिक्री बढ़ाये जाने पर ज़ोर दिया गया। बोन टोन वायर के सेल्स हैड रचित कुमार ने कहा कि हमारी कम्पनी का हमेशा प्रयास रहता है अच्छी गुणवत्ता के साथ मार्केट मे बोन टोन का वायर रहे और हम इस पर कामयाब भी हुए हैं। जेपीएल इलैक्ट्रीकल के संचालक जसपाल सिंह ने कहा कि इस तरह गोष्ठी का मकसद भी कम्पनी की विषेशताओं से मिस्त्री एवं ग्राहकों को अवगत कराना। आने वाली समस्याओं को सुनना और बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाना। इस मौके पर रचित कुमार, विशाल, राम किशन ठकराल, कल सिंह, रामरतन, आसिफ, विजेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, शशिपाल, मुनशाद, अतुल, मनोहर, सुनील, सन्नी, अन्नू आदि मौजूद रहे।

# भाजपा समर्थक मंच के शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

## न्यायिक मानवाधिकार परिषद ने जताया नवजात शिशुओं की मृत्यु पर शोक

अवधनामा संवाददाता



**झांसी।** न्यायिक मानवाधिकार परिषद,झाँसी के द्वारा पंचवटी कॉलोनी झाँसी में आम सभा आयोजित की गई, जिसमें विगत दिन झाँसी मेडिकल कॉलेज में हुए भीषण अग्निकांड में नवजात शिशुओं की दुःखद मृत्यु पर शोक व्यक्त कर, मृतकों की आत्मा के लिए शांति प्रार्थना की गई, साथ ही घटना की ईमानदारी पूर्वक जांच करवाकर. इस घटना के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कड़ी कार्यवाही करने लिये शासन से मांग की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ संघर्ष कुमार श्रीवास्तव ने की, इस अवसर पर जन प्रतिनिधि के रूप में बुंदेलखंड कायस्थ महा सभा के केंद्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव, शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम लखन भार्गव, जिला उपाध्यक्ष लाला सुनील कुमार श्रीवास्तव, जिला महा सचिव संजात श्रीवास्तव, जिला सचिव नीरज वर्मा, जिला आई टी सेल प्रमुख धीरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता डॉ अनिल दुबे, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान चद्र आर्यन, जिला सचिव उत्तम श्रीवास्तव, जिला महा सचिव डॉ शबनम बानो, जिला सचिव डॉ कीर्ति बुंदेला, जिला सचिव इकबाल वारसी, बी एस परिहार, हरिओम जी, वंदना कैला शिया, रुद्राक्ष गुप्ता, दीपक गुप्ता, वैभव अग्रवाल सहित अनेक सम्मानित सदस्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव संजात श्रीवास्तव और जिला प्रभारी लखन लाल सक्सेना ने किया। प्रदेश अध्यक्ष लखनलाल सक्सेना के निवास पर शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता रामलखन भार्गव राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ ने की और मुख्य अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष भा.ज.पा समर्थक मंच रहे।सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन विस्तार पर बल देते हुये कहा कि आगामी वर्ष में स्नातक एम.एल.सी.का चुनाव सम्पन्न होना है।जिसके लिये ज्यादा से ज्यादा स्नातक वोटर को बनाना है ।और संगठन विस्तार हेतु सभी वार्ड के अध्यक्ष मनोनयन की संस्तुति की।भा.ज.पा.समर्थक मंच शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से आग्रह है कि सभी वार्ड़ों के अध्यक्ष बनाने में सहयोग कर संगठन को मजबूत बनाकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बड़े। कार्यक्रम में डॉ अनिल दुबे जिला उपाध्यक्ष डॉ संघर्ष श्रीवास्तव प्रदेश सचिव सीताराम अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक प्रकोष्ठ जगदीश परिहार जिला महासचिव शिक्षक प्रकोष्ठ श्रीमती वन्दना कैलासिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ सहित सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहें ।अन्त मै आभार डॉ संजीव श्रीवास्तव महानगर अध्यक्ष ने किया।

# महाकुंभ 2025 को लेकर मथुरा में तैयारियों की बैठक शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनवरी 2025 से फरवरी के मध्य प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 का आयोजन होगा। इस अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज आयेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश में स्थित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थल जैसे वाराणसी, मथुरा, अयोध्या, मीरजापुर आदि के भी दर्शन करेंगे। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने यात्रियों / दर्शनार्थियों के सुगम एवं सुरक्षित यात्रा तथा प्रवास हेतु जनपद के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। जनपद में साफ-सफाई, सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, पार्किंग एवं अन्य जन-सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत तथा निर्माणाधीन कार्यों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को खंभों व ट्रांसफार्मरों की रैपिंग तथा खुले तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रोस्टर अनुसार डॉक्टरों की ड्यूटी, जगह जगह पर एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य किट, सीएचसी व पीएचसी में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को अपने क्षेत्रों में आने वाली सभी सड़कों को पैच लैस/ गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए।

## कठपुतली शो द्वारा नवीन मतदाता पंजीकरण ऑनलाइन करने के लिए किया जागरूक

**मथुरा।** राजकीय महाविद्यालय मांट मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने तहसील परिसर मांट में नवीन मतदाता पंजीकरण, नाम परिवर्तन, फोटो तथा पता परिवर्तन करने के लिए कठपुतली शो द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया को समझाया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नोडल डॉ0 दीन दयाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मांट, अभिनव जे जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी से कहा कि नवीन मतदाता फॉर्म 6, नाम परिवर्तन के लिए फॉर्म 7, फोटो एवं पता परिवर्तन के लिए फॉर्म 8 ऑनलाइन भर सकते हैं तथा विशेष संक्षिप्त परीक्षण तिथियां 23 नवंबर तथा 24 नवंबर 2024 को संबंधित बीएलओ के पास फार्म 6, फार्म 7 एवं फ फॉर्म 8 निर्धारित संलग्नकों साथ जमा कर सकते हैं। महाविद्यालय छात्रा मोहनी शर्मा ने नवीन मतदाता पंजीकरण संबंधी कविता प्रस्तुत की।

# श्री सत्य साई सेवा समिति का रक्तदान शिविर संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर के तत्वाधान में आज स्थानीय स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के रक्त केंद्र पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री सत्य साई सेवा समिति के स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर समिति के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की श्री सत्य साई बाबा जी का 99वॉं जन्मोत्सव पूरे दुनिया में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 18 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा श्री सत्य साई बाबा ने हमें मानव सेवा का संदेश दिया है उन्होंने कहा रक्तदान श्रेष्ठ दानों में माना जाता है, इसलिए यदि हम स्वस्थ हैं और रक्तदान करने की स्थिति में है तो हमें समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी नाथ ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा श्री सत्य साई बाबा के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए, उन्होंने मानव सेवा के बहुत से कार्य किए हैं। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ एम एस राजपूत ने कहा रक्तदान करके हम दूसरों का जीवन तो बचाते ही हैं साथ में रक्तदान हमारे शरीर के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ एम सी गुप्ता, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ एम एस राजपूत, सहायक प्रभारी ब्लड बैंक डॉ प्रिया जैन, हॉस्पिटल मैनेजर नंदलाल यादव, लैब टेक्नीशियन बालमुकुंद साध्य, आशीष गोस्वामी, रेखा वर्मा सूरज, कुमार, के अलावा रक्तदाताओं में विनय श्रीवास्तव, ध्रुव साहू, अजय श्रीवास्तव, बृषभान सिंह, हर्ष श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव आदि ने रक्तदान किया।

# किराए के मकान में धड़ल्ले से चल रहा भ्रूण परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- मामला लीक होने पर स्वास्थ विभाग में मचा हड़कंप

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र के गांव गढ़ी देरी में किराए के घर में अल्ट्रासाउंड मशीन रखकर भ्रूण लिंग परीक्षण की जांच का खुलासा हुआ है। मौके से पकड़ी गई एक महिला और दलाल को जमानत मिल गई है। तीन आरोपी पुलिस को चकमा देकर पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन को लेकर फरार हो गए। इस मामले से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची है।

नोएडा और गुरुग्राम से महिलाओं को मथुरा लाकर दलाल 15 हजार से 20 हजार रुपये में भ्रूण लिंग परीक्षण की जांच कराता था। इसकी भनक लगते ही सिविल सर्जन गुरुग्राम ने दो डॉक्टर की जांच टीम गठित की। टीम में शामिल पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित धनक एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि ढलाल ने मामले का खुलासा करने के लिए जाल बिछाया। मथुरा के पीसीपीएनडीटी के नोडल डॉ. चित्रेश कुमार स्वास्थ्य कर्मी भारत भूषण शर्मा एवं कुलदीप सिंह के साथ मौके पर पहुंचे।

स्वास्थ्य विभाग और पुलिस को देख नीरज और संदीप मशीन को लेकर मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके से रविंद्र और महिला लक्ष्मी को पकड़ लिया। मौके पर टीम के साथ एसडीएम कंचन गुप्ता भी मौजूद रहीं। इस मामले में पीसीपीएनडीटी के नोडल डॉ. चित्रेश कुमार फरह थाने में ग्रेटर नोएडा निवासी रविंद्र कुमार, नीरज चौधरी, संदीप एवं जिस मकान में जांच हो रही थी उस मकान का मालिक वीरेंद्र एवं भ्रूण परीक्षण कराने आई अड़ीग निवासी लक्ष्मी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

फरह थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि लक्ष्मी को थाने से जमानत दे दी, जबकि दलाल रविंद्र को न्यायालय से जमानत मिल गई है। बाकी तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में झोलाझापों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएमओ को रिपोर्ट भेजी है।

भ्रूण लिंग जांच कराने वालों का जाल गुरुग्राम से लेकर ग्रेटर नोएडा, आगरा और मथुरा तक फैला है। हरियाणा, ग्रेटर नोएडा से महिलाओं को लाकर मथुरा में भ्रूण लिंग की जांच का खेल पिछले 2 साल से अधिक समय से चल रहा था, लेकिन मथुरा का स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में सोया रहा।

मथुरा में पड़ोसी राज्य एवं आसपास के शहरों से आकर भ्रूण लिंग जांच कराने का खेल लंबे समय से चल रहा है। ग्रेटर नोएडा निवासी दलाल रविंद्र ने बताया कि वह पिछले एक साल से अधिक समय से 100 से अधिक महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच करा चुका है। नोएडा का दलाल आगरा नंबर की कार से महिलाओं को भ्रूण परीक्षण के लिए लाता था। गढ़ी बेरी गांव में किराए के मकान में लिंग परीक्षण के लिए मथुरा, आगरा, नोएडा और गुरुग्राम से महिलाएं जांच के लिए लाई जाती थीं। आशंका है कि आगरा में भी दलाल सक्रिय हैं। इससे पूर्व आगरा की स्वास्थ्य टीम ने कोसीकलां में कार्रवाई की थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि भ्रूण लिंग जांच मामले में नोडल अधिकारी डॉ. चित्रेश ने एफआईआर दर्ज कराई है।

# मौलाना सज्जाद नोमानी के बयान की एआइपीएमएम ने की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

- मौलाना सज्जाद नोमानी को किसने ये अधिकारी दिया कि वह मुसलमानों का नेतृत्व करें:
- इस प्रकार के बयान पसमांदा समाज के हितों को भ्रमित करते हैं: यूनुस
- कोई भी धार्मिक या राजनीतिक नेता पसमांदा समाज की ओर से बयान नहीं दे सकता : परवेज़

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने मौलाना सज्जाद नोमानी द्वारा इंडिया गठबंधन के समर्थन में दिए गए बयान और महात्मा गांधी के बारे में अपशब्द कहने की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे न केवल अनुचित बल्कि पसमांदा मुस्लिम समाज के हितों के विपरीत बताया है। महाज़ ने सवाल उठाया है कि मौलाना सज्जाद नोमानी को यह अधिकार किसने दिया कि वे पूरे मुस्लिम समुदाय, विशेष रूप से पसमांदा समाज, जिसकी आबादी कुल मुस्लिम समाज का लगभग 85 प्रतिशत है, की ओर से किसी राजनीतिक गठबंधन का समर्थन करें।

महाज़ के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि संगठन पहले ही यह तय कर चुका है कि वह किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन का समर्थन नहीं करता। संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कहा हमारा उद्देश्य पसमांदा समाज के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए कार्य करना है, न कि किसी राजनीतिक दल का प्रचारक बनना। इस प्रकार के बयान पसमांदा समाज के हितों को नजरअंदाज कर भ्रम पैदा करते हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, परवेज़ हनीफ ने कहा पसमांदा मुस्लिम समाज को किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन का समर्थन करने से पहले यह देखना चाहिए कि वह गठबंधन उनके हितों की कितनी चिंता करता है। उन्होंने कहा कोई भी धार्मिक या राजनीतिक नेता पसमांदा समाज की ओर से बयान नहीं दे सकता। संगठन के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस प्रकार के बयानों का समर्थन न करें। महाज़ समुदाय में जागरूकता फैलाने और समाज को भ्रमित करने वाले बयानों के खिलाफ काम करता रहेगा। महाज़ ने पसमांदा मुसलमानों से अपील की है कि वे किसी भी राजनीतिक निर्णय को सोच-समझकर और अपने वास्तविक हितों को ध्यान में रखते हुए लें। किसी भी गठबंधन या दल का समर्थन करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वह गठबंधन पसमांदा समाज के मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। महाज़ का मानना है कि पसमांदा समाज अब जागरूक हो चुका है और उसे ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता नहीं है, जो उसके हितों को प्राथमिकता न देता हो। संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

# अभाविप का विशाल छात्रा सम्मेलन श्रीजी बाबा में सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में सोमवार को विशाल प्रांत छात्रा सम्मेलन का आयोजन श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया। सम्मेलन में ब्रज प्रांत के विभिन्न जिलों से सैकड़ों छात्रा प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रांत उपाध्यक्ष डॉ एस के राय ने छात्राओं को अभाविप से परिचय कराया। मुख्य वक्ता एवं अभाविप की एसएफएस राष्ट्रीय सह संयोजक अपराजिता ने कहा कि जहां स्त्री की पूजा होती है वहां देवता बसते हैं और भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां सदियों से स्त्री की पूजा होती आई है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विचार धाराओं ने भारत के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर दिखाया है। भारतीय इतिहास में स्त्री का कभी शोषण नहीं हुआ और लोकमतमाता अहिल्याबाई होलकर इसका उदाहरण है जिन्हें शास्त्र एवं शस्त्र दोनों में ही दक्षता हासिल थी। मुख्य अतिथि आईसीएआर की प्रथम महिला सदस्य सुषमा सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभाविप एकमात्र ऐसा संगठन है जहां छात्राओं का अनुपात छात्रों के समान है। उन्होंने छात्राओं के समक्ष लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन का लघु परिचय रखा एवं उनके जीवन के गुणों को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि अभाविप लोकमाता के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ समाजसेविका डॉ लक्ष्मी गौतम ने छात्राओं से रानी अहिल्याबाई होलकर के राजमाता से लोकमाता बनने का चिंतन करने को कहा। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के सम्मुख अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्राओं द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनको प्रतिभागी छात्राओं द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, राकेश ठकुरेला, राय सिंह, निशा निषाद, अमन शर्मा, ठाकुर मोहनदास, राज पलिया, निशांत, अमन पांडे, सर्वेंद्र, अनंत, अमित, रामकिशन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोई भी विद्यालय संगठन की सदस्यता से वंचित न रहे : अक्षय



अवधनामा संवाददाता

- प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की बिरधा ब्लाक इकाई का गठन
- अवतार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष व राम कुमार बने महामंत्री

**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की आवश्यक बैठक माया ज्ञानोदय संस्कार बिरधा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक कालका प्रसाद अवस्थी ने की। आज की बैठक में बिरधा विकासखंड की ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया।

एसोसिएशन के जिला महामंत्री ध्रुव साहू ने बताया कि आज की बैठक में विकासखंड बिरधा की इकाई का गठन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सेन, महामंत्री रामकुमार साहू, मंत्री राज दीक्षित, संगठन मंत्री आकाश कुशवाहा, ऑडिटर कृष्ण पाल यादव को सर्व सम्मति से मनोनीत गया। इस अवसर पर जिला समिति के संयोजक अक्षय अलया ने कहा एसोसिएशन का उद्देश्य नवंबर-दिसंबर माह में जनपद के प्रत्येक विकासखंड में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की इकाई का गठन करना है। कोई भी विद्यालय संगठन की सदस्यता से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा एसोसिएशन प्राइवेट विद्यालयों के हित में काम कर रही है, तथा भविष्य में भी करती रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालका प्रसाद अवस्थी ने कहा प्राइवेट स्कूलों के संरक्षण मे एसोसिएशन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के संरक्षक कालका प्रसाद अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक अक्षय अलया, जिला महामंत्री ध्रुव साहू, उपाध्यक्ष मु वसीम खजुरिया, मड़ावरा ब्लॉक प्रभारी अमर सिंह विश्वकर्मा और महरौनी ब्लॉक प्रभारी इरफान अली के अलावा नवनियुक्त समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह ने किया और आभार रामकुमार साहू, महामंत्री ने व्यक्त किया।

# आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने के लिए डेनियल विटोरी पर्थ टेस्ट बीच में छोड़ देंगे



ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी इस सप्ताह के आखिर में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बड़ी नीलामी में भाग लेने के लिए यहां भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के बीच में ही अपना कार्यभार छोड़ देंगे। आईपीएल नीलामी 24-25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट मैच 22 नवंबर से यहां के ऑप्टस मैदान पर शुरू होगा। विटोरी ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच होने के अलावा आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच भी हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टीम के प्रवक्ता ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा हम सनराइजर्स हैदराबाद के कोच के तौर पर डैन (विटोरी) की भूमिका का समर्थन करते है। वह आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने से पहले शुरुआती टेस्ट मैच की पूरी तैयारी करेंगे। वह नीलामी के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों के लिए टीम के साथ रहेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के राष्ट्रीय विकास कोच लाचलान स्टीवंस पर्थ टेस्ट के दौरान 45 साल के विटोरी की जगह लेंगे। विटोरी के अलावा रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर भी आईपीएल नीलामी के कारण 'चैनल सेवन' के लिए कमेंट्री की भूमिका को नहीं निभा पायेंगे। पोंटिंग पंजाब किंग्स जबकि लैंगर लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच हैं।

# उन्हें उनकी तरह से काम करने दें, आलोचना झेल रहे कोच गंभीर को मिला गांगुली का समर्थन



भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि श्रीलंका के खिलाफ वनडे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में दो शर्मनाक हार के बाद उनके बने रहने पर सवाल उठ रहे हैं। वह जिस तरह से प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हैं वह भी कुछ पूर्व क्रिकेटरों के बीच बहस का विषय बन गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मीडिया से उनकी बातचीत के बाद संजय मांजरेकर ने उन पर निशाना साधा था। हालांकि, पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली नहीं चाहते कि गंभीर अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाएं और उन्होंने दूसरों को सलाह दी है कि वह जैसे हैं उन्हें वैसा ही रहने दें।

रेवस्पोर्ट्ज के साथ बातचीत के दौरान गांगुली ने गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। गांगुली ने रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सितारों का उदाहरण दिया, जिनकी व्यक्तित्व शैली गंभीर की तुलना में समान थी। गांगुली ने कहा, मैं बस इतना कहूंगा कि उन्हें वैसे ही रहने दो। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने जो कहा उसकी कुछ आलोचना देखी। वह ऐसे ही हैं, उन्हें उनके जैसे रहने दो। जब उन्होंने आईपीएल जीता था, तब भी वह ऐसे ही थे। तब आप उन पर गदगद हो रहे थे। सिर्फ इसलिए कि वह श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज हार चुके हैं, उनकी सीधी बात को आपने अच्छी तरह से नहीं लिया, लेकिन वह ऐसे ही हैं। गांगुली ने कहा, और क्यों नहीं वह ऐसे हों? ऑस्ट्रेलियाई, जब से मैंने क्रिकेट देखा है, वे हमेशा से बात करने में कठिन रहे हैं। फिर चाहे वह स्टीव वॉ, पोंटिंग या मैथ्यू हेडन हों, वे इसी तरह से खेलते रहे हैं। इसलिए गंभीर ने जो कहा है उसमें कुछ भी गलत नहीं है। वह ऐसे ही हैं और वह लड़ना जानते हैं। वह प्रतिस्पर्धा करना जानते हैं, इसलिए हमें उन्हें मौका देना चाहिए। अभी दो या तीन महीने ही हुए हैं और आप उन पर फैसला सुना रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रिकी पोंटिंग पर गंभीर का कटाक्ष भी बहस का विषय बन गया था। हालांकि, गांगुली का मानना है कि लोगों को उन्हें अपनी बात कहने का मौका देना चाहिए क्योंकि वह ऐसे ही हैं। उन्होंने कहा, कोई बात नहीं। उन्हें जो कुछ भी पसंद है उसे कहने दें, क्योंकि इससे उन्हें मदद मिलेगी। अंततः आपको ही जाकर कड़ी मेहनत करनी होती है। यह ऐसा ही है और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाफ सदियों से ऐसा होता आ रहा है। यह इस सीरीज को और भी अधिक प्रतिस्पर्धी बनाता है और लोगों द्वारा और भी ज्यादा अनुसरण किया जाता है। तो इसे रहने देते हैं। गंभीर को मौका देते हैं। आपने उन्हें नौकरी दे दी है। दो महीने में आप उन पर फैसला नहीं सुना सकते। मुझे पता है कि अगले कुछ महीने, यह उनके लिए बहुत कठिन होगा। ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच, फिर चैंपियंस ट्रॉफी। यह गंभीर के व्यक्तित्व के बारे में फैसला करेगा। इसलिए मेरे नजरिए से उन्हें एक मौका दीजिए और उनके साथ ज्यादा सख्ती नहीं बरतना चाहूंगा।

# अश्विन के खिलाफ सक्रिय रहने की जरूरत, उन्हें लय हासिल करने का मौका नहीं देना होगा : स्मिथ



ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 2020-21 श्रृंखला के दौरान भारतीय स्पिनर के खिलाफ अपने संघर्ष से बचने के लिए आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ सक्रिय रवैया अपनाना चाहते हैं। इस भारतीय ऑफ स्पिनर ने2023 में ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान को दो बार आउट किया था। स्मिथ इस दौरान अश्विन के खिलाफ सिर्फ 22 रन ही बना सके थे। स्मिथ ने कहा मुझे ऑस्ट्रेलिया में ऑफ स्पिन के खिलाफ आउट होना पसंद नहीं है। वह हालांकि बहुत अच्छा गेंदबाज है और उसकी योजनाएं शानदार होती है। कुछ ऐसे मौके आए जब वह मुझ पर दबदबा बनाने में सफल रहा।

स्मिथ ने कहा, एससीजी (सिडनी क्रिकेट मैदान) में मैं सक्रिय रवैया अपनाकर उस पर हावी होने में सफल रहा। ऐसे में मेरे लिए यह अहम है कि उसके खिलाफ सक्रिय बल्लेबाजी कर के उसे लय हासिल और उस तरह से गेंदबाजी नहीं करने दे जिस तरह से वह चाहता है। ऑस्ट्रेलिया में अश्विन का टेस्ट गेंदबाजी औसत 42.15 है जबकि उनका घरेलू औसत 21.57 है। स्मिथ को उम्मीद थी कि 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में वह 38 साल के गेंदबाज के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल करने में सफल रहेंगे। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने स्मिथ के खिलाफ कुछ योजनाएं बनाई है। अश्विन ने 'चैनल सेवन' से कहा था स्टीव स्मिथ स्पिन के खिलाफ एक खिलाड़ी के रूप में विशेष रूप से आकर्षक हैं। उनके पास एक अनूठी तकनीक है, यहां तक कि तेज गेंदबाजी को खेलने की भी। उन्होंने कहा लेकिन स्पिन के मामले में मुझे लगता है कि वह अच्छी रणनीति और अच्छी तैयारी के साथ आया था और हां, वह इसे किसी भी परिस्थिति में लागू करता था। और पिछले कुछ वर्षों में मैंने इसे समझने के तरीके और साधन खोज लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ी स्मिथ ने कहा, अश्विन का मुकाबला करते समय आपको मानसिक चुनौती से निपटना होता है। श्रृंखला की शुरुआत में अगर कोई एक दबदबा बनाने में सफल रहा तो वह हावी हो सकता है। पैंतीस साल के स्मिथ 10,000 टेस्ट रन से 315 रन दूर है। वह भारत के खिलाफ श्रृंखला में अपनी पसंदीदा चौथे क्रम पर बल्लेबाजी में वापसी करेंगे। स्मिथ ने पिछले चार टेस्ट में पारी का आगाज किया था लेकिन वह इसमें सफल नहीं रहे।

## संजू सैमसन ने मैच के दौरान लड़की को पहुंचाई चोट

साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहान्सबर्ग के न्यू वांडरर्स भारतीय टीम की जबरदस्त बल्लेबाजी देखने को मिली। संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने मेजबान टीम के गेंदबाजों के धागे खोलकर रख दिए। भारत ने इन दोनों की शतकीय पारी के दम पर 1 विकेट पर 283 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जिसके बाद साउथ अफ्रीकी टीम 148 रन पर ही सिमट गई और 135 रन से मुकाबला गंवा बैठी। वहीं संजू सैमसन ने इससे पहले दो मुकाबलों में प्रदर्शन नहीं किया लेकिन इसमे मैच में उन्होंने 109 रन बनाए। वहीं इस दौरान उन्होंने एक छक्का लगाया जिससे मैच देखने आई लड़की को चोटिल हो गई। दरअसल, संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ धमाका कर दिया। पहले टी20 में शतक जमाने के बाद लगातार दो मैचों में 0 पर आउट होने के बाद आखिरी टी20 मैच में उन्होंने वापसी की और छक्के के साथ अपनी पचास रन पूरे किए।

# मैकग्रा ने ऑस्ट्रेलिया को 'भावनात्मक'कोहली के खिलाफ 'कड़ा रुख' अपनाने को कहा



दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास 'भावनात्मक' विराट कोहली को निशाना बनाने की 'क्षमता' है और यह स्टार बल्लेबाज अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की खराब शुरुआत करता है तो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में दबाव में आ जाएगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली चार टेस्ट श्रृंखला जीती हैं जिनमें से दो ऑस्ट्रेलिया में खेली गई। टीम इंडिया को हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से पूर्व पिछली श्रृंखला में स्वदेश में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा।

फॉक्स क्रिकेट ने 'कोड स्पोर्ट्स' पर मैकग्रा के हवाले से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार के बाद, आपके पास खुद को साबित करने के लिए बहुत क्षमता है। उन्होंने कहा, इसलिए उन पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं। एक दशक से अधिक समय से भारत की बल्लेबाजी के मुख्य आधार रहे कोहली पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस साल उन्होंने जो छह मैच खेले हैं उनमें उनका औसत मात्र 22.72 रहा है। चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हैं और कप्तान रोहित शर्मा का खेलना भी संदिग्ध है और ऐसे में कोहली बल्लेबाजी क्रम का नेतृत्व करने का दबाव महसूस करेंगे।

हालांकि 36 वर्षीय कोहली ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के चार दौरों में 54.08 के प्रभावशाली औसत से रन बनाए हैं। मैकग्रा ने चेतावनी दी कि कोहली को आक्रामक तरीके से निशाना बनाने से यह स्टार बल्लेबाज भी उत्साहित हो सकता है विशेषकर अगर वह अपनी भावनाओं को काबू में रखने में कामयाब रहता है तो। ऑस्ट्रेलिया के लिए 1993 से 2007 के बीच 124 मैच में 563 टेस्ट विकेट लेने वाले 54 वर्षीय मैकग्रा ने कहा, मुझे लगता है कि वह थोड़ा दबाव में है और अगर वह शुरू में कुछ कम स्कोर करता है तो वह वास्तव में इसे महसूस करेगा। मुझे लगता है कि वह काफी भावनात्मक खिलाड़ी है।

# रेजांगला युद्ध की वर्षगांठ पर फरहान ने साझा किया 120 बहादुर का पोस्टर, सैनिकों को दी श्रद्धांजलि




दर्शक फरहान अख्तर से फिल्म डॉन 3 लेकर आने की मांग कर रहे हैं। वे जी ले जरा का भी एलान कर ही चुके हैं और फिल्म मिर्जापुर 3 लाने की तैयारियों में जुट गए हैं। इन सभी फिल्मों से अलग फरहान फिलहाल जी-जान से अपनी एक और आगामी फिल्म में व्यस्त हैं। वह फिल्म है, 120 बहादुर। आज रेजांगला युद्ध की 62वीं वर्षगांठ पर अभिनेता इस फिल्म की झलक साझा की है। 18 नवंबर 1962 को भारत व चीन के बीच हुए रेजांगला युद्ध को 62 वर्ष हो गए हैं। अभिनेता फरहान अख्तर ने इस युद्ध पर आधारित अपनी आगामी फिल्म से कुछ झलकियां साझा की हैं। इसके जरिए उन्होंने इस युद्ध के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी है। इस फिल्म में अभिनता मेजर शैतान सिंह पीवीसी के किरदार में दिखाई देंगे।

फिल्म 120 बहादुर का निर्देशन रजनीश रजी कर रहे हैं। आज अभिनेता ने फिल्म का जो पोस्टर साझा किया है, उसमें उनका खूंखार अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर पर लिखा है, वह तीन हजार थे और हम?। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 1962 के उस युद्ध को 62 साल हो चुके हैं। रेजांगला के वीरों के अद्वितीय साहस और बलिदान का हम सम्मान करते हैं। हमारी फिल्म 120 बहादुर मेजर शैतान सिंह और उनके बहादुर जवानों की वीरता और अदम्य साहस को हमारी श्रद्धांजलि है, जो विषम परिस्थितियों में और बाधाओं के बावजूद अपनी जमीन पर डटे रहे। उनकी कहानी समय के साथ गूंजती है। वह कहानी जो हमें, हमें स्वतंत्रता की कीमत और एकता की ताकत की याद दिलाती है। अहीर समुदाय को विशेष सलाम, जिनके बेटों ने हमारे देश की रक्षा के लिए बहादुरी का परिचय दिया। आज सामने आए पोस्टर में फरहान अख्तर हाथों में बंदूक थामे दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फरहान अख्तर इस फिल्म के निर्माता भी हैं। वे रितेश सिधवानी और अमित चंद्रा के साथ मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं। यह फिल्म अगले साल यानी 2025 में रिलीज होगी। फिल्म लद्दाख में फिल्मायी जा रही है।

# सलमान ने कसा बिग बॉस 18 के सेट पर अशनीर ग्रोवर के लिए तंज, कहा अपने शब्दों से सावधान...



सलमान खान ने अशनीर ग्रोवर की बात की, जब भारत-पे की टीम ने अभिनेता से ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए संपर्क किया। बिग बॉस 18 के वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान ने शो के स्टेज पर शार्क टैंक इंडिया के जज और भारत पे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर को उनके विवादास्पद बयानों के लिए सवाल किया। इस पर अशनीर ग्रोवर ने काफी संभालते हुए जवाब दिया। बिग बॉस 18 के हालिया वीकेंड का वार एपिसोड में, सलमान खान ने अशनीर ग्रोवर को उनके विवादास्पद बयानों के लिए सवाल किया, जो उन्होंने एक पॉडकास्ट में अभिनेता और उनकी टीम के बारे में दिए थे। हाल ही में, रियलिटी शो में सलमान और अशनीर की पूरी बातचीत को दिखाने वाली क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। वायरल क्लिप में अशनीर को स्टेज पर एंट्री करते हुए दिखाया गया है।

सलमान ने उनसे पूछा, अच्छा आप हो। आप अपने दोगली बातों के लिए जाने जाते हैं। अशनीर ने जवाब किया, रेपुटेशन तो वैसा बन गया है। सलमान ने अशनीर को उनकी कानटरोवर्सरी के बारे में बताया जब भारत-पे की टीम ने अभिनेता से पोर्टल का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए संपर्क किया. सलमान ने कहा, आपको मेरे बारे में कहते हैं कि सुना है और मेरी टीम के बारे में जब आप भारत-पे में थे। मेरी तो आपसे कभी मुलाकात नहीं हुई। अशनीर ने जोर देकर कहा कि उनकी और सलमान की एक साथ मीटिंग हुई थी। हालांकि, अभिनेता ने इससे इनकार कर दिया और साझा किया कि उनकी एक टीम के साथ बैठक हुई है और उन्हें वहां मौजूद होना चाहिए था। माहौल को बचाने की कोशिश करते हुए, अशनीर ने समझाया, मैं बताना चाहता हूं, आपको ब्रांड एंबेसडर के रूप में लेना मेरे द्वारा किए गए सबसे स्मार्ट मूव्स में से एक था, सलमान ने हालांकि पलटवार करते हुए कहा, कृपया स्पष्ट करें क्योंकि आपने जो छवि दी वह यह थी कि आपने हमें साइन करके हमें मूर्ख बनाया, यह गलत था। उन्होंने आगे कहा, अब आप जो रवैया दिखा रहे हैं, वह वीडियो में नहीं था। अशनीर ने बताया कि पॉडकास्ट में उनके शब्दों की गलत व्याख्या की गई थी। सलमान ने कहा कि हालांकि, उन्हें बुरा नहीं लगा, लेकिन अशनीर को अपने शब्दों से सावधान रहना चाहिए, तब भी जब सितारे उनके सामने मौजूद न हों क्योंकि उनके शब्द उन्हें वापस काट सकते हैं, मुझे अभी पता चला है कि आप बिग बॉस में आ रहे हैं। मुझे आपका नाम भी नहीं पता था। मैंने आपका वीडियो देखा था और मैं सोच रहा था कि यह आदमी कौन है? क्या कह रहा है? जाहिर है जब आप टीवी पर होते हैं तो आप बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं, आप नायक बनने की कोशिश करते हैं। यही इरादा है, जो उस क्लिप में व्यक्त किया गया था। आप क्लिप में बहुत स्वैग में थे।

आपको बता दें कि पिछले साल एक पॉडकास्ट पर अशनीर ने सलमान के साथ अपने अनुभव के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, हमने उसे एक प्रायोजक के रूप में रखा था और मैं उसे हमारी कंपनी के बारे में बताने के लिए एक शूट पर मिला था। उनके मैनेजर ने बोल दिया फोटो नहीं खिंचवाई, सर थोड़ा बुरा मान जाते हैं। मैंने बोला नहीं खिंचवाने फोटो, भाड़ में जा तू, ऐसी कौन सी हीरोपंती हैं।

# नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला की शादी की तारीख पक्की हो गई है, गेस्ट को मिले गुडी बास्केट गिफ्ट



अगस्त के महीने में साउथ एक्टर नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला ने हैदराबाद में निजी समारोह मे सगाई की थी। अब दोनों ही कपल जल्द ही शादी के बंधन में बांधने जा रहे हैं। शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य, जिनकी शादी से पहले का उत्सव पिछले महीने शुरू हुआ था, दिसंबर में शादी करने के लिए तैयार हैं। उनकी शादी के निमंत्रण की कई तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आई हैं।

कपल के शादी के कार्ड की बात करें तो इसमें भारत के दक्षिणी भाग के पारंपरिक तत्व शामिल थे। कार्ड पर मंदिर, दीये, गाय और घंटियां नजर आ रही थीं। दूल्हे और होने वाली दुल्हन के नाम के साथ उनके पारिवारिक विवरण भी शामिल हैं। शादी की तारीख 4 दिसंबर, 2024 है। यह हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में होगी।

कार्ड के साथ मेहमानों को एक टोकरी भी दी गई, जिसमें खाने के पैकेट, कपड़े, फूल और एक स्क्रॉल समेत कई सामान थे। शोभिता और नागा चैतन्य के विवाह स्थल के बारे में आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

पिछले महीने, सोभिता ने इंस्टाग्राम पर पसुपु दंचदाम समारोह की मंत्रमुग्ध कर देने वाली तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, गोधुमा रायी पसुपु दंचदाम और इस तरह इसकी शुरुआत होती है। समारोह के लिए शोभिता ने सुनहरे और हरे रंग की बॉर्डर वाली एक जीवंत साड़ी पहनी थी। तस्वीरों में वह अपने घर की महिलाओं से घिरी हुई थीं।

यह एक पारंपरिक तेलुगु विवाह-पूर्व समारोह है जो विवाह उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। पसुपु का अर्थ है हल्दी, और दंचदाम का अर्थ है कुचलना। इस वाक्यांश का मोटे तौर पर अनुवाद गेहूं, पत्थर और हल्दी को एक साथ कुचलना है। तस्वीरों में शोभिता ने हल्दी पीसकर बड़ों का आशीर्वाद लिया।

## धनुष पर बुरी तरह भड़कीं नयनतारा, नानुम राउडी धान विवाद ने कानूनी लड़ाई को कैसे जन्म दिया है

नयनतारा ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पर धनुष को एक ओपन लेटर साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी आगामी डॉक्यूमेंट्री, नयनतारा बियॉन्ड द फेयरी टेल में अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म के फुटेज का उपयोग करने के लिए एक्टर धनुष पर भड़ास निकाली है। बता दें कि, धनुष ने नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री के लिए अपनी फिल्म नानुम राउडी धान की क्लिपिंग यूज करने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद डॉक्यूमेंट्री में 3 सेकेंड की बिहाइंड द सीन्स क्लिप इस्तेमाल की गई है। इस क्लिप को लेकर धनुष ने नयनतारा को 10 करोड़ का लीग नोटिस भेज दिया। इसके चलते लीगल नयनतारा ने धनुष पर भड़ास निकाली रही है। नयनतारा ने धनुष पर उनके खिलाफ प्रतिशोध रखने का आरोप लगाया, क्योंकि धनुष ने उन्हें कानूनी नोटिस दिया था, जिसमें उन्होंने उनके द्वारा निर्मित फिल्म के क्लिप के उपयोग पर आपत्ति जताई थी। शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक खुले पत्र में, नयनतारा ने नानुम राउडी धान के गाने और दृश्यों का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए धनुष पर कटाक्ष किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या धनुष का निर्णय व्यावसायिक चिंताओं के बजाय व्यक्तिगत द्वेष से उपजा है, उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने दशक पुरानी फिल्म के निर्माण के दौरान व्यक्तिगत उपकरणों पर शूट की गई तीन सेकंड की क्लिप के लिए ?10 करोड़ की मांग की थी। नयनतारा ने इस कदम को धनुष के लिए अब तक का सबसे निचला स्तर बताया, जिन्हें वह अपना पूर्व मित्र बताती थीं।

क्या एक निर्माता सेट पर सभी के जीवन, स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को नियंत्रित करने वाला सम्राट बन जाता है? सम्राट के आदेश से कोई भी विचलन कानूनी प्रभाव को आकर्षित करता है? एक्ट्रेस ने अपने तीन पेज के बयान में लिखा। यह पुष्टि करते हुए कि वह कानूनी रूप से जवाब देंगी, नयनतारा ने मुद्दे के नैतिक पक्ष पर प्रकाश डाला, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि भगवान की अदालत में इसका बचाव किया जाना चाहिए।

# राजा हमार महाराजा हवे रिलीज होते ही हुआ वायरल, फिर से छा गए खेसारी लाल



अभिनेता खेसारी लाल यादव के चर्चित गाने यादव जी के झंडा का दूसरा पार्ट यादव जी के झंडा 2 हाल ही में रिलीज हुआ। यह गाना भी खूब पसंद किया जा रहा है और इस बीच आज सोमवार को अभिनेता का एक और नया गाना आ गया है। खेसारी का गाना राजा हमार महाराजा हवें आज सोमवार को रिलीज हुआ है और रिलीज के चंद घंटों में ही इसे ताबड़तोड़ व्यूज मिल रहे हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव और कल्पना पटवारी ने अपने सुरों से बांधा है। गाना खेसारी और रानी पर फिल्माया गया है। कल्पना पटवारी ने लंबे समय बाद कोई गाना गाया है, यह भी एक वजह है कि दर्शकों का क्रेज इस गाने के प्रति जबर्दस्त है। आज सुबह रिलीज हुए गाने को चंद घंटों के अंदर करीब तीन लाख व्यूज मिल चुके हैं। राजा हमार महाराजा हवे को आर्या एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में खेसारी अपने चिर-परिचित अंदाज में नजर आ रहे हैं। रानी के साथ उनका धमाकेदार डांस फैंस को पसंद आ रहा है। शादी के मौसम में रिलीज हुए इस गाने का हिट होना तय है। इस गाने पर दर्शकों की प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स लिख रहे हैं, यह गाना तबाही मचाने वाला है। एक यूजर ने लिखा, ट्रेंडिंग लिस्ट में शामिल होने वाला है यह गाना। एक यूजर ने लिखा, बिहार में एक ही राजा, अपने खेसारी लाल यादव। खेसारी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म राजाराम बीते दिनों छठ पर्व के अवसर पर रिलीज हुई।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 19 नवम्बर, 2024



# देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका: राम लाल

**सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भारी संख्या में बच्चों ने किया प्रतिभाग**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद के जफराबाद विधान सभा क्षेत्र के नोकरा मनापुर गांव में सरदार पटेल जयन्ती एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में सरदार सेना के प्रदेश प्रभारी ऐडवोकेट राम लाल पटेल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि सहित तमाम लोगों ने गौतम बुद्ध,सरदार पटेल व डॉक्टर अम्बेडकर की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शुरु किया गया। कार्यक्रम के दौरान आये हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ऐडवोकेट राम लाल पटेल ने कहाँ कि सरदार पटेल के द्वारा जो देश हीत में कार्य किया गया है उसको हम सभी लोग कभी भुला नहीं सकते देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की सबसे अहम भूमिका रही है। अपने उद्बोधन में उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों से अपील करते हुए बच्चों से कहा कि आप लोग भी ऐसे महापुरुषों को पढ़े और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का कार्य करें ताकि आने वाले समय में आपके साथ आपके परिवार वह समाज का विकास हो सके। आज महापुरुषों के विचार धारा पर काम करने की आवश्यकता है ताकि देश का विकास हो सके प्रतियोगिता में अब्बल स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एवं विशेष पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रुप में सरदार सेना जिला इकाई जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल रहे जिलाध्यक्ष में अपने उद्बोधन में सरदार पटेल के द्वारा देश हित में किये गये। कार्यों के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि आप सभी लोग सरदार पटेल की विचार धारा पर काम करें ताकि आने वाले समय में हमारे प्रदेश व देश का विकास हो सके।इस कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनीता पटेल, अच्छे लाल पटेल, धीरज यादव, अजय पटेल, सन्तोष पटेल, दीपक वर्मा, राजकुमार, अमर पटेल, डां मूल चन्द्र वर्मा, सुरेश पटेल, कृष्णा पाल, जितेन्द्र पटेल, सुनील पटेल, हरिशचन्द्र प्रजापति, राजकुमार, विजय पटेल, महेन्द्र पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वृजेन्द्र पटेल व अध्यक्षता प्यारे लाल वर्मा ने किया।

# एमबीए, बी.कॉम और बीबीए के बच्चों का इंटरव्यू

**स्विगी एचआर टीम का पीयू में प्लेसमेंट ड्राइव**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में स्विगी की एचआर टीम ने एमबीए, बी.कॉम और बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्रों का उत्साह देखने लायक था और बड़ी संख्या में छात्रों ने इसमें भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई। पहले चरण में ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के संवाद कौशल, टीम वर्क और समस्या समाधान क्षमताओं का आकलन किया गया। पहला चरण सफलतापूर्वक पार करने वाले छात्रों को व्यक्तिगत साक्षात्कार (पर्सनल इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया। इस दौर में स्विगी की एचआर टीम ने छात्रों की व्यक्तिगत योग्यता, आत्मविश्वास और कंपनी के मूल्यों के साथ उनकी सामंजस्यता की जांच की। स्विगी एचआर टीम के प्रतिनिधि विशाल सिंह ने प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में कहा कि छात्रों की प्रतिभा और उनकी तैयारी ने हमें प्रभावित किया। यह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मजबूत शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण के स्तर को दर्शाता है। ड्राइव के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे और चयनित छात्रों के लिए यह उनके पेशेवर करियर की एक शानदार शुरुआत होगी। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी निदेशक डॉ. अमरेन्द्र सिंह ने स्विगी टीम के एचआर विशाल सिंह को मोमेंटो प्रदान किया एवम् धन्यवाद करते हुए कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भविष्य में भी हम ऐसी और पहल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों की रोजगार क्षमता को प्रोत्साहित करने और विश्वविद्यालय तथा प्रमुख उद्योगों के बीच संबंध मजबूत करने के प्रयासों को दर्शाती है। कार्यक्रम दौरान संकाय अध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, कार्यालय प्रभारी श्याम त्रिपाठी एवम् प्लेसमेंट सेल के मुख्य छात्र सदस्य दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा ,शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय ,आयुष गुप्ता उपस्थित रहे।

# बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 5-SR-05 और 303 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 और श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। छोटू यादव, एटा से एक किसान, का कहना है कि श्रीराम सुपर 5- एस आर 05 में कई विशेषताएं देखने को मिली जैसे अधिक कल्लों की संख्या 13-14 कल्ले प्रति पौधा , वज़नदार लंबी बालियां, 70-75 दाने प्रति बाली और अधिक उपज क्षमता। पौधे की उपयुक्त ऊंचाई 90 से.मी. होने की वजह से इसमें गिरने की शिकायत नहीं आती। इस साल मार्च महीने में अचानक अधिक तापमान होने के बावजूद श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 की अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल को देखकर वे बेहद प्रसन्न हैं और इस वर्ष भी श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 गेहूं बीज की ही बुवाई करेंगे। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 और श्रीराम सुपर 303, अपनी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में गेहूं के किसानों की पहली पसंद बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अन्य किसान श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीज बोने से भी इसी तरह की सफलता पा रहे हैं। आंबेडकरनगर उत्तर प्रदेश के किसान सभाजीत वर्मा ने अपने खेत में श्रीराम सुपर 303बोया था और वे श्रीराम सुपर 303 के बेहतर परिणाम से काफी प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि श्रीराम सुपर 303 में कल्लों की संख्या भी ज्यादा है ( 10-12 प्रति पौधा) और बाली की लम्बाई भी अधिक है। बाबू सिंह अधिक उपज पाकर बेहद खुश हैं और अगले साल वो अपने पूरे खेत पर श्रीराम सुपर 303 बीज ही लगाएंगे। श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 और 303 बीज के साथ साथ , श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की अन्य किस्में जैसे श्रीराम सुपर 3- एस आर 72, 252 आदि भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉरमेंस के चलते यूपी के किसानो में बेहद लोकप्रिय हो गयी हैं।

# नयी शिक्षण तकनीक से बच्चों का सर्वांगीण विकास करें: श्रीश




अवधनामा संवाददाता

**आज़मगढ़।** करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में वराणसी सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के तत्वाधान में %कैप्सिटी ऑफ बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक्टिव लर्निंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रारंभ विद्यालय के कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षकों द्वारा सुंदर गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक श्री श्रीश अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। कार्यशालाओं के आयोजन से शिक्षक अधिक सर्जनात्मक और उर्जावान बनते हैं तथा उन्हें कागजी कार्यवाही के बजाय छात्र पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय मिलता है। नयी-नयी शिक्षण तकनीकियों द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास बहुत ही सहजता के साथ किया जा सकता है।कार्यशाला में कार्यशाला की प्रशिक्षिका श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने कक्षा के विद्यार्थियों को शिक्षण कक्षाओं में एक्टिव रहने के कई तरीकों का साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को कक्षा में क्रियाशील रखने के लिए समय प्रबंधन, बच्चों की क्रियाविधि में भागीदारी, एक दूसरे के विचारों का सम्मान, उनकी प्रतिपुष्टि आदि बहुत आवश्यक है। कक्षा प्रबंधन के आधारभूत आवश्यक प्रावधानों का भी उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी के लिए संचार, गहन समझ, सर्जनात्मकता तथा सहयोग की नितांत आवश्यकता है।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने आजमगढ़ में शोरूम को लांच किया

अवधनामा संवाददाता




**आज़मगढ़।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने उत्साह के साथ उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ के नरौली में अपने 11वें शोरूम के विशाल उद्घाटन की घोषणा की। यह पूरे देश भर में किसना का 56वां शोरूम है। शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक श्री पराग शाह और डीआईजी आजमगढ़ आनंद कुलकर्णी उपस्थित रहे। इस उद्घाटन के संबंध में बात करते हुएहरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि÷उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ में अपना 11वां विशेष शोरूम लॉन्च करते हुए हम काफी रोमांचित हैं और पूरे भारत में अपने प्रसार का जश्न मना रहे हैं। हर किसना शोरूम केवल एक स्टोर नहीं है बल्कि भरोसे, नवाचार और अद्वितीय सेवा का वादा है। हर घर किसना के विजन के अनुसार यह विस्तार किया जा रहा है, जिसके तहत हमारा लक्ष्यडायमंड ज्वेलरी के लिये हर महिला के सपने को साकार करते हुए भारत का तेजी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना है।किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक श्री पराग शाह ने कहा कि आजमगढ़ में अत्यधिक संभावनाएं है जहां अद्भुत शिल्पकारी वाले आभूषणों को दिखाने के लिये हम उत्साहित हैं। यह आभूषण, भरोसे और अद्वितीय शिल्प कौशल क्षमता का मिश्रण है। आजमगढ़ में विस्तार करना, हमारे ग्राहकों तक नवीनतम डिजाइन और बेहतरीन शिल्प कौशल को पहुंचाने के हमारे मिशन का हिस्सा है।

किसना द्वारा इस भव्य उद्घाटन के अवसर पर ग्राहकों के लिये विशेष पेशकश की जा रही है, जिसमें डायमंड ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज की छूट दी जा रही है, वहीं गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 20 प्रतिशत तक की भारी और आकर्षक छूट मिल रही है। ग्राहकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए किसना ने अबकी बार आपके लिये शॉप एंड विन ए कार जैसे आकर्षक कैंपेन ऑफर किये हैं, जिसमें 100 से अधिक कारों में से जीतने का मौका दिया गया है। ग्राहक 20 हजार या इससे अधिक कीमत वाले डायमंड, प्लेटिनम या सॉलिटेयर ज्वेलरी या 50 हजार या इससे अधिक कीमत वाले गोल्ड ज्वेलरी खरीदकर इसमें भाग ले सकते हैं। किसना केफ्रैंचाइज़ पार्टनरश्री राहुल कुमार ने कहा कि ''अपने नवाचार और विश्वास के रूप में पहचान बनाने वाले किसना ब्रांड के साथ हाथ मिलाना एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। हम आजमगढ़ जैसे शहर में अपनी सेवा देने के लिये तैयार हैं, जहां लोग आभूषणों के साथ विरासत और शिल्पकौशल को महत्व देकर उसे जीवनभर संजोकर रखना जानते हैं।

# कृष्ण सुदामा के मैत्री प्रेम की कथा सुन छलक पड़ी आंखें



**जौनपुर (खुटहन)** सरौली गांव के भैयाराम पुरवा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए काशी से पधारें आचार्य अजय जी महाराज ने कहा कि जीवन में सच्चा मित्र आइने की तरह होता हे। जो हमेशा अपने साथी को कुमार्ग से दूर सद्मार्ग की तरफ ले जाता है। तीनों लोकों के स्वामी स्वयं भगवान ने सखा सुदामा का पांव पखार इसे साबित कर दिखाया है। महराज के मुखारविंद से कथा सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गई। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों की रासलीला के आध्यात्मिक तत्व का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान से सम्बन्ध स्थापित कर लेना ही मनुष्य का परम लक्ष्य और उद्देश्य होना चाहिए।श्रीकृष्ण रास लीला का मूल तत्व प्रेमाभक्ति के द्वारा भगवान में लीन होना बताया।इस मौके पर राजमणि शुक्ला, इंद्रभान शुक्ला, बीरेंद्र मिश्रा, शिव शंकर मिश्रा, गुड्डू मिश्रा पंकज मिश्रा , दिनेश मिश्रा, विजय प्रताप , सत्यम मंचला, श्री कृष्णा पांडे, सुनील चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक : 876/ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस /2024-25 दिनांक : 09.11.2024

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

1. राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी तथा डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई- टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा मॉगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

2.

| क्र. सं. | विधानसभा | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख) | अनुरक्षण की लागत (लाख में) | कार्य की लागत + अनुरक्षण की लागत का योग (लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| विशेष मरम्मत का कार्य (5 वर्ष अनुरक्षण सहित) | | | | | | | | | | | |
| 1 | मिश्रिख | नेरी सिधौली महमूदाबाद (एम0डी0आर0 73सी) के किमी0 41 से आंट इमलिया चित्रकूट सम्पर्क मार्ग | 28.26 | 3.74 | 32.00 | 3.20 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 2 | मिश्रिख | भिखनापुर से समसापुर सम्पर्क मार्ग | 20.41 | 2.79 | 23.20 | 2.32 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 3 | मिश्रिख | मिश्रिख इण्डवल ग्रन्ट सम्पर्क मार्ग | 6.09 | 1.11 | 7.20 | 0.72 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 4 | मिश्रिख | रामकोट-वजीरनगर-दधनामऊ मार्ग से फुलरूवा-गोविन्दपुर सम्पर्क मार्ग | 28.40 | 5.2 | 33.60 | 3.36 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 5 | मिश्रिख | जोतपुर सम्पर्क मार्ग। | 1.13 | 0.17 | 1.30 | 0.13 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 6 | मिश्रिख | मिश्रिख से ढेढरहा मार्ग | 19.99 | 3.66 | 23.65 | 2.37 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 7 | मिश्रिख | परागपुर सम्पर्क मार्ग। | 3.17 | 0.58 | 3.75 | 0.38 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 8 | मिश्रिख | मड़रूआ से मोहकमपुर सम्पर्क मार्ग। | 14.45 | 2.55 | 17.00 | 1.70 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 9 | मिश्रिख | सरसई से नेवदिया सम्पर्क मार्ग। | 15.53 | 2.82 | 18.35 | 1.84 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 10 | मिश्रिख | तेलियानी से औरंगाबाद सम्पर्क मार्ग। | 13.11 | 2.39 | 15.50 | 1.55 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 11 | मिश्रिख | उदयपुर भटठे से हरिहरपुर सम्पर्क मार्ग (गोंदलामऊ) | 7.57 | 1.38 | 8.95 | 0.90 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 12 | मिश्रिख | गुजरेहटा सम्पर्क मार्ग। | 5.84 | 1.06 | 6.90 | 0.70 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 13 | मिश्रिख | लंघनिया सम्पर्क मार्ग। | 9.47 | 1.73 | 11.20 | 1.12 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 14 | मिश्रिख | घटमापुर समसापुर सम्पर्क मार्ग। | 9.47 | 1.73 | 11.20 | 1.12 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 15 | मिश्रिख | धावरपारा से मानपुर सम्पर्क मार्ग | 4.24 | 0.76 | 5.00 | 0.50 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 16 | मिश्रिख | अमेलिया सम्पर्क मार्ग। | 10.75 | 1.9 | 12.65 | 1.27 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 17 | मिश्रिख | इमलीपुरवा सम्पर्क मार्ग। | 17.16 | 3.04 | 20.20 | 2.02 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 18 | मिश्रिख | विक्रमपुर सम्पर्क मार्ग। | 11.82 | 2.28 | 14.10 | 1.41 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 19 | मिश्रिख | केसरा परसदा मार्ग भदेभर सम्पर्क मार्ग | 2.46 | 0.44 | 2.90 | 0.29 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 20 | मिश्रिख | भटपुरवा से बेनीपुर सम्पर्क मार्ग। | 5.35 | 0.95 | 6.30 | 0.63 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 21 | मिश्रिख | केसरा परसदा मार्ग से महमूदपुर माफी वाया सूरजपुर सम्पर्क मार्ग। | 12.87 | 2.28 | 15.15 | 1.52 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 22 | सिधौली | कुचलाई से गोंदलामऊ वाया सहोली मार्ग। | 23.21 | 2.64 | 25.85 | 2.59 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 23 | सिधौली | सिधौली नई गढी सम्पर्क मार्ग। | 8.11 | 1.49 | 9.60 | 0.96 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 24 | सिधौली | सिधौली, मिश्रिख मार्ग किमी0 12 से गोविन्दापुर सम्पर्क मार्ग। | 5.79 | 1.06 | 6.85 | 0.69 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 25 | सिधौली | सिधौली, मिश्रिख मार्ग किमी0 12 से बरोय का पुरवा सम्पर्क मार्ग। | 3.46 | 0.64 | 4.10 | 0.41 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 26 | खैराबाद | परागी लालपुरवा सम्पर्क मार्ग। | 15.27 | 2.33 | 17.60 | 1.76 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 27 | खैराबाद | प्रतापपुर सम्पर्क मार्ग। | 10.94 | 1.66 | 12.60 | 1.26 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 28 | खैराबाद | हुसैनपुर कैमहारा मार्ग के किमी0 2 से रामपुर निजामपुर मार्ग। | 10.94 | 1.66 | 12.60 | 1.26 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 29 | खैराबाद | मछरेहटा, जलालपुर मार्ग से रायपुर सम्पर्क मार्ग। | 5.46 | 0.84 | 6.30 | 0.63 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |

3. बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.11.2024 से 30.11.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.11.2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(रीमा सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर।
ई-मेल: exengcdpwd@gmail.com

UPID-222401 Dated-14-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# महाकुंभ को लेकर सभी कार्य नवंबर अंत तक पूरे कर लिए जाएं: पीडीए उपाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आगामी महाकुंभ 2025 को लेकर संगम नगरी प्रयागराज को दिव्य भव्य और नव्य बनाने के लिए शहर के सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ ही फुटपाथों ,डिवाइडर व चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कुंभ को लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा 30 से ज्यादा सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और उसे खूबसूरत तरीके से सजाया और संवारा जा रहा है। कुंभ के कार्यो को लेकर स्थलीय निरीक्षण व समीक्षा के लिए पीडीए के उपाध्यक्ष डॉक्टर अमित पाल शर्मा, सचिव अजीत कुमार सिंह, मुख्य अभियंता सहित तमाम सहायक व अवर अभियंता दिन रात सड़कों की मॉनिटरिंग में जुटे हैं। रोज देर रात तक पीडीए के आला अधिकारी कुंभ से जुड़े सभी प्रोजेक्टों की गहनता से निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते हैं ताकि तय समय से प्रोजेक्ट पूरे हो जाएं।

रोज प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित तीनों आला अधिकारी एक - एक प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी समीक्षा करते हैं साथ ही अगले दिन के काम का टारगेट निर्धारित किया जा जाता है और पुनः अगले निरीक्षण में समीक्षा की जाती है ताकि सभी प्रोजेक्ट तय समय से पूरा हो सके। स्थलीय निरीक्षण का यह कार्य देर रात तक चलता रहता है। पीडीए कुंभ से जुड़े सभी कार्य तय समय से खत्म करने को लेकर कटिबंध है।

उपाध्यक्ष एवं सचिव ने सख्त निर्देश देते हुए सभी ठेकेदारों को कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप काम को लेकर अलर्ट हो जाएं। सड़कों पर डामर ( डीजीबीएम /बीसी ) के सभी मेजर वर्क 25 नवंबर तक पूरे हो जाए ,क्योंकि प्रत्येक दिन कुंभ से जुड़े हुए कार्यों की समीक्षा प्राधिकरण के आला अधिकारी कर रहे हैं।

# मैथिली की मिठास से अभिभूत हुआ सिंगापुर

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सिंगापुर में प्रवास कर रहे मैथिल परिवार की ओर से विद्यापति समारोह के दूसरे संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। मैथिल कोकिल जनकवि विद्यापति के इस स्मृति-पर्व में बिहार कोकिला के रुप में प्रसिद्ध पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय शारदा सिन्हा को आमंत्रित अतिथियों के द्वारा श्रद्धासुमन भी अर्पित किए गये। मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय उच्चायोग सिंगापुर में काउंसलर के पद पर कार्यरत अमेय अजीत अभ्यंकर ने समारोह की शोभा बढ़ाई। उनके साथ द्वितीय सचिव अरविन्द श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

भारत में पंजीकृत संस्था अष्टदल फ़ाउंडेशन के सौजन्य से संगीत नाटक अकादमी सम्मान प्राप्त लोक-संगीत विशारद डॉ. रंजना झा, विद्यापति समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुई। डॉ. रंजना झा ने अपने गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंगापुर की प्रतिष्ठित कला संस्था %सिंगापुर इंडियन फ़ाइन आर्ट्स सोसायटी% के तबला गुरु श्री मिहिर कुन्डू, तबले पर उनकी संगत दे रहे थे। डॉ. रंजना झा के साथ मंच पर दो नवोदित कला-साधक भी उपस्थित थे दिव्य चेतन और अभिनव अंजनी चौधरी। कविवर विद्यापति के लिखे मैथिली गीत पर भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी और कत्थक जैसे शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। स्वर्गीय शारदा सिन्हा के गाये हुए सामा-चकेबा के गीत पर महाराष्ट्र के लोक-नृत्य लावणी के साथ-साथ मिथिला के प्रसिद्ध लोक- नृत्य झिझिया की प्रस्तुति भी हुई।

## सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय का निधन

**प्रयागराज।** भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय के पौत्र जस्टिस गिरिधर मालवीय का सोमवार को निधन हो गया है। वह बीते कई दिनों से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था।

जस्टिस गिरिधर मालवीय हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और गंगा सफाई अभियान में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे थे। निधन के बाद पार्थिव शरीर को अन्तिम दर्शन के लिए प्रयागराज के जॉर्ज टाउन इलाके में स्थित उनके आवास पर रखा गया है।

गिरिधर मालवीय को साल 1988 में 14 मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। सेवानिवृत्ति के बाद साल 2018 में, उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय का कुलाधिपति चुना गया। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में वह, नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक बने थे। बता दें कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ा था।

# बच्चों के दोस्त बने न्यायाधीश नहीं: डॉ संजय

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में माँ शारदा ब्रह्मदेव सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं औषधि वितरण तथा 21वीं सदी में अभिभावक की भूमिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर संजय गुप्ता (आईएमएस बीएचयू, खुशहाली फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक) शामिल हुए। उनके साथ डॉक्टर डीडी सिंह (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर प्रशांत पांडे (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर परिजात बरनवाल (चर्म रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर शरद मिश्रा (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉक्टर अज़ीम अहमद (जनरल फिजिशियन) और डॉक्टर राजेंद्र कंकरवाल (डीएम, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट) ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजकुमार बैठा (एसडीएम, आजमगढ़) मुख्य वक्ता डॉ संजय गुप्ता संस्थापक खुशहाली फाउंडेशन तथा संरक्षक वेदांता इंटरनेशनल स्कूल ब्रह्मदेव सिंह जी ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। उन्होंने स्कूल की प्रबंधक समिति को ऐसे बहुद्देशीय कार्यक्रम कराने की बधाई दी और कहा कि आज 21वीं सदी में हमें ऐसे आयामों की बहुत आवश्यकता है जहां माता-पिता, अभिभावक बच्चों के मनोदशा को समझकर एक उचित सकारात्मक माहौल दे सके और उनके मन में जीवन की किसी भी चुनौती के लिए सकारात्मक नजरिया अपना सके। डॉ. संजय गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को तनावमुक्त जीवन जीने के उपाय बताए। उन्होंने समझाया कि तनाव को कैसे कम किया जाए, सकारात्मक माहौल कैसे बनाया जाए, और यह क्यों आवश्यक है कि छात्रों के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें, ताकि वे एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकें। डॉ संजय गुप्ता खुशहाली गुरु जी ने सभी उपस्थित माता पिता तथा अभिभावकों को शपथ ग्रहण कराई कि बच्चों के दोस्त बने न कि उनके न्यायाधीश उनके खुशी में शामिल हो। उन्होंने खुश रहने तथा हमेशा सकारात्मक ऊर्जा को अपने अन्दर रखने के लिए मंत्र भी साझा किया कि आज जो होगा अच्छा होगा। आज जो होना है बहुत अच्छा होना है। डॉ संजय गुप्ता जी ने सभी उपस्थित माता पिता तथा अभिभावकों के जिग़ासाओं को प्रश्नोंत्तर के माध्यम से समुचित समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया।

## निसान ने देशभर में विशेष रूप से ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार गतिविधियों के साथ 'वीकेंड कार्निवल' का आयोजन किया

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने 15 से 17 नवंबर के बीच देश के सभी डीलरशिप नेटवर्क पर 'वीकेंड कार्निवल' का आयोजन किया । वीकेंड कार्निवल का लक्ष्य निसान के मौजूदा एवं संभावित ग्राहकों एवं उनके परिजनों को आकर्षक पुरस्कार, लकी ड्रॉ और फन एक्टिविटीज के माध्यम से यादगार अनुभव प्रदान करना है। निसान के सभी शोरूम में निसान के मॉडल्स के इंटरैक्टिव शोकेस के साथ ग्राहकों का स्वागत किया गया। वीकेंड कार्निवल के दौरान आने वाले अतिथि नई निसान मैग्नाइट और निसान एक्स-ट्रेल की टेस्ट ड्राइव का आनन्द लिया और परिवार को ध्यान में रखकर तैयार किए गए गेम्स एवं कॉन्टेस्ट में हिस्सा भी लिया। इस दौरान हर उम्र के बच्चों के लिए एक प्ले कॉर्नर भी बनाया गया था।

वीकेंड कार्निवल के दौरान मौजूदा ग्राहक निसान को लेकर अपने यादगार क्षणों, उत्सवों औरड्राइविंग के अनुभव या निसान से जुड़ा कोई भी ऐसा अनुभव साझा कर सकते थे जो उनके दिल के करीब है। इतना ही नहीं,

निसान मोटर इंडिया ने मैग्नाइट के मौजूदा ग्राहकों और नई निसान मैग्नाइट के संभावित ग्राहकों एवं उनके परिजनों को फैमिली फन, शानदार पुरस्कार एवं यादों के साथ एक यादगार वीकेंड का हिस्सा बनने के लिए नजदीकी निसान डीलरशिप पर आमंत्रित किया।

## बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 5-SR-05और 303 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 और श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। छोटू यादव, एटा से एक किसान, का कहना है कि श्रीराम सुपर 5- एस आर 05 में कई विशेषताएं देखने को मिली जैसे अधिक कल्लों की संख्या 13-14 कल्ले प्रति पौधा , वज़नदार लंबी बालियां, 70-75 दाने प्रति बाली और अधिक उपज क्षमता। पौधे की उपयुक्त ऊंचाई 90 से.मी. होने की वजह से इसमें गिरने की शिकायत नहीं आती। इस साल मार्च महीने में अचानक अधिक तापमान होने के बावजूद श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 की अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल को देखकर वे बेहद प्रसन्न हैं और इस वर्ष भी श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 गेहूं बीज की ही बुवाई करेंगे। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 और श्रीराम सुपर 303, अपनी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में गेहूं के किसानों की पहली पसंद बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अन्य किसान श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीज बोने से भी इसी तरह की सफलता पा रहे हैं। आंबेडकरनगर उत्तर प्रदेश के किसान सभाजीत वर्मा ने अपने खेत में श्रीराम सुपर 303बोया था और वे श्रीराम सुपर 303 के बेहतर परिणाम से काफी प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि श्रीराम सुपर 303 में कल्लों की संख्या भी ज्यादा है (10-12 प्रति पौधा) और बाली की लम्बाई भी अधिक है। बाबू सिंह अधिक उपज पाकर बेहद खुश हैं और अगले साल वो अपने पूरे खेत पर श्रीराम सुपर 303 बीज ही लगाएंगे। श्रीराम सुपर 5- एस आर -05 और 303 बीज के साथ साथ , श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की अन्य किस्में जैसे श्रीराम सुपर 3- एस आर 72, 252 आदि भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉरमेंस के चलते यूपी के किसानो में बेहद लोकप्रिय हो गयी हैं।

## IGL, MGL और अदाणी टोटल गैस के शेयरों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी टोटल गैस के शेयरों में आज यानी सोमवार (18 नवंबर) को भारी गिरावट गिरावट देखने को मिल रही है। IGL और MGL शुरुआती कारोबार में 15 फीसदी तक फिसल गए थे। वहीं, अदाणी टोटल गैस में करीब 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली।

GAIL (इंडिया) ने एलान किया कि उसने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए गैस आवंटन में 13 से 20 फीसदी की कटौती कर दी है। इससे IGL और MGL के साथ अदाणी टोटल गैस जैसी कंपनियों के मार्जिन पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। सिटी गैस कंपनियों को उनकी CNG सेल्स वॉल्यूम जरूरतों के लिए 6.5 डॉलर/mmbtu (मिलियन मीट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट) के फिक्स्ड प्राइस पर घरेलू गैस का आवंटन होता है। अगर घरेलू गैस का आवंटन घटेगा, तो इसका सीधा असर उनके मुनाफे पर पड़ेगा।

GAIL ने इंद्रप्रस्थ गैस, महानगर गैस और अदाणी टोटल गैस के आवंटन में क्रमशः 20, 18 और 13 फीसदी की कटौती की है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन ने भी आवंटन में 16-20 फीसदी की रेंज में कटौती की थी। हालिया कटौती के बाद सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को APM आवंटन अब करीब 30-35 फीसदी है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज का मानना है कि 2025 के मध्य तक सिटी गैस कंपनियों का घरेलू गैस आवंटन जीरो हो जाएगा।

ONGC ने अपनी पहली कटौती का ऐलान किया था, तो एमके रिसर्च ने अनुमान लगाया था कि इंद्रप्रस्थ गैस और महानगर गैस के मार्जिन पर 1.4-1.5 रुपये/scm का नेगेटिव असर पड़ेगा। अब यह बढ़कर 2.7-3 रुपये/scm हो गया है।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने नया बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**मुंबई।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इंडेक्स स्कीम है जो निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स को ट्रैक करती है। यह फंड निवेशकों को निफ्टी 200 यूनिवर्स के भीतर 30 हाई-क्वालिटी वाली कंपनियों तक पहुंच प्रदान करता है, जिन्हें रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट-टू-इक्विटी अनुपात और प्रति शेयर आय जैसे प्रमुख फाइनेंशियल वित्तीय मेट्रिक्स के आधार पर चुना जाता है।

बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड में निवेश करने के मुख्य कारणों के बारे में बात करते हुए, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएं बढ़ती जा रही हैं, वैसे-वैसे लार्ज-कैप, हाई क्वालिटी वाले शेयरों की ओर रुझान बढ़ रहा है जो मजबूत निवेश सुविधा और स्थिरता प्रदान करते हैं। अपने ठोस फाइनेंशियल फंडामेंटल्स के



साथ गुणवत्ता वाले शेयर, विशेष रूप से अनिश्चित बाजारों में पसंदीदा विकल्प बन गए हैं। निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स मजबूत लाभप्रदता, प्रबंधनीय डेट लेवल्स और लगातार आय वाली कंपनियों को लक्षित करता है, जिसका लक्ष्य कम अस्थिरता के साथ बेहतर रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न देना है। कंज्यूमर डिस्क्रीशनरी और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित, इन कंपनियों ने ऐतिहासिक रूप से वैश्विक संकटों के दौरान स्थिर प्रदर्शन और कम गिरावट दिखाई है, जिससे निवेशकों को संभावित गिरावट से सुरक्षा मिलती है।

यह फंड आज के बदलते परिदृश्य में बेहतर स्थिरता और ग्रोथ क्षमता दोनों को लक्ष्य बनाने वाले लॉन्गटर्म निवेशकों के लिए आदर्श हो सकता है।

फंड का उद्देश्य मजबूती और ग्रोथ क्षमता दोनों प्रदान करना है, जो इसे बाजार की अस्थिरता के बीच जरूरी स्थिरता की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक उचित आकर्षक विकल्प के रूप में स्थापित करता है।

न्यू फंड ऑफर सोमवार, 18 नवंबर, 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024 को बंद होगा। बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किया जा सकता है।

## मीशो ने प्रोजेक्ट विश्वास के साथ ऑनलाईन धोखाधड़ी के खिलाफ मुहिम तेज की

**नई दिल्ली।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने आज अपनी 'ट्रस्ट एश्योरेंस रिपोर्ट' का दूसरा संस्करण पेश किया। इस रिपोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने और यूज़र का विश्वास स्थापित करने के लिए सक्रिय उपाय व प्रयासों के बारे में बताया गया है। टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन, उद्योग के विशेषज्ञों के साथ सहयोग, और मजबूत सुरक्षा उपायों पर जोर देते हुए मीशो अपने ग्राहकों के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बन गया है। प्रोजेक्ट विश्वास के अंतर्गत, कंपनी अपनी समर्पित 'विश्वास व सुरक्षा' टीम को मजबूत बनाने के लिए निरंतर निवेश कर रही है। यह टीम प्लेटफॉर्म पर यूज़र का विश्वास स्थापित करने और बनाए रखने पर केंद्रित है। मीशो में जनरल मैनेजर, फुलफिलमेंट एवं एक्सपीरियंस, सौरभ पांडे ने कहा प्रोजेक्ट विश्वास मीशो की रणनीति का एक मुख्य हिस्सा है। यह विस्तृत अभियान ग्राहकों और विक्रेताओं की सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है। हम आधुनिक टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञ एजेंसियों और कंसल्टैंट्स की मदद से कठोर ऑन-

**रणनीति**

**मीशो में जनरल मैनेजर, फुलफिलमेंट एवं एक्सपीरियंस, सौरभ पांडे ने कहा प्रोजेक्ट विश्वास मीशो की रणनीति का एक मुख्य हिस्सा है।**

ग्राउंड ऑडिट करके धोखाधड़ी को रोकने में बढ़त बनाए हुए हैं। इन धोखाधड़ियों से निपटने के लिए हमारे पर एक समर्पित विश्वास एवं सुरक्षा टीम है, जो यूज़र्स का विश्वास स्थापित करने और बनाए रखने पर केंद्रित है।'' डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान (पूर्व में महानिदेशक, विशेष अपराध एवं अभिलेख ब्यूरो तथा साइबर अपराध, राजस्थान) ने कहा ऑनलाईन धोखाधड़ी को रोकने के लिए मीशो के साथ मिलकर काम करने का अनुभव अच्छा है। हमारा यह गठबंधन नागरिकों को सुरक्षित



डिजिटल वातावरण प्रदान करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। अपनी विशेषज्ञता और संसाधनों की मदद से हमें विश्वास है कि हम उपभोक्ताओं और व्यवसायों, दोनों के लिए एक सुरक्षित ऑनलाईन वातावरण का निर्माण कर पाएंगे। जब मीशो जैसे औद्योगिक दिग्गज जागरुकता बढ़ाने के लिए हमारे साथ काम करते हैं, तो डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदारी की संस्कृति का विकास होता है और धोखाधड़ी को रोके जाने की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। रिस्क इंटैलिजेंस विशेषज्ञों की मदद से अपनी क्षमताओं को मजबूत करते हुए कंपनी इस परिवर्तनशील परिदृश्य में सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तैयार है। मीशो ने पिछले 12 महीने में 2.2 करोड़ से ज्यादा जाली विनिमयों को रोका है। इसके अलावा, मीशो ने प्लेटफॉर्म पर से जालसाजों को हटाने के लिए विस्तृत कदम उठाए हैं। टीम ने अग्रणी एनालिटिकल मॉडलों, जटिल डेटा साईंस फ्रेमवर्क्स, और आधुनिक कंप्यूटेशनल लॉजिक का विकास किया है। इससे इस प्लेटफॉर्म पर 13 लाख बॉट ऑर्डर रोकने और 77 लाख से ज्यादा स्कैम की कोशिशों को ब्लॉक करने में मदद मिली है। धोखेबाजी के खिलाफ तीव्र कार्रवाई के लिए मीशो कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करता है। अकाउंट पर कब्जा करने की धोखाधड़ी के खिलाफ मीशो ने एक सक्रिय जाँच शुरू की, जिसके अंतर्गत कोलकाता और राँची में 40 से ज्यादा संदिग्धों के लिए 9 एफआईआर दर्ज कराई गईं। अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए मीशो ने खाते पर कब्जा करने की धोखाधड़ी को रोकने में 98 प्रतिशत की सफलता प्राप्त की।

## सोने के दाम में होता इजाफा पर ज्वैलरी बेचने पर घट जाती है कीमत

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में आए दिन तेजी देखने को मिलती है। लेकिन जब गोलड ज्वैलरी बेचने जाते हैं तो खरीद कीमत से कम राशि मिलती है। सुनार से जब पूछा जाता है तो वो बिल में मेकिंग चार्ज को लेकर पूरा हिसाब समझा देते हैं अक्सर यह कैलकुलेशन समझ नहीं आती है। इस आर्टिकल में जानते हैं कि ज्वैलरी बेचने पर ज्वैलर्स कैसे दाम कैलकुलेट करता है।

जब भी हम सोना खरीदते हैं तो हमे गोल्ड कैरेट के दाम के साथ कई और चार्ज का भुगतान करते हैं। यही कारण है कि अगर 10 ग्राम गोल्ड खरीदते हैं तो फाइनल बिल वास्तविक कीमत से ज्यादा बनता है। इसी तरह जब हम गोल्ड ज्वैलरी बेचने जाते हैं तब भी हमें खरीद से कम कीमत मिलती है। ऐसे में सवाल आता है कि सुनार गोल्ड बेचने पर किस तरह कैलकुलेशन करता है।

गोल्ड की वास्तविक कीमत को कम होती है पर सुनार मेकिंग चार्ज के नाम पर मोटी रकम वसूलता है। एक्सपर्ट भी कहते हैं कि सुनार को मेकिंग चार्ज के जरिये ही कमाई होती है। जब भी आप सोने खरीदने या बेचने जाएंगे तो आप मेकिंग चार्ज पर अवश्य ध्यान दें।

कोई भी ज्वैलरी को तैयार करने में कारीगरों की मेहनत लगती है। इसके अलावा ज्वैलरी को सही तरीके से डिजाइन करने में भी कई तरह के स्टोन लगाए जाते हैं। इन सबके बाद ही गोल्ड ज्वैलरी तैयार होती है। सोने की ज्वैलरी के आधार पर ही मेकिंग चार्ज तैयार होता है। गोल्ड ज्वैलरी जितनी बारीक रहती है उतना ज्यादा मेकिंग चार्ज लगता है।

मेकिंग चार्ज कैलकुलेट करने का कोई एक फिकस्ड फॉर्मूला नहीं है। यह पूरी तरह से ज्वैलर्स पर डिपेंड करता है।

## एनटॉड फार्मास्यूटिकल्स ने स्कूली बच्चों में मायोपिया के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए लखनऊ में शुरू किया नेशनल मायोपिया वीक

**लखनऊ।** एनटॉड फार्मास्यूटिकल्स ने बच्चों में मायोपिया के बढ़ते ट्रेंड को रोकने और इस बीमारी को बढ़ाने वाले विभिन्न जोखिम फैक्टर्स पर प्रकाश डालने के लिए लखनऊ में एक मायोपिया जागरूकता अभियान शुरू किया है। अध्ययन से पता चलता हैं कि कुछ ऐसे फैक्टर हैं जो बच्चों में मायोपिया के खतरे को ज्यादा बढ़ाते हैं। जैसे कि एक या दोनों माता-पिता का मायोपिया से पीड़ित होना, एशियाई मूल का होना और शहरी परिवेश में रहना आदि प्रमुख जोखिम फैक्टर है। रिसर्च में यह भी बताया गया है कि छह साल की उम्र में 0.75 डायोप्टर से कम साइक्लोप्लेजिया वाले बच्चों में मायोपिया का अनुभव होने की संभावना ज्यादा होती है। जून से दिसंबर 2019 तक लखनऊ के ग्रामीण सरकारी स्कूलों में किए गए एक अध्ययन में 4.9% की रिफ्रेक्टिव एरर (त्रुटि) दर का पता चला। मायोपिया सबसे सामान्य रिफ्रेक्टिव एरर (72.73%) था, इसके बाद हाइपरोपिया (14.29%) और एस्टिमेटिज्म (13.99%) था।

इस साल एनटॉड का अभियान दो करोड़ से ज्यादा लोगों तक पहुँचने का है। देशभर में 1,000 से ज्यादा डॉक्टर और 5,000 से 10,000 वालेंटियर लगे हुए हैं। ये सभी वालेंटियर्स नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा प्रजेंटेशन देने वाले स्कूल सेशन और बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जाँच जैसी गतिविधियों का नेतृत्व कर रहे हैं। क्लीनिक और अस्पताल बहुभाषी शैक्षिक सामग्री और निःशुल्क नमूने प्रदान कर रहे हैं, जबकि मुंबई, दिल्ली, चेन्नई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में रेडियो जागरूकता कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं। लखनऊ, सूरत, इंदौर और जयपुर जैसे प्रमुख शहर भी इस अभियान का हिस्सा हैं। यह पहल व्यापक सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देती है। लखनऊ में एनटॉड स्कूलों के साथ मिलकर आँखों की जांच की सुविधा दे रहा है। एनटॉड बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए शैक्षिक सत्र आयोजित कर रहा है।

स्क्विंट और बाल रोग विशेषज्ञ (प्रकाश नेत्रालय और अखंड ज्योति नेत्रालय लखनऊ) नेत्र सर्जन डॉ अमित यादव ने बताया, माता-पिता को इस बात के बारे में पता होना चाहिए कि बहुत ज्यादा स्क्रीन का उपयोग और कम आउटडोर खेलने जैसी आदतें उनके बच्चे की आंख को कैसे प्रभावित कर सकती हैं। लाइफस्टाइल में बदलाव के साथ अब मायोपिया की प्रगति को धीमा करने के लिए ऑप्टिकल एड्स और फार्मास्युटिकल विकल्प उपलब्ध हैं। हमारा लक्ष्य परिवारों को इस बीमारी के प्रबंधन और रोकथाम के बारे में व्यापक ज्ञान प्रदान करना है।

एनटॉड के सीईओ निखिल के मसुरकर ने कहा, ÷शहरी लाइफस्टाइल के कारण भारत में निकट दृष्टिदोष की समस्या तेजी से बढ़ रही है।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने नया बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**मुंबई।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इंडेक्स स्कीम है जो निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स को ट्रैक करती है। यह फंड निवेशकों को निफ्टी 200 यूनिवर्स के भीतर 30 हाई-क्वालिटी वाली कंपनियों तक पहुंच प्रदान करता है, जिन्हें रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट-टू-इक्विटी अनुपात और प्रति शेयर आय जैसे प्रमुख फाइनेंशियल वित्तीय मेट्रिक्स के आधार पर चुना जाता है। बंधन निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स फंड में निवेश करने के मुख्य कारणों के बारे में बात करते हुए, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएं बढ़ती जा रही हैं, वैसे-वैसे लार्ज-कैप, हाई क्वालिटी वाले शेयरों की ओर रुझान बढ़ रहा है जो मजबूत निवेश सुविधा और स्थिरता प्रदान करते हैं। अपने ठोस फाइनेंशियल फंडामेंटल्स के साथ गुणवत्ता वाले शेयर, विशेष रूप से अनिश्चित बाजारों में पसंदीदा विकल्प बन गए हैं। निफ्टी 200 क्वालिटी 30 इंडेक्स मजबूत लाभप्रदता, प्रबंधनीय डेट लेवल्स और लगातार आय वाली कंपनियों को लक्षित करता है, जिसका लक्ष्य कम अस्थिरता के साथ बेहतर रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न देना है। कंज्यूमर डिस्क्रीशनरी और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित, इन कंपनियों ने ऐतिहासिक रूप से वैश्विक संकटों के दौरान स्थिर प्रदर्शन और कम गिरावट दिखाई है, जिससे निवेशकों को संभावित गिरावट से सुरक्षा मिलती है। यह फंड आज के बदलते परिदृश्य में बेहतर स्थिरता और ग्रोथ क्षमता दोनों को लक्ष्य बनाने वाले लॉन्गटर्म निवेशकों के लिए आदर्श हो सकता है। फंड का उद्देश्य मजबूती और ग्रोथ क्षमता दोनों प्रदान करना है, जो इसे बाजार की अस्थिरता के बीच जरूरी स्थिरता की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक उचित आकर्षक विकल्प के रूप में स्थापित करता है।

## उपमा ने धूमधाम से मनाया अपना 7वां वार्षिक अधिवेशन

**लखनऊ।** माइक्रो फाइनैन्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (उपमा) द्वारा लखनऊ के स्थानीय होटल ताज महल मे माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं का भव्य 7वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। देश के कोने कोने से पधारे वित्तीय विशेषज्ञों ने प्रदेश की अर्थ व्यस्था को बढ़ावा देने हेतु परिचर्चा में भाग लिया । अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य था एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी को बढ़ावा देने हेतु माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के योगदान पर आधारित अध्ययन रिपोर्ट जारी करना और एक सतत एवं विश्वसनीय माइक्रो फाइनेंस मॉडल विकसित करना। आज के अधिवेशन के मुख्य अतिथि असीम अरुण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार तथा मुख्य वक्ता के रूप में श्री दिनेश खारा पूर्व चेयरमैन स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया और माइक्रोफाइनेंस के भीष्मपितामह कहे जाने वाले श्री विजय महाजन थे ।

मुख्य अतिथि असीम अरुण ने अधिवेशन का उद्घाटन किया तथा माइक्रो फाइनैन्स संस्थाओं द्वारा अर्थ व्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु दिए जा रहे सहयोग और उनके योगदान द्वारा महिलाओं के जीवन स्तर मे हो रहे सुधार पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उपमा संस्था ने एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर सम्मलेन आयोजित किया है जो कि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री दिनेश खारा पूर्व चेयरमैन स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने उपमा के 11 वें स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि सम्मलेन में परिचर्चा के उपरांत एक ऐसी कार्य योजना बनेगी जो राज्य के विकास मे सहयोगी होगी तथा एक खरब डॉलर अर्थ व्यवस्था के लक्ष्य को पूर्ण करने में एक अहम् भूमिका निभायेगी।



समारोह के दूसरे मुख्य वक्ता तथा माइक्रो फाइनेंस के विशेषज्ञ श्री विजय महाजन ने बताया कि माइक्रो फाइनैन्स के जरिये समाज के कमजोर वर्ग विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हें रोज़गार परक ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि किस तरह से माइक्रोफाइनांस राज्य की अर्थ व्यवस्था में तथा ग्रामीण क्षेत्र मे रोजगार सृजन कर बेरोजगारी की समस्या को दूर करने मे सहयोग प्रदान कर सकता है।

## iPhone बनाने वाली Foxconn ने जॉब के लिए बदले नियम

iPhone की मैन्युफैक्चरिंग करने वाली फॉक्सकॉन ने भारत में अपनी असेंबली लाइन में कर्मचारियों की भर्ती करने के नियमों में बदलाव किया है। दरअसल समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने जून में एक रिपोर्ट छापी थी जिसमें दावा किया गया था कि कंपनी शादीशुदा महिलाओं को काम पर नहीं रखती है और उसके वेंडर्स नौकरी के विज्ञापन में भी इस का जिक्र करते हैं। इस पर फॉक्सकॉन की काफी किरकिरी हुई थी।

अमेरिकी टेक दिग्गज एपल के सप्लायर फॉक्सकॉन ने भारत में iPhone असेंबली कर्मचारियों की भर्ती करने वाले रिक्रूटर्स को कई नए निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक, नौकरी के इश्तिहार में उम्र, लिंग और वैवाहिक मानदंड के साथ मैन्युफैक्चरर का नाम हटाने का आदेश दिया है।

वैश्विक समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने 25 जून को एक रिपोर्ट छापी थी, जिसमें पाया गया था कि फॉक्सकॉन ने अपने भारत वाले iPhone असेंबली प्लांट में विवाहित महिलाओं को नौकरियों से बाहर रखा। हालांकि, इसने ज्यादा प्रोडक्शन वाली अवधि के दौरान इस नियम में ढील दी और शादीशुदा महिलाओं को भी काम पर रखा।

चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर में iPhone फैक्ट्री में फॉक्सकॉन हजारों महिलाओं को रोजगार देती है। इस असेंबली-लाइन में कंपनी श्रमिकों की भर्ती के लिए थर्ड पार्टी वेंडर्स को आउटसोर्स करती है। ये एजेंट उम्मीदवारों की तलाश करते हैं और उनकी स्क्रीनिंग करते हैं। आखिर में फॉक्सकॉन उनका इंटरव्यू और सेलेक्शन करती है।

जून की कहानी के लिए रॉयटर्स ने जनवरी 2023 और मई 2024 के बीच फॉक्सकॉन के इंडियन हायरिंग वेंडर के पोस्ट के किए नौकरी विज्ञापनों की समीक्षा की।

## मीडियाटेक ने भारत में डिजिटल परिवर्तन को गति देने के लिए नवीनतम स्मार्टफोन, ऑटोमोटिव और आईओटी नवप्रवर्तन प्रदर्शित किए

**नई दिल्ली।** वर्ष दो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाईस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने मोबाइल, ऑटोमोटिव और आईओटी में अपनी अग्रणी स्थिति प्रदर्शित की और जेनरेटिव एआई, सैटेलाइट कनेक्टिविटी, ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस, 5जी और स्मार्ट क्लस्टर्स में भविष्य के लिए तैयार टेक्नोलॉजीज़ को तेजी से अपनाने पर केंद्रित अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मीडियाटेक ने मीडियाटेक टेक्नोलॉजी डायरीज़ आयोजन के 14वें चैप्टर "This Chip Changes Everything" में अपने अग्रणी मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9400 चिपसेट से युक्त ओप्पो फाइंड एक्स8 प्रो समेत अपने नवीनतम नवप्रवर्तन को प्रदर्शित किया।

मीडियाटेक ने टाटा पंच ईवी और स्कोदा स्लेविया जैसे भारतीय ओईएम से गठबंधन के साथ अगली पीढ़ी के स्मार्ट वाहन टेक्नोलॉजीज को रेखांकित किया और अपना डायमेन्सिटी ऑटोमोटिव प्लेटफॉर्म



प्रदर्शित किया। इस आयोजन में ÷मेड इन इंडिया÷ स्मार्ट क्लस्टर के लिए काइनेटिक ग्रीन ईलूना और काइनेटिक ग्रीन फ्लेक्स सहित जियो थिंग्स लिमिटेड से ताकत प्राप्त ईवी दोपहिया वाहन भी प्रदर्शित किए गए।

मीडियाटेक के महाप्रबंधक और उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट मार्केटिंग) फिनबर मोइनिहान ने कहा, मीडियाटेक अद्भुत टेक्नोलॉजी का अनुभव कितना अधिक सुलभ बना रहा है, इसका भारतीय बाजार एक जबरदस्त उदाहरण है। मीडियाटेक भारत और दुनियाभर में नंबर 1 मोबाइल एसओसी प्रदाता है जो मोबाइल एआई नवप्रवर्तन की अगली लहर को गति दे रहा है। हमारी टेक्नोलॉजी डायरीज़ आयोजन में हम यह समझाया कि अग्रणी डायमेन्सिटी 9400 चिपसेट कैसे ऑन डिवाइस लोरा ट्रेनिंग और वीडियो जेनरेशन सहित नवीनतम जेनरेटिव एआई फीचर्स की पेशकश करता है। हमने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे मीडियाटेक की टेक्नोलॉजी ड्राइवरों को सड़कों पर रहते हुए जोड़े रखती है।

मीडियाटेक ने अग्रणी मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9400 और 7300 एसओसी सहित 5जी चिपसेट के लाइन अप और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के अपने नवीनतम पोर्टफोलियो को साझा किया। मीडियाटेक ने मोटोरोला, वॉबल एवं रीयल्म की स्मार्ट टीवी, माइको 3 स्मार्ट रोबोट, एमेजॉन ईको स्पॉट, गूगल टीवी स्ट्रीमर, एचएफसीएल 5जी एफडब्लूए सीपीई, आईमिन की ओर से स्मार्ट एंड्रॉयड कियॉस्क, जियोबुक, एसर की ओर से शक्तिशाली टैबलेट्स और इनवेंडिस की ओर से आईओटी गेटवे डिवाइसेज़ सहित सभी पोर्टफोलियो में कुछ नवीनतम गठबंधन को भी प्रदर्शित किया।

टेक्नोलॉजी डायरीज़ आयोजन के दौरान ओप्पो में प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी प्रमुख पीटर डोहयंग ने इस बात पर चर्चा की कि नए ओप्पो फाइंड एक्स8 और फाइंड एक्स8 प्रो स्मार्टफोन में कैसे डायमेन्सिटी 9400 एआई क्षमताओं को अगले स्तर पर ले जा रही है।

## ड्यूरोप्लाई ने अपने प्लाईवुड प्रोडक्ट्स की रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख एवं सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाई ने अपने प्लाईवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की है। यह कंपनी हमेशा नए तरीकों की तलाश में रहती है और अपने ग्राहकों को सबसे अच्छे प्रोडक्ट्स देना जारी रखती है। इस कंपनी को 68 साल से ज्यादा हो गए हैं और इस दौरान कंपनी ने हमेशा ही बेहतर प्लाईवुड बनाने की कोशिश की है। सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश के साथ कंपनी ने दिखा दिया है कि वे हमेशा से बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों की ज़रूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

ड्यूरोप्लाई में मैन्युफैक्चरिंग के प्रेसिडेंट अभिषेक चितलांगिया ने कहा, ''हम ड्यूरोप्लाई की प्लाईवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेटेड प्लाईवुड की पेशकश करते हुए उत्साहित हैं। हमारे पास अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो सुनिश्चित करती है कि अंतिम उत्पाद



का फ्लैट सरफेस पूरी तरह से फ्लैट होकर ना सिर्फ इंटीरियर्स की खूबसूरती बढ़ाए बल्कि उन्हें पीढ़ियों तक टिकाऊ बनाए रखे। ड्यूरोप्लाई के सुपीरियर प्लाईवुड की हर शीट का उत्पादन बड़ी सावधानी से किया जाता है, ताकि उनकी मोटाई और सतह बिल्कुल एक जैसी तथा चिकनी रहे। इससे गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित होती है और घर, ऑफिस तथा कमर्शियल इंटीरियर्स की खूबसूरती, मजबूती एवं टिकाऊपन बढ़ता है।'' ड्यूरोप्लाई का सुपीरियर कैलिब्रेशन प्लाईवुड सिर्फ ह 0.4एमएम का न्यूनतम वेरियेशन देता है, जो फ्लैट सर्फेस के लिये उद्योग में सर्वश्रेष्ठ फिनिश है।

# रंगारंग संस्कृति कार्यक्रमों के बीच राधिका देवी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव संपन्न


वार्षिकोत्सव को संबोधित करते मुख्य अतिथि विनय प्रकाश


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती बच्चियां

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित श्रीमती राधिका देवी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव सोमवार की शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकमों के बीच संपन्न हो गया। बच्चों का मनोहारी कार्यक्रम देख अतिथियों ने जमकर तारीफ की और पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर विद्यालय में बनकर तैयार नवनिर्मित भवन का अतिथियों ने लोकार्पण किया।

वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि बच्चे देश की रीढ और भविष्य होते हैं। वे जितने शिक्षित होंगे, वह देश उतना ही आगे बढ़ेगा। इसलिए बच्चे मन लगाकर खूब पढ़ें और विकसित देश के निर्माण में भागीदार बनें। विशिष्ट अतिथि एमएलसी गोरखपुर फैजाबाद ध्रुव कुमार द्विवेदी के प्रतिनिधि ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि वार्षिकोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देना है। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। इसके पूर्व सभी अतिथियों को विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य रामदरश सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सरस्वती वंदन, स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, नाट्य व विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मजबूल्लाह राही ने किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष नवरंग सिंह, मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, प्रिंस सभासद जायसवाल, प्रिंस मद्धेशिया, भूपेंद्र सिंह, अरुण कुमार श्रीवास्तव, आफताब आलम, सईद अहमद, रमेश चंद्र यादव, श्रीराम प्रसाद जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज, प्रधान लक्ष्मीपुर अकमल हुसैन, संदीप मद्धेशिया, रणजीत, दृगराज मद्धेशिया, रणजीत सिंह, संजय सिंह, रविंद्र गौंड, रिजवान अहमद, विनय कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता कर्मचारियों की कार्यशैली स्वच्छता व्यवस्था और रिकॉर्ड प्रबंधन का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। सीडीओ ने निरीक्षण की शुरुआत अपनी पहचान छिपाकर मरीजों से सीधे संवाद से की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर उनकी समस्याओं और ओपीडी में मिलने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के पूरे केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रांगण और कार्यालयों की साफ-सफाई असंतोषजनक पाई गई। इस पर सीडीओ ने चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए 24 घंटे के भीतर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

## कविता में जया व निबंध प्रतियोगिता में रिया ने मारी बाजी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित रणवीर रणंजय कॉलेज के सेमिनार हाल में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर स्पीच कविता लेखन देश भक्ति गीत निबन्ध लेखन और एक पात्रीय नाटक प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई। कविता लेखन प्रतियोगिता में जया सिंह प्रथम पलक तिवारी द्वितीय तथा सृष्टि मौर्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता में रिया मौर्या को प्रथम सेजल मिश्रा को द्वितीय तथा हरिओम तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एकल देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रतीक्षा यादव को प्रथम संध्या सिंह को द्वितीय तथा विवेक कुमार मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।राष्ट्रीय एकता विषय पर स्पीच में खुशी मिश्रा को प्रथम स्थान हरिओम तिवारी को द्वितीय स्थान तथा जया सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एक पात्रीय नाटक प्रतियोगिता में आराधना पाण्डेय को प्रथम धीरज अग्रहरि को द्वितीय स्थान तथा सुयेश मौर्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक डॉ अनूप कुमार सिंह एवं डॉ. श्वेता द्विवेदी ने प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया।प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ अरविन्द कुमार सिंह डॉ दिलीप कुमार सिंह एवं डॉ विजय कुमार सिंह रहे। प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ ओ पी त्रिपाठी तथा डॉ अनादि मिश्रा डॉ अंजनी नंदन पांडेय डॉ देवेंद्र मिश्रा डॉ दुष्यन्त प्रताप सिंह आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## जाम में फंसकर कराहते रहे राहगीर



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर में अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं। जिसके कारण सड़कें संकरी हो गई हैं और जाम की समस्या बढ़ गई है। शासन की ओर से निर्देश जारी किया गया था कि नगरों में सड़कों के किनारे अवैध रूप से कहीं वाहन नहीं खड़े रहने चाहिए इन वाहनों की वजह से हो रही जाम की समस्या के दृष्टिगत आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया गया। रविवार को नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान भी चला बावजूद इसके नगर के विभिन्न मार्गों पर सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े दो पहिया चार पहिया वाहन दिखाई देते हैं जिनसे जाम की समस्या और बढ़ जाती है। पुलिस फुट पेट्रोलिंग करती जरूर है लेकिन इस तरफ कोई पहल होती नहीं दिखाई दे रही है इस समय सहालग के कारण लोगों का आवागमन बढ़ा है लिहाजा जाम भी अधिक लग रहा है।सोमवार को नगर के गांधी चौक से सगरा तिराहा तक और इधर चौक से रोडवेज बस स्टॉप पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जूनियर हाई स्कूल तक तथा सबसे अधिक समस्या डाकखाना तिराहा रजिस्ट्री ऑफिस के सामने होती है जहां सैकड़ों की तादाद में वाहन सड़क के किनारे पर खड़े रहते हैं। इसी तरह तहसील के सामने भी वाहनों की कतार लगी रहती है। सड़क की पटरियों पर सजी दुकानें आदि कारण से प्रायः राहगीर जाम में फँस कर कराहते रहते हैं।

# कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में तेजी से लगाए जा रहे फायर सेफ्टी



अवधनामा अखबार की कटिंग
फायर सेफ्टी लगवाते कॉलेज के प्राचार्य

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** झांसी मेडिकल कॉलेज में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के बाद मासूमों की मौत ने सरकारी अस्पतालों में फायर सेफ्टी के इंतजाम का पोल खोल दिया।

कुशीनगर मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी के मुकम्मल इंतजाम न होने की खबर अवधनामा अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी जिसका संज्ञान लेकर कालेज प्रशासन ने आनन फानन में फायर सेफ्टी व सिलेंडर लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। कुशीनगर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी इंतजाम ना के बराबर थी। उक्त के संबंध में हिंदी दैनिक समाचार पत्र अवधनामा में 17 नवम्बर 2024 के अंक में कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में अगर लग जाएगी आग तो कैसे बचेंगे नौनिहाल शीर्षक प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसका संज्ञान लेकर कालेज प्रशासन ने फायर सेफ्टी व गैस सिलेंडर तेजी से लगवाना शुरू कर दिया है। इस संबंध में प्राचार्य डॉ ए के शाही ने बताया कि फायर सेफ्टी का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा, सिलेंडर की भी व्यवस्था हो गई है। मेडिकल कालेज हर आपदा से निपटने को तैयार है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के हुए 267 जोड़े

**अवधनामा संवाददाता**


आशीर्वाद देते सांसद विजय कुमार दूबे, विधायक मोहन वर्मा व अन्य

**हाटा, कुशीनगर।** सोमवार को गांधी इंटर कालेज के खेल मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 267 जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे। यहां 244 हिंदू जोड़ों को आचार्य पं. शशांक पांडेय ने विधि विधान से शादी के सात फेरे दिलाए। 23 मुस्लिम जोड़ों का निकाह इरफान कासमी ने संपन्न कराया

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए जिला समाज कल्याण कार्यालय में तहसील क्षेत्र के हाटा, मोतीचक व सुकरौली विकासखण्ड के साथ ही नगर पालिका हाटा, नगर पंचायत सुकरौली व मथौली बाजार के 267 जोड़ों ने शादी अनुदान हेतु आवेदन किया था। सोमवार को नगर के गांधी स्मारक इंटर कालेज के खेल मैदान में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मंगलगीत, वेद मंत्र व नगाड़े के धुन से पूरा मैदान गुलजार रहा। सांसद विजय कुमार दूबे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव, ब्लॉक प्रमुख सुकरौली रंजना पासवान, ब्लॉक प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार, नोडल अधिकारी राकेश, ज्वाइंट बीडीओ हाटा कमलेश सिंह, बीडीओ सुकरौली ऊषा पाल आदि शादी के बंधन में बंधने वाले जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। सरकार द्वारा दिए जाने वाले 51 हजार रूपये में उपहार, दो साड़ी सेट, चुनरी, पैंट शर्ट, पगड़ी, डीनर सेट, ट्राली बैग के साथ विवाहित जोड़ों को 35 हजार रूपये की आर्थिक मदद के रूप में चेक दिया गया। उन्हें शादी का प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## 11 हजार वोल्टेज तार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत



**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कसया थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 हजार हाई बोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से व्यक्ति की मौत हों गईं।परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कसया थाना क्षेत्र के गांव करहिया हजारी पट्टी निवासी हरेंद्र पुत्र सवरु यादव उम्र 40 वर्ष की रविवार की शाम 11 हजार हाई वोल्टेज बिजली तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। घटना के बाबत स्थानीय लोगो ने बताया कि 11 हजार बोल्टेज का विद्युत तार घर की छत से मात्र दो से तीन फुट की ऊंचाई से होकर गुजरा है, जिसको लेकर कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियो को तार दूसरी तरफ परिवर्तित करने की सूचना दिया जा चुका है,लेकिन अधिकारियों द्वारा मौके पर आकर आज तक जांच नही की गई और आज यह घटना घटित हों गईं है। मृतक हरेंद्र का एक पुत्र व चार बेतिया है। घटना को लेकर जहां मृतक परिवार में कॉफी दुःख व्याप्त है तो वही विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में कॉफी आक्रोश भी व्याप्त है।

# अन्तर्राज्यीय पशु तस्करी गैंग का पर्दाफाश, पांच तस्कर गिरफ्तार



**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** डीसीएम ट्रक से पशु तस्करी कर ले जा रहे पांच अंतरराज्यीय पशु तस्कर को कसया पुलिस ने तब दबोच लिया जब पशुओं से लदी ट्रक खराब होकर बीच सड़क में बंद हो गया। पुलिस जब ट्रक में देखा तो क्रूरता पूर्वक पशु लदे थे। सोमवार की सुबह में कुशीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के हाईवे पर एक डीसीएम ट्रक खराब पड़ा था। पुलिस जब मौके से गई तो देखा कि उसमें वध हेतु पशु लदे 45 राशि पशु थे जिसमें 12 भैंस और 33 पड़वा थे। पशु तस्करी गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने पांच अंतरराज्यीय तस्कर आसिफ पुत्र सर्फु निवासी मड़ीयाहीं थाना सरधाना जनपद मेरठ, मोहम्मद फिरोज पुत्र स्व. मोहम्मद तस्लिम निवासी ब्रम्हपुरा मेहदी हसन चौक थाना ब्रम्हपुरा जनपद मुजफ्फरपुर बिहार, मोहम्मद इकबाल पुत्र मोहम्मद पीरू निवासी कमरुद्दीन नगर थाना सरधाना मेरठ, ओंकार पुत्र रूपलाल निवासी कुंडलू थाना नालागढ़ जनपद सोलन हिमांचल प्रदेश, विशाल पुत्र देशराज निवासी छम्बभुजास थाना स्वारघाट जनपद बिलासपुर हिमांचल प्रदेश को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी

**ऊंचाहार।** शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 23 शिकायती पत्र आये, जिसमें 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर भेजी गई है। एसडीएम सिदार्थ चौधरी ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी।

जलालनपुर मजरे खोजनपुर गाँव निवासी रामसजीवन ने गांव के ही चार लोगों पर भूमि कब्जाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है, पूरे ठकुराइन मजरे कुसमी निवासी महेश कुमार ने भूमि पर हुए अवैध कब्जा हटवाने को लेकर शिकायती पत्र दिया,खान आलमपुर सतहरा गाँव निवासी प्रमोद कुमार, विजय कुमार व चंदा देवी ने गाँव के ही लोगों पर भूमि कब्जाने की शिकायत की।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 462 जोड़ों का विवाह संपन्न



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन गन्ना कांटा मैदान सातंव व मिनी स्टेडियम सलोन में सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मा0 उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह गन्ना कांटा मैदान में सम्मिलत रहे।कार्यक्रम में कुल 462 जोडों का विवाह हुआ। उद्यान मंत्री ने गन्ना कांटा मैदान में सम्मिलित होकर नव वैवाहिक जोडों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने नव वधुओं को निर्धारित आभूषण भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की तरफ से मुझे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ मैं सभी वर वधुओं और उनके परिवार जनों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि गन्ना कांटा मैदान कार्यक्रम में हरचंदपुर 34,सातंव 21,खीरो 10,लालगंज 8,सरेनी 4,बछरांवा 66,शिवगढ़ 59,महराजगंज 50, न0प0 बछरांवा 3,न0प0 महाराजगंज 2,न0प0 शिवगढ़ 17 सहित कुल 274 जोडे का विवाह हुआ।इसी प्रकार मिनी स्टेडियम, सलोन में सलोन 39 ,न0प0सलोन 7, न0प0 नसीराबाद 2,न0प0 परशदेपुर 4, छतोह 49 डीह 87 सहित कुल 188 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी वित्तीय एवं राजस्व अमृता सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सादगी के साथ करें शादी, दिखावा से बचें

**भाटपार रानी देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भोपतपुरा गांव में रविवार की रात आयोजित ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मौलाना महमूद आलम कादरी ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों को चाहिए कि वे शादियां सादगी के साथ करें और दुनिया के दिखावे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि हमारे पैगम्बर मुहम्मद ने जो तौर -तरीके बताए हैं, उस पर अमल करने में ही कौम की भलाई है। दिखावा व फिजूलखर्ची हमारे नबी को बिल्कुल पसंद नहीं है। तकरीर करते हुए मौलाना ज़ैनुल आबेदीन ने कहा कि नाच, बाजा, दहेज इस्लाम में नाजायज है। उन्होंने बेहतरीन नात-ए-पाक सुनाकर सबको सुब्हान अल्लाह कहने पर मजबूर कर दिया। वहीं मौलाना सिराजुद्दीन ने अपना नात-ए- कलाम बीमार जिंदगी है दवा मांग रही है, ये रूह मदीने की हवा मांग रही है पेशकर लोगों को मचलने पर मजबूर कर दिया। वहीं मौलाना ग्यासुद्दीन, जियाउल्लाह अंसारी, सुबाष यादव ने नात-ए-पाक पेशकर खूब वाहवाही बटोरी।

## रेलवे स्टेशन पर होती रही मारपीट, नदारद रही रेलवे पुलिस



**ऊंचाहार अवधनामा संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर युवकों के बीच जमकर मारपीट किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस प्रकार जीआरपी व आरपीएफ नदारद रही। सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मामला नगर के रेलवे स्टेशन का है, जहां रविवार की शाम चार युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गई। एक दूसरे पर जमकर लात घूंसे बरसाये, ये तांडव घन्टो चलता रहा। वहीं स्टेशन पर तैनात आरपीएफ व जीआरपी नदारद रही। जिसकी चौकसी पर भी सवाल उठ रहे है। इस मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कोतवाल सजंय कुमार का कहना है कि मारपीट कर रहे युवकों की तलाश की जा रही है।

## 14 से 20 तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन

**रायबरेली।** सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया गया है। विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली की अध्यक्षता में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायबरेली शहर में दिनांक 20 नवम्बर 2024 दिन बुधवार को निर्धारित रूट के अनुसार प्रभात फेरी प्रातः 10:00 बजे से राजकीय इण्टर कॉलेज (जी0आई0सी0) ग्राउंड से प्रारम्भ होकर अस्पताल चौराहा से डिग्री कालेज चौराहा होते हुए आर0डी0ए0 आफिस जेल रोड स्टेडियम के मार्ग से बस स्टैण्ड होते हुए कहारो का अड्डा से वापस कैपरगंज होते हुए सुपर मार्केट में अपरान्ह 02:00 बजे प्रभात फेरी कार्यक्रम का समापन होगा। प्रभातफेरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/विशिष्ट अतिथि के रूप में मा0 अदिति सिंह, विधायक सदर, मा0 अशोक कुमार विधायक सलोन, मा0 धीरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व विधायक, मा0 राजा राकेश प्रताप सिंह पूर्व सदस्य विधान परिषद, मा0 रामलाल अकेला पूर्व विधायक, मा0 राजाराम त्यागी पूर्व विधायक एवं जनपद के अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों एवं सहकारिता परिवार से जुडे सभी सम्मानित लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# 1962 भारत-चीन युद्ध में मेजर शैतान सिंह ने अदम्य साहस का परिचय दिया

**अवधनामा संवाददाता**



**रायबरेली।** जिले के विभिन्न संगठनों द्वारा शहीद चौक रायबरेली में 18 नवम्बर 1962 को भारत-चीन युद्ध की गौरवशाली गाथा को याद करते हुए विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुष्प चक्र स्थापित कर वीर जवानों का स्मरण करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया 1962 भारत-चीन युद्ध में मेजर शैतान सिंह ने अदम्य साहब का परिचय दिया। सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि 18000 फीट से अधिक ऊँचाई पर मेजर शैतान सिंह की कमान में 120 लोगों की कम्पनी ने 1000 से अधिक सैनिकों का तब तक सामना किया, जब तक उनका गोला बारूद खत्म नहीं हो गया। प्रान्तीय व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि भारतीय सैनिकों का गोला-बारू खत्म हो जाने के बाद उन्होंने अपनी संगीनों और हाथापाई से चीन की सुसज्जित सेना का सामना कर उन्हें मार भगाया। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि 1962 की लड़ाई में भारत को काफी क्षति उठानी पड़ी, लेकिन 18 नवम्बर 1962 की ऐसी वीरगाथा है, जिस पर आज भी भारतीयों को गर्व है। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष भौमेश सोनी ने कहा कि मेजर शैतान सिंह को 1962 के भारत-चीन युद्ध में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और साहस के लिए उन्हें मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। यह सर्वोच्च वीरता पुरस्कार जीतने वाले दूसरे सैन्यकर्मी थे। मौर्य समाज के महामंत्री सुशील मौर्य ने कहा कि इस शौर्य पराक्रम भरे युद्ध में देश के 110 सैनिक वीरगति को प्राप्त कर शहीद हुए थे। कुर्मी समाज के उपाध्यक्ष योगेश्वर पटेल ने कहा कि 18 नवम्बर 1962 को रेजांग-ला घाटी में भारतीय सैनिकों ने तिरंगा फहराया था, यह घाटी आज भी अहीर धाम के नाम से जानी जाती है। 120 सैनिकों में अधिकांश सैनिक अहीर थे। इस अवसर पर आदर्श पटेल एडवोकेट, रोहित चौधरी, संजय सोनकर, प्रदीप पटेल, पवन अग्रहरि, रविशंकर शुक्ल, पंकज शर्मा, अनुज बरवारी, दुर्गेश सोनकर, सुरजीत यादव, शिवबरन, देवा यादव, पप्पू यादव, पप्पू यादव, रमेश कुमार यादव, संदीप पाल आदि लोगों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए उनकी गौरवगाथा पर अपने-अपने विचार रखे।

## भ्रष्ट कानून व्यवस्था व खाद बीज क़िल्लत को लेकर सपा ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एस डी एम बरहज को तिन सुत्री ज्ञापन राज्पाल महोदया के नाम सौंपा इस दौरान सपा



नेता विजय रावत इमामुदीन खा व रणविजय सिह के नेत्रित्व मे बरहज तहसिल पहुच कर तहसीलदार बरहज को राज्यपाल महोदय के नाम तीन सुत्रिय ज्ञापन सौंपा इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की उत्तर प्रदेश मे पुलिस की कार्य सैलि से आम जनता का विश्वास उठ गया है जिसकी देन है आए दीन लुट हत्या व बलात्कार हो रहे है और अपराधियों का मनोबल बड़ता जा रहा है जिसकी देन है हत्याएँ लुट हो रही है इस भाजपा सरकार मे किसान नौजवान बेरोज़गार सभी तपका परेशान है और किसी का भला नहीं हो पा रहा है और भाजपा सरकार विकास के नाम पर झुठे वादे कर रही है। इस भाजपा सरकार मे किसान रात रात भर खाद बीज के लिए लाईन मे रह रहा है और जब सुबह उसका नम्बर काउन्टर पे आ रहा है तो पर्ची काटने वाले का सरवर फ़ेल हो जा रहा है जिसका हिसाब आने वाले विधान सभा चुनाव मे प्रदेश की जनता लेगी। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मे मुख्य राष्टीय सचिव छात्र सभा रामगोविन्द यादव रूप से इमामुदीन खा रणविजय सिह विपिन सिह सुरेश राजभर अरून कुमार राजेश पान्डे रामनरेश कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## लेखपाल की मनमानी के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन



**सलेमपुर (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के भटौली में तैनात लेखपाल की मनमानी और हाईकोर्ट के शासनादेश के खिलाफ खलिहान की भूमि में जलनिगम द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार अलका सिंह को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने मामले की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन कार्यकर्ताओं को दिया। ज्ञापन देने वालों में अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव बदरे आलम, कांग्रेस के जिला महासचिव डॉ धर्मेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल यादव, वरिष्ठ नेता नागेन्द्र शुक्ल, इस्लाम खान, वशिष्ठ मोदनवाल, अब्दुल जब्बार, गोविन्द मिश्र, सत्यम पाण्डेय, हर्षित सिंह, अभिनीत उपाध्याय , वजीर अहमद, वकार अहमद, धर्मेन्द्र कुमार पांडेय, उत्तेज मिश्र, अवधेश यादव, आनंद शंकर, रत्नेश शुक्ल, डॉ नरेन्द्र यादव, सुच्चन खान, डॉ याहिया अंजुम, अनिरुद्ध शर्मा, जयराम उपाध्याय, अशोक कुमार, राहुल मिश्र, रोहित यादव, रमाकांत राजभर, केदार प्रसाद, खालिक, यूसुफ खान, शमशुल आजम, बब्बन कुशवाहा, रामबड़ाई प्रसाद, शकील अहमद, आजाद अहमद, इजहारुल अंसारी, मिठाई लाल, जयप्रकाश, अमरजीत, आकाश कुमार, उपेन्द्र कुमार, पन्नालाल पाठक आदि थे।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 19 नवम्बर, 2024



# जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया पर रखें पैनी नजर

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** मतदान दिवस पर सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर, जोन में लगातार भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें, मतदान प्रक्रिया मे लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें, सौंपे गये दायित्वों से मुंह न मोड़ें बल्कि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ निष्पक्ष रहकर मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, त्रुटिरहित सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अधिकारियों से कहा कि आपने इससे पूर्व कई निर्वाचन सकुशल, निष्पक्ष संपादित कराने में अपनी महती भूमिका अदा की है, आपको प्रत्येक गतिविधि की बेहतर ढंग से जानकारी है, लेकिन प्रत्येक निर्वाचन में हम सबके सामने नई चुनौतियां होती है और उससे हमें सीखने को भी मिलता है, करहल विधानसभा क्षेत्र का उप निर्वाचन बेहद संवेदनशील है इसलिए बेहद सजग, सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें यदि किसी के मन में मतदान प्रक्रिया को लेकर कोई संशय हो तो उसे दूर कर लें, आपको जितनी अधिक जानकारी होगी, मतदान प्रक्रिया उतनी ही आसानी से संपन्न होगी।

उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस सेक्टर अधिकारियों की ब्रीफिंग के दौरान देते हुये कहा कि सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के पास अतिरिक्त ई.वी.एम. सैट होंगे और वाहन में जी.पी.एस. सिस्टम लगा होगा जिससे लगातार वाहन की मॉनिटरिंग होगी इसलिए कोई भी सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट अपने पास उपलब्ध ई.वी.एम. सैट को किसी भी दशा में अकेला न छोड़ें, उपलब्ध ई.वी.एम. सैट की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है, इसमें लापरवाही बड़ा रूप धारण कर सकती है इसलिए वाहन में कोई जिम्मेदार कर्मी हर समय मौजूद रहे। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों, पुलिस कर्मियों से कहा कि आप सब मतदान प्रक्रिया के अभिन्न अंग हैं, आप सबको बेहद सतर्क रहकर मतदान केन्द्रों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। उन्होने पोलिंग पार्टी के साथ लगे पुलिसकर्मियों से कहा कि मंडी परिसर से अपनी पार्टी के साथ ही रवाना हों, रात्रि में अपने मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टी के साथ रूकें, मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात जब तक पार्टी मंडी में वापस आकर अपना ई.वी.एम. सैट, अन्य सामग्री जमा न कर दें, जब तक कोई भी पुलिसकर्मी अपनी पार्टी को अकेला न छोड़े।

## पूर्व रोड वेज कर्मी की बदमाशों ने की गोली मारकर हत्या

**सुल्तानपुर,गोसाईगंज।** पूर्व रोडवेज कर्मचारी की सरेशाम गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।सिर में कई गोलियां उतारी गई। मौके पर सेवानिवृत्ति रोडवेज कर्मचारियों ने दम तोड दिया।सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रजनपुर गांव के निकट वारदात हुई। एसपी सोमेन वर्मा ने पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं। खुलासे के लिए चार टीम गठित की गई हैं।एस पी बोले, जल्द हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। परिजनों के मुताबिक संपत्ति की पुरानी रंजिश में गोली मारकर हत्या की गई है। मृतक की शिनाख्त सुरेंद्र पांडेय (60) निवासी पांडेय का पुरवा नरायनपुर थाना गोसाईगंज के रूप में हुई है। वह घर से रविवार शाम बाजार गए थे। वहां से साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी रजनपुर गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। वारदात के बाद हमलावर मौके से भाग गए।

## नगर के दरियापुर में बीच सड़क पर होता रहा बवाल



**सुल्तानपुर।** शहर के शास्त्री नगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर सेंट जेवियर्स स्कूल के निकट इलाहाबाद मार्ग पर आधा दर्जन की संख्या में लोग फौजदारी पर आमादा हो गए। कार में बारात से लौट रही महिला और पुरुषों के साथ हो दूसरी कार से उतरे के युवक तूतू मैं मैं करते हुए भिड़ गए। गाड़ी आगे पीछे करने की जिद आगे बढ़ गयी। सड़क पर ईंट घूमने चल गए, दोनों पक्ष लहू लुहान हो गए, चौराहे के होम गार्ड ने दोनों की गाड़ियों को रोक कर वीडियो बनाई और दोनों के वाहनों को रोक लिया। इस बीच पहुंची पीआरबी पुलिस लंबे समय तक अन्य पुलिस को बुलाती रही ,,देर से पहुँची पुलिस दोनों पार्टी को कोतवाली ले गयी,जहां शेष विधिक कार्यवाही संपन्न कराई गई।

# मोबाइल चोर गिरोह के पांच सदस्य पुलिस गिरफ्तार में



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में पांच शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार किये हैं। यह लोग मोबाइल चोरी करके कोलकाता में बेंचते थे। यहां से चोरी हुए मोबाइलों को बांग्लादेश पहुंचा दिया जाता था। पकड़े गये चोरों के कब्जे से 29 मोबाइल, एक कार बरामद। पकड़े गये आरोपियों में एक शातिर आरोपी प्रमोद भी है, जिस पर दस हजार रुपये का इनाम था। पुलिस ने पकड़े गये चोरों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र में बढ़ रही मोबाइल चोरी, छिनैती और लूट की घटनाओं से पुलिस काफी परेशान थी। बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने थाना पुलिस और सर्विलांस टीम को इस काम में लगाया। दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जो अपने अन्य साथियों के साथ चोरी किये हुए मोबाइलों को बेंच कर अवैध संपत्ति अर्जित करते हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पकड़े गये आरोपित ने बताया कि चोरी किए हुए मोबाइलों को राह चलते व्यक्तियों को कम रुपयों में बेंच देते हैं। इतना ही नहीं मोबाइलों के पाट्र्स खोल कर उन्हें अन्य कसवों में दुकानों पर बेंचते थे। इतना ही नहीं चोरी के मोबाइलों में पड़ने वाली सिम को तोड़ कर कूड़ेदान में फेंक देते हैं।

# सोशल मीडिया के दौर में हिंदी भाषा को बचाने की जरूरत: कालिया

- शब्दम् के स्थापना दिवस पर साहित्यकार हुए सम्मानित
- साहित्यकार ममता कालिया एवं डॉ. अनामिका को किया गया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** साहित्य संगीत और कला को समर्पित शब्दम् संस्था ने अपना बीसवां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। एक भव्य कार्यक्रम में हिंदी की प्रख्यात कथाकार ममता कालिया और प्रख्यात कवयित्री अनामिका को हिंदी साहित्य सेवी सम्मान प्रदान किया गया। शॉल, नारियल, बैजयंती माला और सम्मान राशि शब्दम् परिवार ने भेंट की। इस अवसर पर शब्दम् अध्यक्ष किरण बजाज ने मुम्बई से भेजे अपने वीडियो संदेश में शब्दम् से जुड़े सभी लोगों का आभार प्रकट किया और कहा कि इतिहास साक्षी है कि सत्ता की राजनीति के उद्देश्य भले ही दूरगामी न हों, लेकिन कला संगीत और साहित्य की संस्कृतियां युगों तक अपना प्रभाव ड़ालती हैं। हिंदी साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित प्रख्यात कथाकार ममता कालिया ने कहा कि इस सोशल मीडिया के दौर में हिंदी भाषा को बचाने की जरूरत है। मानवीय संवेदनाओं को आज हम इमोजी के द्वारा व्यक्त कर रहे हैं। यह भाषा के लिए बड़ी चुनौती है। जीवन में जब संकट आता है, तो हमें साहित्य ही संबल देता है। कहानी की बदलती विषय वस्तु पर बोलते हुए ममता कालिया ने कहा कि आज कहानी में स्त्री आंसू बहाती हुई स्त्री नहीं है। आजादी के कई दशक बीतने और शिक्षा के प्रसार ने स्त्री को शक्तिशाली बनाया है। उन्होंने शब्दम् संस्था और किरण बजाज का सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। प्रख्यात कवयित्री और कथाकार अनामिका ने कहा आजकल हिंदी की विभिन्न विधाओं में आवाजाही हो रही है। समाज से चिट्ठियां गायब हैं, लेकिन कहानी में चिट्ठियां उपस्थित हैं। साहित्य सबको जीवित रखता है। कहानी में कविता आ रही है और कविता में कहानी। जिंदगी एक रफ ड्राफ्ट है और साहित्य इसी रफड्राफ्ट से मुकम्मल रचना देता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.सुबोध दुबे ने कहा कि यह देश कहानी का जन्मजाता देश है। हमारे वेद, पुराण, उपनिषद, रामायाण महाभारत असंख्य कहानियों के खजाने हैं। प्रसिद्ध व्यंग्यकार अरविन्द तिवारी ने ममता कालिया का परिचय प्रस्तुत किया और कहानी की परिचर्चा का हिस्सा भी बने। अध्यक्षता मंजर उलवासै ने की। धन्यवाद ज्ञापन रजनी यादव ने दिया।

## शिक्षक मांगों को लेकर जंतर मंतर पर देंगे धरना

**शिकोहाबाद।** आगरा विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के सदस्य डॉ एमपी सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफयूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशंस के अध्यक्ष प्रोफेसर एम नागार्जुन, महामंत्री प्रोफेसर अरुण कुमार एवं फुप्रुक्टा के अध्यक्ष तथा महामंत्री प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान एवं प्रोफेसर प्रदीप कुमार धरने को प्रमुख रूप से संबोधित करेंगे। इन्हीं संगठनों के आवाहन पर 19 नवंबर को पूरे देश के विभिन्न महाविद्यालयों से शिक्षक अपनी मांगों को लेकर जंतर मंतर पर धरना देंगे। विदित रहे कि शिक्षकों की विलंबित मांगो पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह धरना दिया जा रहा है। प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हटाना, पुरानी पेंशन को यथार्थ रूप से लागू करना, देश के सभी महाविद्यालयों में रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने, एमफिल को फिर से शुरु करने, यूजीसी पे स्केल को सभी राज्यों में एक समान लागू करने, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वर्षों से पड़े खाली पदों को अति शीघ्र भरने, शिक्षा का बजट 10: करने, शिक्षा का निजीकरण रोकने आदि हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शिक्षक जंतर मंतर पर धरना देंगे और सरकार को सभी उपरोक्त मांगों पर विचार कर उनका समाधान करना चाहिए।

# पशुधन जागृति अभियान अन्तर्गत आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** पशुपालन व डेयरी विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम ललगढ़हा में सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जयसवाल की उपस्थिति में पशुधन जागृति अभियान पशु प्रजनन उर्वरता शिविर एवं सधन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय क्षरा शिविर में मौजूद पशुपालकों को पशुओं को स्वस्थ्य रखने तथा बीमारियों से बचाव के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा से आये हुय प्रोग्राम नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र अग्रवाल ने पशुपालको को पशुओं में बाझंपन की समस्या के समाधान तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के सम्बन्ध में नवीन जानकारी प्रदान की। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दुग्ध का उत्पादन बढ़ने से कृषक अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं। शिविर में मौजूद इंडियन इमिनोलॉजिकल के प्रतिनिधि सीनियर एक्जिक्युटिव अभियन्ता रिपुसुधन दुबे ने पशुओं में बीमारी की रोकथाम हेतु टीकाकरण की उपयोगिता एवं आवश्यकता के बारे में पशुपालको को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इस्लामुद्दीन, डॉ. धीरज वर्मा, डॉ. कुलदीप वर्मा, डॉ. प्रवेश मिश्रा, डॉ. अर्चना सचान एवं पशुधन प्रसार अधिकारी रवि कुमार निषाद, मनोज यादव, सुनील वर्मा, श्रीमती रीता यादव के द्वारा जागृति शिविर में आये हुये लगभग 400 पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा शिविर में पशुओं की आवश्यकतानुसार चिकित्सा एवं औषधि का वितरण किया गया।


## कार्यालय : नगर निगम अयोध्या।

पत्रांक : 1372/न0नि0अयो0/2024-25 दिनांक : 18 नवम्बर 2024

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अयोध्या में समस्त भवनों के जिनमें सैप्टिक टैंक बने हुए है उन्हे प्रत्येक 03 वर्ष अथवा भरे होने पर जो भी पूर्व में हो खाली कराना अनिवार्य है यदि कोई नागरिक ऐसा नहीं करता है तो उसे नगर निगम उपविधि के अनुसार दण्ड भी आरोपित किया जा सकता है। सभी को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अयोध्या में सीवर सेक्शन मशीन उपलब्ध है जो रू0 1500/- प्रति सैप्टिक टैंक की दर से निर्धारित शुल्क जमा कराकर सैप्टिक टैंक खाली करा सकता है। नागरिक नगर निगम अयोध्या के स्वास्थ्य विभाग में अथवा मोबाइल नं0 7311165805 पर सम्पर्क कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

(अनिल कुमार सिंह)
अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी
एस.बी.एम.
नगर निगम अयोध्या।


# पूर्व विधायक ने भाजपा विधायक पर लगाए गंभीर आरोप

- जनता द्वारा चुने गए नगर पंचायत अध्यक्ष को हटाना जनता को धोखा

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में आज शहर स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता बुलाकर सपा के पूर्व विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक पर जमकर गंभीर आरोप लगाते हुए जनता द्वारा चुनकर आए पयागपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष को कूटनीतिक तरह से षड्यंत्र करके हटवाने की बात कहते हुए पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में नशे के कारोबारियों को संरक्षण देने के साथ साथ भ्रष्टाचार में लिप्त होने जैसे गंभीर आरोप लगाए। इतना ही नहीं उन्होंने पूरे साक्ष्यों के साथ दोबारा वार्ता करके अन्य अन्य खुलासों की बात कही गई। शहर स्थित अपने आवास पर आज प्रेसवार्ता के दौरान सपा नेता पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी के पयागपुर विधायक पर गंभीर आरोप लगाए उन्होंने बताया कि उनके भाई नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद्र श्रीवास्तव को षड्यंत्र करके विधायक द्वारा हटवाकर उस जनता को धोखा देने का कार्य किया है जिसने बालेंद्र को छब्बीस मई दो हजार तेईस को चुन कर भेजा था जिसे एक माह के अंदर ही बाईस जून को हटवाने का कार्य कर डाला। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत के कर्मचारी विधायक के पेट्रोल पंप और भट्ठों पर कार्य करके वेतन नगर पंचायत से लेते थे जिसके विरोध करने पर उनके एक सहयोगी ने मैनेज करने की बात कही जिसको स्वीकार नहीं करने पर अध्यक्ष पर आरोप लगा कर फर्जी पेपर तैयार किए गए जिसको फ़ॉरेंसिक द्वारा भी फर्जी बताया गया है जिसके पेपर दिखाकर विधायक पर नशे के कारोबारियों को संरक्षण देने सहित अनेकों गंभीर आरोप लगाए।इस अवसर पर उनके साथ विधायक कैसरगंज आनंद यादव पूर्व विधायक केश्वकेश ओझा पेशकार राव नंदेश्वर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाकियू की सभा आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (शिव) की एक सभा का आयोजन 17/11/2024 को किया गया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शिव प्रताप सिंह सिसौदिया रहे उनके साथ राष्ट्रीय प्रभारी रश्मि सिंह जिलाध्यक्ष मैनपुरी नीरज गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हाजी राहत अली खान एडवोकेट को प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता संघ नियुक्त करने के साथ प्रमाण पत्र भी भेंट किया। जिला एवं नगर के पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई जिसमें निखिलेश शर्मा एड को जिला उपाध्यक्ष मौहित गोयल को नगर सचिव निजाकत अली को जिला महामंत्री सद्दाम हुसैन को जिला सचिव निजामुद्दीन जिला सचिव अधिवक्ता संघ सऊद अली खान को नगर सचिव फ़ीरोज़ मंसूरी को जिला संगठन मंत्री शान उद्दीन को मीडिया प्रभारी आगरा मंडल सायमा खान को जिला अध्यक्ष मीडिया प्रभारी मोहम्मद शब्बीर जिला उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी फैजान अली मीडिया प्रभारी मोहम्मद तालिब मीडिया प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अजहरुद्दीन नगर सचिव मास्टर एजाज अहमद को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों की आवाज को बुलंद करने का वादा किया और कहा कि किसानों के कर्ज माफ बिजली फ्री तथा एमएसपी दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा उधर राष्ट्रीय प्रभारी रश्मि सिंह जी ने भी किसानों की आवाज को बुलनद करने का वादा किया हाजी राहत अली खान एडवोकेट ने कहा कि वह और उनका अधिवक्ता समाज पूरी तरह से भारतीय किसान यूनियन शिव के साथ है जो भी कोई दिशा निर्देश अध्यक्ष जी देंगे उनका पूरा पालन किया जाएगा हर प्रकार की कानूनी सहायता करने के लिए अधिवक्ता समाज हमेशा किसान भाइयों के साथ खड़ा है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्दोषों का पालन सदैव करता रहेगा।


## कार्यालय : नगर निगम अयोध्या।

पत्रांक : 1371/न.नि. अयो/2024 दिनांक : 18 नवम्बर 2024

### खुले में शौच से मुक्त (ODF + +) हेतु आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' के अन्तर्गत नगर निगम अयोध्या के 60 वार्डो को खुले में शौच मुक्त (ओ0डी0एफ0 + +) क्यू0सी0आई0 टीम द्वारा किया जा चुका है। वर्तमान में नगर के सम्मानित पार्षदों एवं नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से समस्त 60 वार्डो को पूर्ण रूप से खुले में शौच से मुक्त कर ODF+ + के पुनः प्रमाणीकरण किये जाने हेतु समस्त वार्डो मे ODF + + के मानक के अनुरूप यदि किसी भी व्यक्ति/सामाजिक संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव है तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के 02 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर निगम अयोध्या के स्वास्थ्य विभाग में किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप मे दे सकते हैं जिससे उनका निस्तारण कर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

(अनिल कुमार सिंह)
अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ
प्रभारी एस.बी.एम.
नगर निगम अयोध्या।


# अमर शहीद की स्मृति में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

- 8 दिसंबर को होने वाले वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के नाम की घोषणा बाकी

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** अमर शहीद खुदीराम बोस की स्मृति में आजाद समाज सेवा समिति द्वारा 8 दिसंबर को होने वाले 29 वें वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर नगर के एक मैरेज लान मे रविवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे आजाद समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम को वृहद बनाने के लिए समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों को कार्य के प्रति उनकी एक एक करके जिम्मेदारियों से उन्हें अवगत कराया। बैठक में जिला अध्यक्ष ने समिति के पदाधिकारीयों से उनकी राय भी मांगी। पदाधिकारीयों ने कहा कि जो पदाधिकारी समिति की बैठक में भाग नहीं ले रहे लगातार अनुपस्थित हो रहे हैं, उनको निष्कासित कर, नए युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए, साथ ही साथ 8 दिसंबर को होने वाले वार्षिकोत्सव को वृहद बनाने के लिए मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के नामों की घोषणा संस्था के संस्थापक व राज्यसभा सांसद से विचार विमर्श के बाद ही किया जाएगा। कार्यक्रम का अंतिम रूप देने के लिए आगामी 1 दिसंबर को बैठक आहूत की गई है। बैठक में मुख्य रूप से मकसूद, श्याम नारायण पांडे, राजू नेता, ओम प्रकाश, अब्दुल मन्नान, आलोक कुमार, सरदार जेपी सिंह, रविंद्र बहादुर सिंह, गिरीश तिवारी, आशीष द्विवेदी, मोहम्मद यूनुस, अरविंद कुमार यादव, विनोद रावत, धर्मराज, धर्मेंद्र जायसवाल, दिलीप कुमार सिंह, रवि दूबे ,रविंद्र तिवारी, अजय कुमार सिंह, अनिल करी, आज दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# मित्र हो तो कृष्ण-सुदामा जैसा, श्री मद भागवत कथा का विश्राम दिवस

अवधनामा संवाददाता



**धनपतगंज,सुल्तानपुर।** श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर बाल व्यास मधुर जी महराज ने सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा बहुत ही मार्मिक ढंग से बताया। सुदामा के बारे में बताया कि कृष्ण सुदामा की मित्रता का गोदान पूरी दुनिया करती है। सुदामा इतने गरीब थे कि अपने परिवार को भरपेट भोजन भी नहीं करा पाते थे।पत्नी के बार-बार कहने के बावजूद वह श्री कृष्ण के पास सहायता मांगने के लिए तैयार नहीं होते थे। सुदामा चरित्र से हमको यह सीट मिलती है कि कठिनाइयां में हमें किस तरह से संघर्ष करना चाहिए और घर बनाए रखना चाहिए। बुरे दिन से परेशान होकर भी सुदामा श्री कृष्ण के पास मदद मांगने के लिए तैयार नहीं हुए। कृष्ण और सुदामा का प्रेम यानी सच्ची मित्रता यही थी कि उन्होंने सुदामा को अपने से भी ज्यादा धनवान बना दिया था। दोस्ती के इसी नेक इरादे का लोग उनकी मित्रता की मिसाल देते हैं। जीवन में आई मछियों का सामना करने की सीट हमें सुदामा से ही मिलती है भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष हुआ, भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया।बाल व्यास मधुर जी महाराज जी के द्वारा बताया गया कि राजा परीक्षित ने 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा सुनी, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल जाता है। श्राप का निर्धारित समय आने पर तक्षक उन्हें डस लेता है जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। राजा परीक्षित भगवान कथा के प्रभाव से परमधाम को जाते हैं। श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर पत्रकार संतोष पाण्डेय ने सभी कथा भक्तों को पूर्ण मन से कथा श्रवण करने के लिए धन्यवाद दिया। कथा में शामिल अनुराग शास्त्री ने कहा कि मानव उद्धार का मार्ग प्रभु की भक्ति ही है।इस पावन अवसर पर डॉ आर के मिश्र बल्ड बैंक प्रभारी, रणधीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कुड़वार, त्रिभुवन नाथ तिवारी शिक्षक, रमा शंकर मिश्र संकुल शिक्षक, कैप्टन के के पाठक, रजनीश मिश्रा अध्यक्ष अटल सेना, प्राचार्य इंटर कॉलेज वलीपुर अनिल तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश दुबे निर्माण, शीतला प्रधान, शिव प्रसाद दुबे, राम कृष्ण दुबे, मुन्ना दुबे, सुरेंद्र तिवारी शिक्षक, शिव नाथ यादव, वरुण तिवारी, सहित सैंकड़ों कथा प्रेमियों ने पाण्डेय परिवार के साथ कथा श्रवण किया।


## कार्यालय : नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :- 666/ज0क0वि0न0नि0अयो0/अल्पकालीन निविदा/2024-25 दिनांक :- 18/11/2024

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

नगर निगम अयोध्या में नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के उपरान्त आगामी दीपोत्सव महोत्सव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए 08 नग डबल लेयर्ड एस0एस0 वाटर टैंक प्याऊ मय एम0एस0 स्टैण्ड टैंक क्षमता 1000 लीटर की आपूर्ति कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा निविदा बाक्स के माध्यम से आमंत्रित की जानी है, तत्क्रम में दिनांक 26/11/2024 तक महाप्रबन्धक (जल) के कक्ष मे रखी सीलबन्द निविदा पेटिका में निविदायें पूर्वाहन 10.00 बजे से 3.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जायेगी, तथा उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष 04.00 बजें खोली जायेगी। इच्छुक फर्मे/ठेकेदार निविदा प्रपत्र दिनांक 19/11/2024 से 25/11/2024 तक कार्यालय नगर निगम अयोध्या के जलकल विभाग से प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। अति अल्पकालीन निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे संलग्न है। अति अल्पकालीन निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम अयोध्या के नाम राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं होगा। नगर आयुक्त महोदय को बिना कोई कारण बताये अति अल्पकालीन निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | G.S.T सहित स्वीकृत आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य + 18% G.S.T | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 08 नग डबल लेयर्ड एस0एस0 वाटर टैंक प्याऊ मय एम0एस0 स्टैण्ड टैंक क्षमता 1000 लीटर की आपूर्ति कार्य हेतु। | 7,55,000.00 | 64,000.00 | 1770.00 | 15 दिवस |

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या

# प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दिया जायेगा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी की अनुमति से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिनांक 18.11.2024 से 21.11.204 तक डिस्लेक्सिया व अटेंशन डेफिसिट एण्ड हाइपर एक्टिविटी सिन्ड्रोम से प्रभावित बच्चों के पठन पाठन हेतु मास्टर ट्रेनर तैयार किये जाने के दृष्टिगत इस विधा के उच्च कोटि के चिकित्सकों एवं प्रशिक्षकों के माध्यम से विभिन्न स्तर एवं विभागों के अध्यापकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दिया जायेगा। प्रशिक्षण का शुभारम्भ सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डायट के प्रशिक्षण हॉल में दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि डिस्लेक्सिया किसी बच्चे की बुद्धिमत्ता का प्रतिबिम्व न होकर वास्तव में उनकी योग्यता और उपलब्धि के बीच अन्तर के रूप में परिभाषित किया जाता है। डिस्लेक्सिया एक सीखने सम्बंधी विकार है। जिसमें भाषण ध्वनियों की पहचान करने और कुछ सीखने में समस्या होती है। यह भाषा में ध्वनियों को पहचानने और उनका उपयोग करने की बच्चे की क्षमता को प्रभावित करता है। बच्चे को शब्दों को समझने, पढ़ने लिखने और वर्तनी में कठिनाई होती है। इसके लक्षण कक्षा 3 तक आते-आते बच्चे में प्रतिविम्वित होने लगते हैं। जिसको हम विशेष रणनीतियों के साथ शैक्षणिक माध्यमों से काफी हद तक ठीक कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेसिक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में पंजीकृत स्वै0 संस्थाओं के 50 अध्यापकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित करने के लिए राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई एवं जिला अस्पताल के साइक्लोजिस्ट, क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट के साथ साथ इस क्षेत्र के प्रवीण विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डायट , डा0 उदभव तिवारी, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई, डॉ0 उष्मा तिवारी, क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट एवं लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एक बार फिर सरकारी धन लूटने की कोशिश

**मौदहा हमीरपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी धन के लूट खसोट का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों को कस्बे के स्कूलों का अतिरिक्त वित्तीय चार्ज देकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। कस्बे के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आएदिन ऐसे अजीबोगरीब आदेश जारी होते हैं जिनपर विचार करना भी मुश्किल होता है। शिक्षा विभाग के निदेशक सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने बार बार आदेश जारी कर शिक्षकों की सम्बद्धता समाप्त कर उन्हें उनके मूल विद्यालय भेजने पर जोर दिया था जिसके बाद मजबूरी में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने चहेते ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों जिन्हें कस्बे के स्कूलों का अतिरिक्त वित्तीय चार्ज दिया गया था को उनके मूल विद्यालय भेज दिया लेकिन आदेश का पालन अधिकारियों ने एक तिमाही भी न करते हुए अपने चहेते ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात शिक्षकों को फिर से कस्बे में बुलाकर उन्हें तीन तीन स्कूलों का वित्तीय चार्ज देना शुरू कर दिया है।जिससे कस्बे के स्कूलों में पड़ी सरकारी धनराशि का दुरुपयोग हो रहा है।

# हमीरपुर में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

**137 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह संपन्न**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्तगत आज जनपद के कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 137 जोड़ों का सामूहिक विवाह सौहार्दपूर्ण माहौल में विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। इसमें 136 हिंदू जोड़े तथा 01 मुस्लिम जोड़ा शामिल था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य पंडाल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी घनश्याम मीना व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ हुआ। कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विवाह कार्यक्रम में आए हुए जोड़ों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किया गया इस मौके पर नवविवाहित जोड़ो को जिलाधिकारी सहित अन्य अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की पुत्रियों का विवाह कराया जाता है, यह योजना बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो रही है। प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक/ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है तथा उनको रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से समाज के अन्तिम छोर पर खड़े गरीब व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है। इसके अलावा इस विवाह समारोह में सभी लोगो का आपसी सामंजस्य एक-दूसरे के प्रति लगाव को दर्शाता है। जिसके तहत जनपद के विभिन्न धर्म तथा समुदाय के लोगों ने समारोह में हिस्सा लिया। उन्होनें योजना की तारीफ करते हुए कहा कि सामजिक समरसता की दिशा में यह योजना वरदान साबित होगी।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री कुलदीप निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीब एवं असहाय परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराया जा रहा है। सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सभी समुदाय एवं धर्मो के रीति रिवाजों के अनुसार व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पहले के समय में लड़कियों की शादी करना माता पिता के लिये एक बड़ी जिम्मेदारी का कार्य होता था। जिसके लिये गरीब परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था। जिससे उनकी आर्थिक स्थति कमजोर हो जाती थी। समाज के हर पहलू को देखते हुए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवविवाहित वर-वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो, निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के अंदर निवास करने वाले सभी समुदायों व वर्गो के व्यक्तियों के लिए संचालित है।

# महिला पत्रकारों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कार्यवाही की मांग

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिले के महिला पत्रकारों के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने वाले इकबाल खान नाम के एक मान्यता प्राप्त पत्रकार के ऊपर कार्यवाही को लेकर सभी महिला पत्रकारों ने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के बैनर तले जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता की अगुवाई में उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।जिसके बाद उच्चाधिकारियों ने जांच के बाद आरोपी पत्रकार के ऊपर कठोर कार्यवाही का भरोसा दिया है। महिला पत्रकारों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उनके द्वारा विभिन्न संस्थाओं से अधिकृत होकर रिपोर्टर के रूप में कार्य कर रहीं है तथा समाज की विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के सामने उजागर करके जनता और अधिकारियों के बीच की कड़ी बन रही है तथा समस्याओं का निस्तारण करवा रही है। बीते 12 नवंबर को इकबाल खान नाम के एक मान्यता प्राप्त पत्रकार ने दैनिक जन संपर्क भारत और दैनिक मोरैना नामक समाचार पत्र के माध्यम से महिला पत्रकारों के ऊपर अभद्र टिप्पणी की है। जिसके बाद उसी तथाकथित मान्यता प्राप्त पत्रकार ने उसी अखबार की कटिंग ग्रुपों में वायरल की। जिसमे लिखा गया कि इंद्रा नगर में एक महिला पत्रकार है जिसको उसके पति नें भगा दिया है ,महिला पत्रकारों को अपराधी, नकली दवा बेचने, अनपढ़, ब्लैक मेलिंग सहित अन्य लेख लिखा गया है द्य जिसके बाद से महिला पत्रकार के मान सम्मान को ठेस पहुंची है। महिला पत्रकारों ने आरोपी मान्यता प्राप्त पत्रकार से अपने ऊपर किसी अप्रिय घटना करने का भी अंदेशा जताया है वहीं जेडीयू कि महिला नेत्री शालिनी पटेल नें कहाँ हमारे देश कि महिला राष्ट्रीयपति है, डॉक्टर, पायलट है वैसे भी हमारा बुंदेलखंड पिछड़ा क्षेत्र है यहाँ महिलाएं वैसे भी बहुत कम निकलती है।21 वी शदी में हमारी पत्रकार बहनें गाँव घर से निकल रहीं है काम क़र रहीं है लोगों कों न्याय दिलाने का काम क़र रहीं अखबारों में लिख रहीं है उन्होंने यह भी कहाँ कि जिसने भी महिलाओं के लिए असौभनीय भाषा में लिखकर पेपर कटिंग वायरल किया है ऐसे मान्यता प्राप्त पत्रकार कि मान्यता समाप्त कि जाएं ऐसे लोगों कि जगह घर में नहीं जेल में होनी चाहिए।

# फिल्म सोचंपा को मिला बेस्ट सोशल एंड एजुकेशनल फिल्म का अवार्ड

**यह अवार्ड हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है: राम जनम**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** ताज अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह में जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्म सोनचंपा को बेस्ट सोशल एंड एजुकेशनल फिल्म का अवार्ड मिला। यह अवार्ड फिल्म की टीम को आगरा में हुए फिल्म महोत्सव के समापन समारोह के दौरान प्रदान किया गया। फिल्म के निर्देशक राम जनम सिंह द्वारा यह अवॉर्ड प्रसिद्ध संगीतज्ञ शंकर साहनी तथा ग्लोबल ताज अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह के परिकल्प निर्देशक सूरज तिवारी के कर कमलों द्वार प्राप्त किया गया। इस अवसर पर फिल्म टीम के सदस्य स्कंदा राठौर, मंजू भदौरिया, वीनस सिंह सेंगर तथा अभय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। फिल्म के निर्देशक राम जनम सिंह ने इस अवार्ड के लिए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह अवार्ड मिलने पर बहुत गर्व और खुशी है। यह अवार्ड हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है तथा हमे निरंतर अच्छा कार्य करने को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि वे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार तथा विभाग के अन्य सभी अफसरों के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें इस कार्य का अवसर तथा सहयोग दिया।

फिल्म सोनचंपा सामाजिक और शैक्षिक मुद्दों पर केंद्रित है। इस फिल्म में महिलाओं के मासिक धर्म से जुड़ी हुई रूढ़ियों और अज्ञानताओं को उजागर करते हुए स्वच्छता अपनाने और अंधविश्वासों से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया है और इसका उद्देश्य दर्शकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और प्रेरित करना है। इस फिल्म में हिंदी फिल्म तथा टेलीविजन के प्रसिद्ध अभिनेता आरिफ शहडोली ने भी अभिनय किया था। सोन चंपा की मुख्य भूमिका स्कन्दा राठौर ने निभाई थी। फिल्म की टीम ने इस अवार्ड के लिए अपने समर्थकों और शुभेच्छुओं का धन्यवाद किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा फिल्म की टीम को सम्मानित करने की बात कही है।

## नहीं रुक रही ट्रैक्टर यात्रा, बड़े हादसे की आहट

**मौदहा हमीरपुर।**आवश्यक काम के लिए जाने वाले बाईक सवारों का बिना हेलमेट या बिन कागजात के चालान करने में माहिर कोतवाली पुलिस के साथ यातायात पुलिस को ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा करने वाले नजर नहीं आते हैं।जबकि प्रदेश के मुखिया भी ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा नहीं करने का आदेश अधिकारियों को दे चुके हैं, जिससे एक बार फिर बड़े हादसे की आहट सुनाई देने लगी है। बीते साल हुए ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर यात्रा करने वालों के साथ बड़े हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा करने पर सख्त रोक लगाई थी लेकिन समय के साथ ही मुख्यमंत्री के आदेश को भी कचरे के ढेर में डाल दिया गया और अधिकारियों द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।बताते चलें कि आवश्यक काम से जा रहे बाईक सवारों को जगह जगह रोककर कागजात और हेलमेट के नाम पर चालान करने वाली यातायात पुलिस के साथ ही कोतवाली पुलिस को कस्बे से बेधड़क ट्रैक्टर ट्राली में भरकर जाते हुए लोग दिखाई नहीं देते हैं या पुलिस सिर्फ बाईक सवारों का चालान काटकर वाहवाही लूटने का काम करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में सोमवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एस एस पी ने फरियादियों की शिकायतों का गुणवक्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही इटावा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया।

### पुलिस ने एटीएम बूथ से शातिर को दबोचा युवक के पास से कई कार्ड बरामद



**सुमेरपुर,हमीरपुर।** पुलिस ने एटीएम से छेड़खानी कर रहे युवक को दबोच लिया। युवक एटीएम से छेड़खानी कर रुपए निकालने की फिराक में था। तभी एटीएम संचालक की उस पर नजर पड़ गई। युवक को पकड़कर उसे पुलिस को सौंप दिया। युवक के पास से कई एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। सुमेरपुर कस्बे के बस स्टैंड स्थिति यहां एक निजी एटीएम लगा है। जहां एक युवक जब एटीएम से छेड़खानी कर रुपए निकालने की कोशिश में लगा था। तभी सीसीटीवी पर संचालक की नजर पड़ गई। युवक की गतिविधियां संदिग्ध थी। जिसे देख कर संचालक ने पुलिस बुला ली। संचालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को एटीएम के अंदर ही दबोच लिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि कानपुर देहात का रहने वाला है। उसके पास से कई एटीएम बरामद हुए हैं। इस एटीएम से पहले भी इसी तरह से एक लाख रुपए निकाला जा चुका है। अब जब यह युवक पकड़ा गया है, तो उम्मीद है कि उस एक लाख की निकासी का भी खुलासा हो जाएगा।

### एनसीएल जयंत परियोजना ने सीएसआर के तहत बच्चों को बांटे स्कूल बैग्स



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार कि मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की जयंत परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बैगा बस्ती जयंत में बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग्स का वितरण किया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही सभी बच्चों से पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा भी की गयी। इस दौरान कुल 58 बच्चे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सीएसआर टीम जयंत परियोजना एवं स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल सिंगरौली परिक्षेत्र में शिक्षा के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है।

## सरकारी खुफिया एजेंसियों से आगे चलता है खदान संचालकों का लोकेशन तंत्र

**बाँदा।** इन दिनों मरौली खंड संख्या पांच के संचालकों की दबंगई भी दिखायी देने लगी है अभी कुछ समय पहले तक तो सिर्फ अवैध खनन एवं ओवरलोड के लिये विख्यात मरौली पांच अब अपनी दबंगई के लिये भी पहचानी जा रही है , अभी चंद दिन पहले किसानों की फसल रौंदकर अपनी मशीने नदी मे उसपार जाकर छिपायी गयी थी जिससे किसानों के साथ साथ किसान यूनियन के नेताओं ने भी अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखी थी परंतु एक सप्ताह सेअधिक समय होने के बाद भी किसानो को किसी तरह का मुआवजा खंड संचालक द्वारा नही दिया गया है। मरौली खंड पांच के संचालक की कार्यकुशलता के आगे बाँदा का सरकारी खुफिया तंत्र फेल हो गया है , जो प्रतिदिन किसानों और मीडिया की खबरों पर भी ध्यान ना देकर खंड संचालक के कारनामों पर पर्दा डाल रहे है जिससे किसानों की फसल उजाडने की शिकायत योगी सरकार तक ना पहुंच पाना भी अपने आप मे बडी बात है या फिर स्थानीय सूचना इकाईयों द्वारा अपना कार्य निष्पक्ष नही किया गया जिससे सरकार तक किसानों की पीडा ही नही पहुंच पा रही है। वहीं अगर सरकारी खुफिया विभाग जिसका काम ही आमजनमानस की पीडा सरकार तक पहुंचाना है वो भी मौरंग खनन की वास्तविक रिपोर्ट सरकार तक नही पहुंचा पा रहा है , हर छोटे बडे ज्ञापन जो उत्तर प्रदेश सरकार अथवा भारत सरकार को भेजे जाते है वो तो बराबर सरकार तक पहुंच जाते है परंतु जब भी अवैध मौरंग खनन या मौरंग खनन व्यवसायियों द्वारा किसानों को पीडित किया जाता है उसकी रिपोर्ट सरकार तक शायद ही पहुंचती होगी। लोकल इंटैलीजेंस, स्पेशल इंटैलीजेंस के साथ साथ केंद्र सरकार की खुफिया ऐजेसी आईबी भी मौरंग खनन मे चुप्पी साधकर बैठ चुकी है जिससे सरकार को किसानों की पीडा नही सुनायी दे रही है। अब जब किसानों और आम जनमानस जो मौरंग की शिकायते करता है उनकी बात को उपरोक्त एजेंसियां सरकार तक नहीं पहुंचा पा रही है तो उनकी कार्य क्षमता पर भी बडा प्रश्न चिन्ह उठ रहा है अब।

# झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड में 7 मासूमों को बचाया, जुड़वा बेटियों को खोने का अफसोस

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** झांसी मेडिकल कॉलेज में हाल ही में लगी आग के दौरान हमीरपुर के राठ तहसील के रहने वाले याकूब ने अपनी जान जोखिम में डालकर 7 नवजातों की जान बचाई। लेकिन इस बहादुरी के बावजूद वह अपनी जुड़वां बेटियों को नहीं बचा सका। इस घटना ने हर किसी का दिल झकझोर दिया। याकूब, जो राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके में ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, अपनी बेटियों के इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज में था। बीते 9 नवंबर को उसकी पत्नी नजमा ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया था। सांस लेने में दिक्कत के कारण दोनों बच्चियों को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। आग लगने की खबर सुनकर याकूब ने बिना समय गंवाए अपनी मां बिल्किस और साले सोनू के साथ वार्ड की खिड़की तोड़ी और अंदर घुस गया। मुंह पर कपड़ा बांधकर उसने एक-एक कर सात नवजातों को सुरक्षित बाहर निकाला। याकूब ने बताया, उस वक्त सिर्फ मासूमों को बचाने की सोच थी। यह नहीं देखा कि उनमें मेरी बेटियां हैं या नहीं। जब अपनी बच्चियों का ख्याल आया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग बुझने के बाद भी याकूब और उसकी पत्नी नजमा ने पूरी रात अपनी बेटियों को ढूंढने की कोशिश की। लेकिन अगले दिन शवों की शिनाख्त हुई, तब पता चला कि जुड़वां बेटियां अब इस दुनिया में नहीं रहीं। याकूब के साहसिक कार्य से जहां लोग गर्व महसूस कर रहे हैं, वहीं उसकी बेटियों की मौत से सभी गमगीन हैं। याकूब की बहादुरी की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। लेकिन एक पिता का दर्द और बेटियों को खोने का गम उसकी आंखों में साफ झलक रहा है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। आग लगने के समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने और वार्ड में अलर्ट सिस्टम के काम न करने को लेकर आक्रोश है।

# पानी के समस्याओं को लेकर तुरित करें निस्तारण: मनीष

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन जेई मनीष कुमार ने सुनी समस्या।वही तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 0. नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान सभासद मनोज चौबे ,धर्मराज जैन, सजीत ,बिमलेश, अजीत सिंह, आकाश रावत,अमित दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/ रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह के हृदय स्व0 श्रीयुत आदित्य विक्रम बिड़ला व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर हिण्डालको द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विगत 6 दशकों से संचालित इस विद्यालय से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी इस आयोजन में सम्मिलित हुए जो वर्तमान में अपने राष्ट्र व समाज की सेवा कर रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल जी एवं उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल जी के साथ पूर्व विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया। साथ ही सभी ने श्रीयुत आदित्य विक्रम बिड़ला जी व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि देकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने संगीत शिक्षिका ज्योति मिश्रा के निर्देशन में खूबसूरत स्वागत गीत एवं एक संगीतमय लघुनाटिका प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय के इतिहास व उपलब्धियों से अवगत कराया और आषा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भूतपूर्व विद्यार्थी वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

इस अवसर पर भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका उन्होंने भरपूर लुत्फ उठाया। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को उपस्थित वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा उन्हें सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। भूतपूर्व विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य व उप-प्रधानाचार्य ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य व उप-प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम तथा विद्यालय की प्रशंसा करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी और कहा कि यह विद्यालय स्वयं के साथ-साथ हिण्डालको संस्थान को भी गौरवान्वित कर रहा है। शिक्षिका डॉ स्मिता सिंह द्वारा संयोजित इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका देव ज्योति चैधरी ने किया। सूक्ष्म जलपान के साथ सम्पन्न होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कला शिक्षक सत्येन्द्र सिंह के साथ-साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# एनसीएल निगाही में सम्पन्न हुई अंतर-क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में अंतर-क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगिता 14 नवंबर से 16 नवंबर 2024 तक आयोजित की गयी जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 मैच खेले गए।

समापन समारोह के दौरान महाप्रबंधक (निगाही) सुमन सौरभ द्वारा मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। इस दौरान अपने अपने उद्बोधन में उन्होनें विजेता टीम को बधाई दी एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए खेल-कूद को महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थित सभी से खेल-कूद को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर कंपनी स्तरीय जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई प्रतिनिधि, निगाही परियोजना से जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्षगण, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। **निगाही टीम रही विजेता** अंतर-क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच निगाही एवं दुधीचुआ की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान निगाही टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 3-0 से दुधीचुआ टीम को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान नलिन कुमार वैश्य (निगाही) मैन ऑफ द मैच, अरुण वैश्य (निगाही) बेस्ट अटैकर, सुजीत कुमार (झिंगुरदा) बेस्ट सेटर एवं गोपाल बिष्ट (दुधीचुआ) बेस्ट डिफेंसर के रूप में चुने गए। समापन समारोह के दौरान गौरव बाजपाई, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु रेफरी एवं सभी टीम के खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञपित किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु ऐसी अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# झामुमो ने मोदी द्वारा भेजे गए केंद्रीय धन को लूटा: सीएम योगी



अवधनामा ब्यूरो

**जामताड़ा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन पर हमला तेज करते हुए उस पर प्राकृतिक संसाधनों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गए केंद्रीय धन को ''लूटने'' का आरोप लगाया। जामताड़ा के नाला में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, ''झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों और मोदी द्वारा भेजे गए केंद्रीय धन को लूट लिया है। इसने बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ को भी बढ़ावा दिया है, जिससे 'बेटी, माटी, रोटी' के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। अब, लूटे गए धन को वापस लेने के लिए बुलडोजर तैयार है।''

आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि रेत, कोयला और वन संसाधनों के अनियंत्रित दोहन सहित अवैध खनन सत्तारूढ़ गठबंधन के संरक्षण में फल-फूल रहा है और माफिया की गतिविधियों के कारण झारखंड खोखला हो गया है। उन्होंने झामुमो नीत सरकार पर झारखंड में ''भूमि जिहाद'' में शामिल घुसपैठियों को समर्थन देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आई तो ऐसी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस-झामुमो गठबंधन पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में बाधा डाली थी। आदित्यनाथ ने कहा, ''अब वे अपनी विभाजनकारी राजनीति के जरिए झारखंड के लोगों की जिंदगी से खेल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनसे सुरक्षित रहने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

## हेरिटेज जोन को संवारेगा एलडीए

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत से शहर की सड़कों, पार्कों व हेरिटेज जोन को संवारेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार को क्षेत्रीय अवस्थापना निधि की बैठक में विकास एवं सौंदर्यीकरण के 47 कामों को मंजूरी दी। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार से स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क और रिवर फ्रण्ट में एडवेंचर जोन विकसित किया जाएगा। बैठक के दौरान निजी कम्पनियों ने एडवेंचर जोन में विकसित की जाने वाली मनोरंजक गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण दिया। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अवस्थापना निधि से विकास एवं सौंदर्यीकरण के 47 कामों को मंजूरी दी गयी, जिसमें 5 करोड़ रुपये की लागत से शहर के नजूल पार्कों में प्रकाश व्यवस्था व नलकूपों का सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा 3.5 करोड़ से हेरिटेज कॉरीडोर में रेजीडेंसी के बाहरी क्षेत्र में प्लेसमेकिंग का काम और 3 करोड़ रुपये से शहर के अलग-अलग स्थानों पर कलात्मक वाल पेंटिंग कराई जाएगी।



बीएन कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी द्वारा बी एन क्रिकेट लीग एवं बीएन महिला क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। क्रिकेट लीग का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष महेश सिंह पटेल एवं उपाध्यक्ष रजत सिंह पटेल द्वारा किया गया।

## स्टेट तक तकमिलउततीब युनानी कॉलेज एलुमनाई का स्वर्ण जयंती समारोह संपन्न




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सीपीटी युनानी कॉलेज औरंगाबाद बिजनौर लखनऊ के कैंपस में एसटीडी युनानी कॉलेज एलुमनाई का स्वर्ण जयंती समारोह संपन्न हुआ समारोह की अध्यक्षता 1955 बैच के डॉक्टर यासीन कामिल ने की -समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर जब्बार भी 1955 बैच के एसडी कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं।

चिकित्सकों को जिन्हें बी.यू. एम.एस. पास किए हुए 50 वर्ष या उससे अधिक वर्ष हो गए हैं उनको सम्मानित किया गया एवं समारोह के सुपर सीनियर चिकित्सकों के द्वारा समॉरोह में कबूतर उड़ाकर देश में शांति का संदेश देने की एक अच्छी पहल की गई क्योंकि चिकित्सक हमेशा शांति प्रिय होता है और वह अहिंसा में विश्वास करता है समारोह में डॉक्टर सिराज अंसारी ने एस.टी.टी.कालेज कॉलेज के इतिहास को संक्षिप्त में बहुत अच्छे से बताया कि हकीम अब्दुल अजीज ने किस तरह इस कॉलेज की स्थापना की जो की यूनानी का सबसे पुराना कॉलेज है समारोह में देश के कोने-कोने से आए तक मिलियन ( एस टी टी कॉलेज से पास चिकित्सकों ) ने अपने वर्षों पुराने बिछड़े हुए साथियों के साथ भावनात्मक पल बिताए और सब ने उक्त समारोह को एक आवाज में प्रशंसा की।

समारोह के संयोजक डॉक्टर तौकीर राजा डॉक्टर नियाज़ हकीम ख्व़ावर नवाब ने सभी चिकित्सकों का स्वागत किया एवं उनके लखनऊ आकर समारोह को कामयाब बनाने के लिए उनका आभार प्रकट किया।



लखनऊ शिया पीजी कॉलेज में उर्दू मर्सिये पर लेक्चर देते डॉ सै. तक़ी आब्दी उसके बाद पुस्तक किरतासे अमानत का विमोचन करते आयतुल्लाह हमीदुल हसन, मौलाना सायम मेंहदी, डॉ सै. तकी आब्दी, मौलाना यासूब अब्बास व अन्य

## सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करने को लेकर गोष्ठी

**लखनऊ।** 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह-2024 के अवसर पर आज उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि., लखनऊ की ओर से कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान ;।ब्ज्ध्द्ध, इन्दिरा नगर, लखनऊ में ''सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत को करना'' विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ.प्र. बी.एन. सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में यह अपेक्षा की गयी कि सभी सहकारी संस्थाओं को आपस में मिल कर परस्पर सहयोग एवं अत्याधुनिक तकनीक यथा-इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, ह्वाट्सएप ग्रुप्स एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स (ए.आई.) के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सहकारिता आन्दोलन को प्रतिस्पर्धी एवं पारदर्शी बनायें और जनता में सहकारिता की मजबूत जड़ों को पुनः स्थापित करके प्रदेश के सतत् विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी का निर्वहन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### महानिदेशक संरक्षा, रेलवे बोर्ड का आरडीएसओ दौरा



**लखनऊ।** महानिदेशक संरक्षा, रेलवे बोर्ड एच. एस. वर्मा जी ने दिनांक 18.11.2024 को आरडीएसओ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेल में संरक्षा से सम्बंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की एवंअपने संबोधन में रेल संरक्षा से सम्बंधित सुधारात्मक सुझाव दिए। इस बैठक में उदय बोरवणकर, महानिदेशक, आरडीएसओ ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेल से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

### सूर्यमित्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के चिनहट, लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में उ0प्र0 सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत सोलर पी0वी0 इन्सटालर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित सूर्यमित्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं प्रतिष्ठित फर्मों में से 14 फर्मों द्वारा प्रतिभाग किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव के लिए रोडिक कंसल्टेंट्स ने विकसित किया साज़ ऐप

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रोडिक कंसल्टेंट्स, अग्रणी इंजीनियरिंग एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग कंपनी, ने साज़ '' (सेहत और आरोग्य की जानकारी) ऐप विकसित किया है जो कि बिहार के सभी निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं तक सहज पहुंच बनाने के लिए एक उत्कृष्ट डिजिटल प्लेटफार्म है। बिहार सरकार के लिए विकसित किया गया यह ऐप रोडिक कंसल्टेंट्स की अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और सभी निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के अनुभव को बेहतर बनाने का काम करता है। यह ऐप अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें सेवा की उपलब्धता का रियल टाइम डेटा भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुँच बनाने में आने वाली दिक्कतों को कम करेगा। रोडिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) राज कुमार ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण परियोजना को जीवंत बनाने के लिए बिहार सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। साज़ ऐप, तकनीक का उपयोग करके स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने और बिहार के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साज़ ऐप का लॉन्च बिहार सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को बढ़ावा देने की दृष्टि के अनुरूप है, जो बिहार के सभी निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ और कुशल बनाता है।

21




**साज़ '' ऐप के प्रमुख फीचर्स है**

**अस्पताल लोकेटर:** ऐप, उपयोगकर्ता के स्थान के आधार पर पास के अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की सूची देता है, जिससे लोगों को निकटतम उपचार विकल्प खोजने का एक सुविधाजनक तरीका मिलता है।

**नेविगेशन सहायता:** उपयोगकर्ता इन-ऐप मानचित्र सुविधा के जरिए अपने चयनित अस्पताल का मार्ग देख सकते हैं, जिससे सुविधा तक पहुंचना आसान हो जाता है।

## स्व. नजमुल हसन उत्कृष्ट प्रशासनिक अधिकारी के साथ बेहतरीन इंसान भी थे: प्रो. दिनेश शर्मा



■ नजमुल हसन ज़ैदी जैसा व्यक्तित्व लोगों के दिल में सदैव जीवित रहेगा: डॉ0 अम्मार रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे स्व नजमुल हसन ज़ैदी की स्मृति में लखनऊ विश्वविद्यालय के हरि कृष्ण अवस्थी सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद प्रो दिनेश शर्मा ने अपने भाषण में नजमुल हसन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे याद है कि मेरे छात्र जीवन में नजमुल हसन ज़ैदी साहब प्रशासनिक पद पर रहते हुए न केवल अधिकारीयों/कर्मचारियों बल्कि छात्र/छात्राओं से भी बहुत आत्मीयता रखते थे। प्रो शर्मा ने बहुत सी स्मृतियों को साझा किया।

पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता डॉ अम्मार रिज़वी ने नजमुल हसन से अपने पारिवारिक सम्बन्धो का जिक्र करते हुए कहा कि नजमुल ज़ैदी जैसी प्रतिभा के धनी लोग कभी मरते नहीं है बल्कि हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ऐरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रो अब्बास अली मेंहदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नजमुल हसन ज़ैदी की सरल व सौम्य जीवनशैली और आत्मीयता को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो आरुप चक्रवर्ती ने की। अन्य महानुभावों में पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी, अमीर हैदर एडवोकेट, मौलाना यासूब अब्बास, प्रो वीडी शर्मा, प्रो सुलेमान रिज़वी, इंसराम अली, जमील हसन नक़वी, डॉ हारुन रिज़वी इत्यादि अन्य महानुभावों ने शिरकत की।

